**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 04 जून, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 150, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 304 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट आयी और सेंसेक्स 303 .67 अंक यानी 0 .41 प्रतिशत टूटकर 74,346 .17 अंक पर बंद हुआ। } 10

## एनईसी के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पर्यटन, कृषि, बागवानी और निवेश प्रोत्साहन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। } 10



## अंतिम चरण में भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

### दोनों देशों में लगभग 99 प्रतिशत मुद्दों पर बनी सहमति

एजेंसी

मुम्बई। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता लगभग 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है और दोनों देश शेष एक प्रतिशत लंबित मुद्दों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बहुप्रतीक्षित समझौते पर अगले कुछ सप्ताह में हस्ताक्षर हो सकते हैं।

मुंबई में सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में गोर ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल इस समय समझौते पर बातचीत के लिए भारत में है। एक अधिकारी के अनुसार, प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने के लिए भारत और अमेरिका के शीर्ष वार्ताकारों ने मंगलवार को तीन दिवसीय वार्ता शुरू की। समझौते का प्रारूप फरवरी में तैयार कर लिया गया था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं, जबकि भारत की ओर से वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार हैं। गोर ने कहा अंतरिम व्यापार समझौते का अधिकांश हिस्सा तय हो चुका ...शेष पृष्ठ 10 पर



## दुस्साहस करने वालों को पाताल से खोजकर निकालेंगे : योगी

### गरीबों का हक छीनने, व्यापारियों को धमकाने व बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ेगी नहीं सरकार

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और उद्यम के लिए सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी है। सुरक्षा के बिना न सुशासन आ सकता है और न ही समृद्धि। 2017 के बाद से सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ी है। इस नीति से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जीरो टॉलरेंस की नीति न मानने वाले जिस बोली-भाषा में समझेंगे, उसी में समझा दिया जाएगा, लेकिन किसी को नौजवानों के रोजगार पर डकैती नहीं डालने दी जाएगी।

सीएम योगी बुधवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले और प्रदेश के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण तथा गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए ईडब्ल्यूएस-एलआईजी आवासीय परिसर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गीडा के विभिन्न सेक्टर्स के लिए करीब 208 करोड़ रुपये के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस व एलआईजी भवन के आवंटियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। औद्योगिक भूमि के आवंटियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र प्राप्त हुए। सीएम ने नाइलिट से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी ने सुरक्षा का एक मॉडल उपलब्ध कराया है। इससे औद्योगिक विकास हुआ और लाखों नौजवानों को रोजगार मिला। अकेले गीडा में पिछले कुछ वर्षों में 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। सुरक्षा का माहौल बने बिना यह संभव नहीं था। सरकार ने तय किया है कि विकास की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी, सुरक्षा सबको मिलेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिलेगा। पर, किसी ने गरीबों का हक छीनने की कोशिश की, व्यापारियों को धमकाने की कुत्सित प्रयास किया या बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया तो सरकार छोड़ेगी नहीं। ऐसे लोगों को पाताल से भी खोजकर निकाल लाएंगे। यूपी में जीरो टॉलरेंस के भाव से यही कार्य किया जा रहा है। सीएम योगी ने ...शेष पृष्ठ 10 पर



# दिल्ली के होटल में आग, 21 की मौत

### ❍ 6 विदेशी नागरिकों की मौत ❍ 40 लोगों को इमारत से सुरक्षित निकाला बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में स्थित एक होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें वे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके बीमार रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर स्थित उस होटल के मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया है।

मालवीय नगर के हौज रानी स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुबह करीब 8:30 बजे आग लगी और देखते ही देखते फैल गई, जिससे लोग स्तब्ध रह गए। कई स्थानीय लोगों सहित बचावकर्मी पांच मंजिला संकरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। लगभग 40 लोगों को इमारत से निकाला गया है। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति के तहत होटल को केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन वह 25 कमरे का उपयोग कर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

नयी दिल्ली। दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में बुधवार को आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत के संबंध में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालवीय नगर स्थित पांच मंजिला होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में बुधवार सुबह भीषण आग गई। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी हैं जो मुख्य रूप से मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों के थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार होटल मालिक के घर पर एक टीम भेजी गई। उन्होंने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गोद में बच्चा लेकर महिला तीसरी मंजिल से कूदी

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल की पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग से जान बचाने के लिए अलग-अलग मंजिल से कई लोगों ने सड़क पर स्थानीय लोगों द्वारा बिछाये गये गद्दे पर छलांग लगा दी, जिनमें वह महिला भी शामिल थी, जिसकी गोद में एक बच्चा था।

मालवीय नगर के भीड़भाड़ वाले हौज रानी इलाके में स्थित होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में बुधवार सुबह आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा, पुलिस और आपदा राहत इकाइयों की टीमें बचाव अभियान में लगी हुई थीं। इस दौरान कम से कम 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया। घना काला धुआं निकलने और आग के तेजी से इमारत में फैलने के बीच घबराए हुए लोग खिड़कियों के शीशे तोड़ते, खुले स्थानों से बाहर झांकते और मदद के लिए गुहार लगाते नजर आए। सीढ़ियां और आंतरिक गलियारे धुएं से भर जाने के कारण, कई मेहमानों के पास इमारत से नीचे कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग से बचने के प्रयास में कम से कम छह लोगों ने इमारत की विभिन्न मंजिलों से छलांग लगा दी। इनमें एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कैबिनेट निर्णय : सरकारी अधिवक्ताओं की फीस व भत्ते में 50 प्रतिशत तक वृद्धि

### 18 शहरों में 1725 एसी इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी, जेवर एयरपोर्ट भी होगा कनेक्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार शाम आयोजित कैबिनेट बैठक ने खाद्य एवं रसद विभाग की मक्का क्रय नीति के साथ ही कारागार विभाग, सिंचाई विभाग, आबकारी विभाग, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, कृषि व स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकारी अधिवक्ताओं के भत्ते में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति कुंतल तय किया गया। मक्का की सरकारी खरीद की अवधि 5 जून से 31 जुलाई तक रहेगी और कई जिलों में मक्का खरीद की व्यवस्था लागू होगी। प्रदेश के 18 शहरों में ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर 1725 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगरीय परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाना है। कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों की ओर से स्वीकृत किए गए मानचित्रों के विनियमतीकरण तथा विकास क्षेत्र, विस्तारित विकास क्षेत्र एवं विनियमित क्षेत्रों में, जहां अभी महायोजना तैयार नहीं है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में नए शहरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए धनराशि स्वीकृत करने और व्यय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट में बंदियों की मृत्यु पर मुआवजे की नई नीति का हरी झंडी दी। जेल में बंदी की मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति को मंजूरी दी गई है। मोहनलालगंज में रजिस्ट्री दफ्तर के लिए जमीन मंजूर की गई और पांच जिलों में नई जेलों ...शेष पृष्ठ 10 पर



### पांच नये जिला कारागारों के निर्माण पर लगी मुहर

लखनऊ। कैबिनेट बैठक में प्रदेश के पांच जनपदों- मुरादाबाद, कानपुर नगर, औरैया, ललितपुर और भदोही में नवीन जिला कारागारों के निर्माण की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर 1460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। सरकार का उद्देश्य कारागारों में भीड़भाड़ कम करना, बंदियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा कारागार प्रशासन को अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनाना है। निर्णय के अनुसार मुरादाबाद में 2000 बंदी क्षमता का नया जिला कारागार 386.91 करोड़ रुपये की लागत से, कानपुर नगर में 2030 बंदी क्षमता का कारागार 384.05 करोड़ रुपये की लागत से तथा औरैया में 1056 बंदी क्षमता का कारागार 264.96 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। इसी प्रकार ललितपुर में 552 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### रेलवे परिसर में बनी मजार व मस्जिद पर चला बुलडोजर

वाराणसी। वाराणसी में जिला प्रशासन ने काशी रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर स्थित एक मजार और एक मस्जिद की इमारत को ध्वस्त करा दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह कार्रवाई जमीन के मालिकाना हक को लेकर चल रहे एक विवाद में अदालत के आदेश के बाद मंगलवार की रात को की गई। अधिकारियों का दावा था कि यह जमीन रेलवे की है। मुस्लिम पक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह मस्जिद कई सौ साल पुरानी थी और अजगैब शहीद के नाम से जानी जाने वाली यह मजार भी इस जगह पर लंबे समय से मौजूद थी।

## आधुनिक और व्यवस्थित नगर विकसित राष्ट्र की आधारशिला

### सीएम धामी ने शहरी चुनौतियों पर की चर्चा



प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत के शहर आज केवल आबादी के केंद्र नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रमुख वाहक बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सुगम यातायात, मजबूत आधारभूत ढांचा और नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। अखिल भारतीय महापौर परिषद ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ममता की तृणमूल कांग्रेस के हुए दो फाड़

### 58 बागी विधायकों ने रिताब्रता बनर्जी को चुना विधायक दल का नेता

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष ने विधायक दल के रूप में मान्यता देने संबंधी तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट की मांग को स्वीकार कर लिया है।

उन्होंने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से इसके मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य करने का अनुरोध किया है। यह घटनाक्रम, 58 बागी विधायकों द्वारा तृणमूल से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी को विधायक दल के नेता के रूप में समर्थन देने और विधानसभा अध्यक्ष रतींद्र बोस को अपने इस निर्णय से अवगत कराये जाने के बाद हुआ है।



विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद, रिताब्रता बनर्जी ने प्रेसवार्ता में कहा कि उनके खेमे ने तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर निर्वाचित 58 विधायकों के हस्ताक्षर सौंपे हैं और अध्यक्ष ने हमारे दावे को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के विधायकों का स्पष्ट बहुमत अब उनके साथ है। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट गुट सदन में वैध विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल विधायक दल में 58 विधायकों की टीम है, जिन्होंने पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शिवकुमार ने ली कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

बेंगलुरु। कांग्रेस नेता डी. के. शिवकुमार ने पार्टी के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 64 वर्षीय शिवकुमार को लोक भवन के ग्लास हाउस में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान शिवकुमार हाथ में संविधान की प्रति लिए हुए थे। शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता जी.परमेश्वर और 12 अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर शपथ ली। परमेश्वर इस सरकार में उप मुख्यमंत्री होंगे। उपमुख्यमंत्री परमेश्वर के अलावा जिन 12 नेताओं ने मंत्रीपद की शपथ ली उनमें केएच मुनियप्पा, के जे जॉर्ज, एमबी पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, सतीश जारकीहोली, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंक खरगे, यू टी खादर, ईश्वर ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ❍ टीजीटी परीक्षा में पकड़े गये 11 फर्जी परीक्षार्थी (पृष्ठ-02)
- ❍ यूपी का सूचना विभाग बना मिसाल (पृष्ठ-02)
- ❍ रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ❍ सोना बेचने की खबरें गलत, भंडार 880.52 टन (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार नयी सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

## विमान ईंधन के दाम स्थिर बनाये रखने को 10 हजार करोड़ स्वीकृत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत स्थिर बनाये रखने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष की मंजूरी दी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की बढ़ती कीमतों से एयरलाइन कंपनियों को राहत देते हुए हवाई संपर्क को बनाये रखना और किराये में उतार-चढ़ाव पर अंकुश लगाना है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना के तहत सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 10,000 करोड़ रुपये तक का ब्याज-मुक्त कर्ज दिया जाएगा। इससे वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अनुसूचित भारतीय एयरलाइंस को स्थिर कीमत पर एटीएफ की आपूर्ति कर सकेंगी। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश में 4,415.60 करोड़ रुपये की लागत वाली दो सड़क परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दे दी। इन




परियोजनाओं के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-347बी के हिवरखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रूढ़ी खंड को चौड़ा और उन्नत कर दो-लेन राजमार्ग में बदला जाएगा। इसके अलावा, देशगांव-जुलवानिया खंड को मौजूदा दो-लेन से चार-लेन सड़क में परिवर्तित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में 190.76 किलोमीटर लंबाई वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को बुधवार को मंजूरी दे दी। इनकी कुल लागत 7,597.16 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एनएच-63 के आर्मूरजगतियालमंचेरियल खंड को हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) पर और एनएच-563 के जगतियालकरीमनगर खंड को बीओटी मॉडल पर चार-लेन में चौड़ा करने को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार में खगड़ियापूर्णिया खंड (एनएच-31 और एनएच-231) को चार-लेन राजमार्ग में उन्नत करने को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह परियोजना बीओटी (टोल) मॉडल पर 3,936.05 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस उन्नयन से खगड़िया, भागलपुर, कटिहार और पूर्णिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गाजीपुर : विनीत राय हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

विशेष संवाददाता

**❍ एक लाख का ईनामी था मारा गया बदमाश**

गाजीपुर। होटल कारोबारी के बेटे विनीत राय की हत्या में शामिल एक लाख का इनामी बदमाश कमलेश को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। हत्याकांड में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस जुट गई है। अष्टभुजी कॉलोनी निवासी होटल कारोबारी आलोक राय के पुत्र विनीत राय की बीते शुक्रवार देर रात होटल के गेट पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में 'कटरा गैंग' के सरगना शंकर पांडेय, आलोक दुबे, सोनू यादव, कमलेश चौधरी तथा तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्यारोपियों पर डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई थीं। एसटीएफ भी उनकी तलाश में जुटी थी। बाद में एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बदमाश कमलेश पर घोषित इनाम को बढ़ाकर एक लाख कर दिया था। सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर शाम पुलिस को 50 हजार रुपये के इनामी कमलेश चौधरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# शहरों में 31 मार्च तक जिला पंचायतों से पास नक्शे होंगे वैध

## महायोजना विहीन क्षेत्रों में मानचित्र स्वीकृति के लिए बनेगी एसओपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों की ओर से स्वीकृत किए गए मानचित्रों के विनियमतीकरण तथा विकास क्षेत्र, विस्तारित विकास क्षेत्र एवं विनियमित क्षेत्रों में, जहां अभी महायोजना तैयार नहीं है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

इस निर्णय से लंबे समय से लंबित एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और विकासात्मक समस्या का समाधान होगा। विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में जिला पंचायतों द्वारा पूर्व में स्वीकृत किए गए मानचित्रों की वैधता को लेकर जो प्रश्न उठ रहे थे, उन्हें विनियमतीकरण के माध्यम से दूर किया जा सकेगा। इससे आम नागरिकों, भू-स्वामियों और निर्माणकर्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार जिन विकास क्षेत्रों, विस्तारित विकास क्षेत्रों अथवा विनियमित क्षेत्रों की महायोजना अभी तैयार नहीं हुई है, वहां मानचित्र स्वीकृति के लिए एक स्पष्ट और मानकीकृत प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी। इससे ऐसे क्षेत्रों में भी निर्माण कार्यों को नियमानुसार स्वीकृति मिल सकेगी और अनिश्चितता की स्थिति समाप्त होगी। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करने से राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। वहीं इसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित विकास को



### आगरा, बरेली व प्रयागराज में नये शहरों के विकास को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में नए शहरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए धनराशि स्वीकृत करने और व्यय संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से प्रदेश में आधुनिक, सुव्यवस्थित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नगरीय विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश सरकार की ओर से तेजी से बढ़ती शहरी आबादी को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहरों के नियोजित विस्तार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। योजना के संचालन के लिए 6 अप्रैल 2023 को विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए थे। योजना के तहत नए शहरों के विकास के लिए भूमि अर्जन पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार कीद ओर से सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 20 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इससे विकास प्राधिकरणों और संबंधित एजेंसियों को बड़े पैमाने पर नगरीय अवसंरचना विकसित करने में सुविधा मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के लिए 3500 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसी के अंतर्गत आगरा, बरेली व प्रयागराज में प्रस्तावित नए शहरों के विकास हेतु संबंधित अभिकरणों को कुल 355.06 करोड़ रुपये तक की सीड कैपिटल अनुमन्य की गई है। इसके सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 225 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

### बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु पर मुआवजा नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के कारागारों में निरुद्ध बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में मृतक बंदियों के आश्रितों अथवा निकटस्थ परिजनों को मुआवजा भुगतान के लिए उत्तर प्रदेश बंदी मृत्यु एवं मुआवजा भुगतान नीति बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। नई नीति का उद्देश्य बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा, कारागार प्रशासन में पारदर्शिता तथा पीड़ित परिवारों को समयबद्ध राहत सुनिश्चित करना है। वर्तमान में बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली की संस्तुतियों के आधार पर मुआवजा भुगतान की व्यवस्था प्रचलित है। हालांकि इस प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर अनुमोदन और औपचारिकताओं के कारण मृतक बंदियों के आश्रितों को मुआवजा मिलने में अपेक्षाकृत अधिक समय लग जाता था। इसी समस्या के समाधान के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और संस्थागत नीति बनाने का निर्णय लिया है। नई नीति के तहत कारागारों में निरुद्ध बंदियों की अप्राकृतिक मृत्यु होने पर उनके आश्रितों अथवा निकटस्थ परिजनों को निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान अधिक त्वरित और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे, जिससे सभी मामलों में एक समान और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित हो सके।

### ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य को नयी गति देगा यूपीआईटीएस का चौथा संस्करण

उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद यह आयोजन अब उत्तर प्रदेश के उत्पादों, सेवाओं, तकनीक और नवाचारों को वैश्विक बाजार से जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच बन चुका है। इसके माध्यम से प्रदेश के उद्योग, एमएसएमई, स्टार्ट अप और निर्यात क्षेत्र को नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

- यूपीआईटीएस-2026 में 2400 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने का अनुमान है, जबकि 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आने की संभावना है। इसके अलावा 1.50 लाख से अधिक घरेलू बी-टू-बी खरीदार और लगभग 4.50 लाख आम नागरिकों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है। यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के साथ-साथ निवेश और व्यापारिक साझेदारियों को भी नई ऊंचाई देगा। ट्रेड शो के दौरान 4000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिनका अनुमानित मूल्य 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त 13,500 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यापारिक लीड और पूछताछ उत्पन्न होने का अनुमान है। इससे प्रदेश के एमएसएमई, ओडीओपी इकाइयों, निर्यातकों और उद्यमियों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। करीब 1.10 लाख वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेगा आयोजन योगी सरकार की औद्योगिक, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रदर्शन भी करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### यूपी ने डिमांड विद्युत आपूर्ति में कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ा

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। डिमांड के अनुरूप बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों को पीछे छोड़ दिया है और लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति कर रहा है। फिलहाल प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग के बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश में 2-3 जून की रात को 12:21 बजे 28,770 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह रात 1 बजे 28,321 मेगावाट, 3 बजे 26,830 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। 3 जून की सुबह 6 बजे 23,459 मेगावाट, सुबह 9 बजे 22,452 मेगावाट, 10 बजे 24,074 मेगावाट, 11 बजे 24,897 मेगावाट और दोपहर 12 बजे 25,076 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई है। आंकड़ों के अनुसार 2 जून को उत्तर प्रदेश में 27,976 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। यह आंकड़ा कई बड़े राज्यों की तुलना में कहीं अधिक था। इसी दिन तमिलनाडु में 19,198 मेगावाट, कर्नाटक में 13,848 मेगावाट और आंध्र प्रदेश में 13,018 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति दर्ज की गई थी। वहीं केवल एक दिन ही नहीं बल्कि लगातार कई दिनों से उत्तर प्रदेश बिजली आपूर्ति के मामले में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। 1 जून को भी प्रदेश में 27,260 मेगावाट और 31 मई को 24,610 मेगावाट की डिमांड के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराई गई थी। बढ़ती गर्मी और एयर कंडीशनर, कूलर व अन्य विद्युत उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बावजूद प्रदेश की बिजली व्यवस्था स्थिर बनी हुई है। इससे आम उपभोक्ताओं, किसानों, व्यापारियों और औद्योगिक इकाइयों को बड़ी राहत मिल रही है। हालांकि हाल ही में प्रदेश के कई हिस्सों में आए आंधी-तूफान और बारिश के कारण कुछ स्थानों पर विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इसके बावजूद बिजली विभाग ने तेजी से काम करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी है। जबकि मऊ, गाजीपुर और सोनभद्र के कुछ इलाकों में अभी भी प्रभावित स्थलों पर मरम्मत और रखरखाव का कार्य जारी है। विभागीय टीमें लगातार फील्ड में मौजूद रहकर बिजली व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य बनाने में जुटी हुई हैं। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा और उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो, उसकी सूचना तत्काल मीडिया और उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जाए।

### मक्का खरीद नीति को मंजूरी, 25 जिलों में होगी एमएसपी पर खरीद

कैबिनेट बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 (रबी फसल) के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत मक्का खरीद नीति को मंजूरी प्रदान की गई। सरकार ने मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार प्रदेश में मक्का खरीद 15 जून 2026 से 31 जुलाई 2026 तक की जाएगी। इसके लिए फिरोजाबाद, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बदायूं, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, हापुड़, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फरुर्खाबाद, हरदोई, उन्नाव, बहराइच, बलिया, गोंडा, फतेहपुर और मिजार्पुर कुल 25 जनपदों में 150 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश में 25 हजार मीट्रिक टन मक्का खरीद का कार्यकारी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों से खरीद कंप्यूटरीकृत सत्यापित खतौनी, आधार कार्ड एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर की जाएगी। इसके साथ ही भूमि और बोए गए रकबे का सत्यापन भूलेख पोर्टल से ऑनलाइन कराया जाएगा। योगी सरकार ने किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है कि क्रय एजेंसियों द्वारा खरीदे गए मक्का का मूल्य पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किसानों के आधार लिंक एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खातों में यथासंभव 48 घंटे के भीतर हस्तांतरित किया जाएगा।

### मोहनलालगंज में बनेगा नया उप निबंधक कार्यालय

योगी कैबिनेट ने जनपद लखनऊ के मोहनलालगंज में नए उप निबंधक कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय से क्षेत्रीय नागरिकों को भूमि, भवन, विवाह, किरायानामा, गिफ्ट डीड तथा अन्य दस्तावेजों के पंजीकरण संबंधी सेवाएं अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध हो सकेंगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार ग्राम मऊ, परगना एवं तहसील मोहनलालगंज स्थित कुल 953 वर्गमीटर भूमि राजस्व विभाग से स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। इस भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त उप निबंधक कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें सब-रजिस्ट्रार कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष, अभिलेखागार, प्रतीक्षालय, पेयजल एवं महिला-पुरुष शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार के अनुसार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राज्य का प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है और प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख विलेखों का पंजीकरण करता है। बढ़ती जनसंख्या और पंजीकरण कार्यों की संख्या को देखते हुए नए कार्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया कि राजस्व विभाग द्वारा स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग को उक्त भूमि हस्तांतरण से संबंधित पट्टा विलेख पर स्टाम्प शुल्क तथा पंजीकरण शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी। इससे विभागीय प्रक्रिया सरल होगी और भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

### परिवहन विभाग में एकमुश्त समाधान योजना

परिवहन विभाग की प्रस्तावित एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना में पहली बार न सिर्फ पेनाल्टी को पूरी तरह माफ करने बल्कि मूल कर में भी करीब 35 प्रतिशत तक की छूट दी है। इस योजना से 8.48 लाख से अधिक बकायेदार वाहन मालिकों को बड़ा फायदा मिलेगा और सरकार के लिए वर्षों से अटकी राजस्व वसूली का रास्ता भी साफ हो गया। प्रदेश में 30 जनवरी 2026 से 7.5 टन तक के हल्के व्यावसायिक वाहनों पर एक बारीय कर (वन टाइम टैक्स) व्यवस्था लागू की गई है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी 2026 तक इस श्रेणी में पंजीकृत वाहनों की संख्या लगभग 29.15 लाख है। इनमें से करीब 8.50 लाख वाहनों पर मूल कर और पेनाल्टी मिलाकर 1,853 करोड़ रुपये का बकाया है। बकाया राशि में 1,073 करोड़ रुपये मूल कर तथा 780 करोड़ रुपये पेनाल्टी के रूप में शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में लंबित बकाये को देखते हुए परिवहन विभाग ने विशेष ओटीएस योजना का प्रस्ताव तैयार किया। प्रस्तावित योजना के तहत पेनाल्टी को शत-प्रतिशत माफ करने के साथ ही पहली बार मूल कर में भी करीब 35 प्रतिशत तक की छूट देने पर विचार हो सकता है। अब तक विभाग की ओर से लागू की गई ओटीएस योजनाओं में केवल पेनाल्टी में ही राहत दी जाती रही है। विभाग का मानना है कि मूल कर में आंशिक छूट मिलने से बड़ी संख्या में वाहन स्वामी स्वेच्छा से बकाया जमा करेंगे, जिससे राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। परिवहन विभाग ने ऊर्जा विभाग के बीते वर्ष 13 नवंबर को जारी बिजली बिल राहत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें भी विलंब से भुगतान, सरचार्ज, दंड एवं ब्याज में 100 प्रतिशत छूट के साथ ही बिजली बकाये के मूलधन पर भी 25 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

### यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 में संशोधन को मंजूरी

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। राज्य सरकार का मानना है कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य, निवेशकों की आवश्यकताओं, अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा तथा भारत सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के लिए नीति में संशोधन आवश्यक था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को 19 जनवरी 2024 को अधिसूचित किया गया था। यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्षों तक प्रभावी रहेगी। संशोधन के माध्यम से नीति को और अधिक निवेशक अनुकूल बनाया गया है, जिससे प्रदेश में सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में बड़े निवेश आकर्षित किए जा सकेंगे। इन संशोधनों से राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। नीति के तहत निवेशकों को परियोजना के वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तिथि से कम से कम 3 वर्षों तक उत्पादन संचालन बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी देनी होगी।

## टीजीटी परीक्षा में पकड़े गये 11 फर्जी परीक्षार्थी

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई तकनीक से हुई कड़ी निगरानी, पहले दिन 2.21 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल
- 36 जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर 8 विषयों की परीक्षा सम्पन्न



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 3539 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का प्रथम दिन बुधवार को प्रदेश के 36 जिलों में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के लिए कुल 8,68,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 03 एवं 04 जून को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार को प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान एवं उर्दू विषय तथा द्वितीय पाली में हिन्दी, गणित, कृषि एवं संगीत गायन विषय की परीक्षा आयोजित की गई।

प्रथम पाली की परीक्षा प्रदेश के 514 परीक्षा केंद्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 508 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गई। आयोग के सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में संदिग्ध अभ्यर्थियों की जांच के दौरान लखनऊ, बरेली एवं चित्रकूट में दो-दो तथा जौनपुर एवं मिजार्पुर में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। वहीं द्वितीय पाली में लखनऊ में दो तथा हाथरस में एक फर्जी परीक्षार्थी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। कुल 11 फर्जी परीक्षार्थियों में से 9 को स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 2 परीक्षा केन्द्रों से फरार हो गए। सभी मामलों में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। बुधवार को आयोजित परीक्षा में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इनमें महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी 45.41 प्रतिशत तथा पुरुष अभ्यर्थियों की भागीदारी 52.42 प्रतिशत रही।

## यूपी का सूचना विभाग बना मिसाल, बिहार ने दिखायी मॉडल अपनाने में रुचि

### निदेशक सूचना से मिली बिहार की टीम, यूपी के प्रचार-प्रसार तंत्र की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए विकसित की गई सुदृढ़ सूचना एवं जनसंपर्क व्यवस्था से प्रभावित होकर बिहार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग निदेशालय का भ्रमण किया। इस दौरान बिहार सरकार की टीम ने निदेशक सूचना विशाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर विभाग की कार्यप्रणाली नवाचारों तथा जनसंचार की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।


बिहार से आए अधिकारियों की टीम ने उत्तर प्रदेश में संचालित प्रचार-प्रसार की प्रभावी व्यवस्था, मीडिया प्रबंधन एवं जनसंपर्क अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि उप्र में प्रचार प्रसार के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है जो कि बेहतर अनुभव हुआ है। टीम ने कहा कि यहां विकसित की गई कई व्यवस्थाएं बिहार में भी उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। टीम ने इन व्यवस्थाओं का अध्ययन कर उन्हें अपने राज्य में लागू करने की संभावनाओं पर विशेष रुचि व्यक्त की। भ्रमण के दौरान टीम ने निदेशालय के सभी प्रमुख सेक्शनों एवं प्रभागों का विस्तृत दौरा किया तथा उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने समाचार एवं मीडिया कवरेज प्रभाग, पत्रकार कल्याण एवं नीतिगत प्रभाग, क्षेत्रीय एवं ग्रामीण पहुंच प्रभाग, रचनात्मक एवं प्रदर्शनी प्रभाग, आउटडोर एवं सांस्कृतिक प्रचार प्रभाग तथा स्थापना, वित्त प्रभाग के कार्यों का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रत्येक प्रभाग की भूमिकाए दायित्वों तथा कार्य निष्पादन की प्रक्रिया से टीम को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं महत्वपूर्ण निर्णयों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया सहित विभिन्न संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर रहा है। बिहार की टीम ने प्रसारण की व्यवस्थाओं का विशेष रूप से अध्ययन किया। टीम ने पत्रकार कल्याण से संबंधित योजनाओं, मान्यता व्यवस्था, पत्रकार हितों के संरक्षण के लिए संचालित व्यवस्थाओं तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ विभाग के समन्वय तंत्र की भी जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं ग्रामीण प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की रणनीति का भी अवलोकन किया गया। जनजागरूकता अभियानों की कार्यप्रणाली ने बिहार के अधिकारियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। साथ ही आउटडोर एवं सांस्कृतिक प्रचार समूह की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोककलाओं एवं जनसंचार के पारंपरिक माध्यमों के जरिए संचालित जनजागरूकता अभियानों की जानकारी भी साझा की गई। भ्रमण के दौरान बिहार सूचना विभाग की टीम ने उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के किए गए प्रयासों की सराहना की।

अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने सूचना प्रबंधन और जनसंपर्क के क्षेत्र में कई ऐसी प्रभावी व्यवस्थाएं विकसित की हैं, जिनका अध्ययन अन्य राज्यों के लिए भी उपयोगी एवं प्रेरणादायी सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच सूचना प्रसार, मीडिया प्रबंधन, डिजिटल संचार, जनसंपर्क अभियानों तथा सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

## रालोद की विजय संकल्प महारैली आज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद द्वारा 4 जून को मुरादाबाद में विजय संकल्प महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली को रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह संबोधित करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान में अपराह्न 2 बजे से आयोजित यह रैली मुरादाबाद के राजनैतिक इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल ने 2027 में पुनः एनडीए को सत्ता में लाने के लिए अपने कार्यक्रम शुरू कर दिये हैं इसी श्रृंखला में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह पिछले दिनों मुजफ्फरनगर, शामली, अमरोहा, मेरठ, सहारनपुर से अपनी विजय संकल्प रैली की शुरूआत कर चुके हैं। कल उनका पड़ाव ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में होगा। इस रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसानों, मजदूरों से गांव गांव जाकर सम्पर्क कर रहे हैं और विजय संकल्प रैली में आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा की धरती से चौधरी जयन्त सिंह किसानों, नौजवानों तथा मजदूरों की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों के सम्मान, युवाओं के रोजगार तथा मजदूर के अधिकार तथा समाज के अन्तिम व्यक्ति को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए अपना अभियान लगातार जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि इस विजय संकल्प रैली की सफलता के लिए मुरादाबाद के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्प के साथ जुटे हुए हैं।

## प्रबंधन विभाग को आईआईआरएफ-2026 में राष्ट्रीय स्तर पर 42वीं रैंक, राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दी बधाई
- कुलपति ने कहा कि विभाग को और अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग, डिजिटल शिक्षण साधनों और उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों से किया जायेगा सशक्त



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में 42वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के प्रबंधन संस्थानों में विभाग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार, कुलपति, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर गुणात्मक सुधार हो रहा है। नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने तथा उद्योगोन्मुखी शिक्षा पर विशेष बल का ही परिणाम है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को भी उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से पब्लिक परसेप्शन में 99.77 तथा डिमांड रेशियो एवं स्टूडेंट प्रोफाइल में 98.22 अंक प्राप्त कर विभाग ने अपनी मजबूत शैक्षणिक साख का परिचय दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईआरएफ 2026 में प्रबंधन विभाग की राष्ट्रीय रैंकिंग हमारे संकाय, छात्रों और पूर्व छात्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि हमें और अधिक नवाचार, अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में प्रेरित करती है। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बना रहेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि आने वाले वर्षों में विभाग को और अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग, डिजिटल शिक्षण साधनों और उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों से सशक्त किया जाएगा। इससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

## भाजपा विकास विरोधी है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा विकास विरोधी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बदनामी के सिवा और कुछ नहीं दिया है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के कारण देश और दुनिया में यूपी की छवि खराब हो रही है। इस सरकार के हर कार्य और हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट है। सड़कों का बुरा हाल है।

भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में गड्ढा मुक्ति के नाम पर हजारों करोड़ का बजट लिया लेकिन गड्ढे नहीं भरे गए। बजट का बंदरबांट हो गया। आगरा में दुनियाभर के पर्यटक सैकड़ों साल पहले बनी शानदार इमारतों और निमार्णों को देखकर जब आश्चर्य से दांतों तले उंगली दबा रहे होते हैं तो उसी समय उनके सपने जैसी अवस्था तुरंत झटका खाती है क्योंकि उनकी गाड़ी भाजपा सरकार में हाल में बनी किसी सड़क के गड्ढे में धंसकर सारा स्वप्न तोड़ देती है। इससे सब जगह ये संदेश जाता है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार बेहद भ्रष्ट है। भाजपा सरकार विश्व पर्यटन के लिए विख्यात आगरा तक का ख्याल नहीं रखती। आगरा में समस्त विश्व से पर्यटक आते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकर की भ्रष्ट नीतियों के कारण सड़कों में गड्ढे, गंदगी के साथ आर्थिक मंदी फैली है। आगरा का पर्यटन, होटल, गाइड, टैक्सी, टूर ऑपरेटर्स इंडस्ट्री से लेकर दालमोठ, पेठे, हस्तशिल्प, संगमरमर की कलाकृतियों व जूते तक का हर कारोबार ठप्प सा हो गया है। इन पर्यटकों में ही दुनिया के जानेमाने राजनेता, पूंजीपति, उद्योगपति व निवेशक भी होते हैं, जो इस बदइंतजामी और बदहाली को देखकर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एक पैसा भी नहीं लगाना चाहते हैं।

दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया के मुख से निकले दुर्वचन बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में भेदभाव का स्तर, हर सीमा लांघ चुका है। भाजपाइयों के इस पक्षपातपूर्ण रवैये से डरकर भी इन्वेस्टर्स उत्तर प्रदेश में अपना पैसा नहीं फंसाना चाहते हैं। सोशल के साथ ही लेबर अनरेस्ट और बिजली, पानी, सड़क, यातायात की ध्वस्त व्यवस्था की तस्वीरें भी पूरी दुनिया में प्रदेश को बदनाम कर रही हैं।

# एलडीए तीन आवासीय योजनाएं लांच करेगा

## नैमिष नगर, वरुण नगर व वेलनेस सिटी में मिलेंगे भूखंड

**लखनऊ।** एलडीए की नैमिष नगर, वरुण नगर और वेलनेस सिटी तीन नई आवासीय योजनाओं को इसी महीने बड़े मंगल पर लॉन्च करने करने की तैयारी है। योजनाओं में भूखंडों के पंजीकरण, लॉटरी और आवंटन के अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। इन तीनों योजनाओं से करीब छह लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी।

एलडीए जिन तीन नई आवासीय योजनाओं को लॉन्च करने वाला है उनमें आगरा एक्सप्रेस-वे पर वरुण विहार, सीतापुर रोड पर नैमिष नगर और सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी योजना शामिल है। इनमें वेलनेस सिटी योजना में जमीन लैंडपूलिंग के नीति के तहत जुटाई गई है। बाकी जो दो योजनाएं नैमिष नगर और वरुण विहार है वहां पर जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर खरीदी गई है। इन योजनाओं में भूखंड के लिए पंजीकरण खुलेंगे। नैमिष नगर योजना के दो सेक्टरों कैलाश व काशी खंड में सबसे पहले 2100 भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। इन दोनों सेक्टरों व आसपास के क्षेत्र में लेआउट के अनुसार 60 मीटर, 45 मीटर व 24 मीटर चौड़ी सड़कों को बनाई जाएंगी। जमीन की संभावित कीमत 26000 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो सकती है। वेलनेस सिटी में जमीन की संभावित कीमत 45000 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो सकती है। इसी तरह वरुण विहार योजना योजना में जमीन की संभावित कीमत 25000 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित है।

## अनंत नगर में बनेगा अदिति अपार्टमेंट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी अनंत नगर योजना में अदिति अपार्टमेंट बनाएगा। जिसमें 01 बीएचके एवं 02 बीएचके श्रेणी के कुल 1392 फ्लैट्स होंगे। यह अनंत नगर योजना की पहली बहुमंजिला सोसाइटी होगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अनंत नगर योजना के आदर्श खण्ड में 18,411 वर्गमीटर क्षेत्रफल के ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड पर अदिति अपार्टमेंट निर्मित किया जाएगा।

यह परियोजना विभिन्न आय वर्ग के परिवारों की आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गयी है। इसमें 01 बीएचके के 412 फ्लैट होंगे, प्रत्येक फ्लैट 38.25 वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा।

**1392 अफोर्डेबल फ्लैट्स बनेंगे**

- वन बीएचके के 412 और 02 बीएचके श्रेणी के 980 फ्लैट बनेंगे

वहीं, 02 बीएचके श्रेणी के 980 फ्लैट बनेंगे, प्रत्येक फ्लैट 50.10 वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा। ग्रुप हाउसिंग में बेसमेंट एवं स्टिल्ट पार्किंग का प्रावधान किया जाएगा, जिसमें 545 चार पहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा होगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अदिति अपार्टमेंट में कुल 05 टावर होंगे। वहीं, लगभग 7,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्क एवं ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा। अपार्टमेंट को इस तरह डिजाइन किया गया है, जिससे अधिकांश फ्लैटों से लोगों को हरित क्षेत्र का दृश्य मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह ग्रुप हाउसिंग पूरी तरह हरियाली से घिरी होगी और यहां रहने वाले लोगों को बेहतर वातावरण का अनुभव होगा। मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि अपार्टमेंट में 01 बीएचके के फ्लैट में 02 और 02 बीएचके के फ्लैट में 03 बालकनी दी जाएंगी। यह परियोजना पूरी तरह आधुनिक शहरी सुविधाओं से लैस होगी। जिसमें हाई स्पीड लिफ्ट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, पावर बैकअप, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, कम्यूनिटी स्पेस, पेडेस्ट्रियन पाथ-वे आदि सुविधाएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस परियोजना के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

**गोमती नगर विस्तार में 25 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त ...** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को गोमती नगर विस्तार में अभियान चलाकर लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान निजी विकासकर्ताओं की ओर से स्थल पर किये गये अनियोजित विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया।

# जनभागीदारी के साथ मनाया जायेगा मोदी सरकार के 12 वर्षों का उत्सव

- मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसेवा, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के हित और जनकल्याण से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम का क्रियान्वयन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसहभागिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन न होकर जनभागीदारी और जनजागरण का व्यापक अभियान बनें। उन्होंने कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत न्यूनतम 05 करोड़ पौधों का रोपण किया जाए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक बने। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों की पर्याप्त उपलब्धता, जियो टैगिंग तथा उनके संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जाए तथा इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 05 से 21 जून तक की अवधि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रभारी मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में समाज के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अभियंताओं, उद्योगपतियों, अधिवक्ताओं, युवा उद्यमियों तथा स्टार्टअप इनोवेटरों के साथ संवाद स्थापित किया जाए। विगत वर्षों में देश और प्रदेश में हुए सकारात्मक परिवर्तनों, सुशासन, आधारभूत संरचना, निवेश, रोजगार और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों पर चर्चा की जाए तथा समाज के विभिन्न वर्गों के सुझावों और अपेक्षाओं को भी गंभीरता से सुना जाए। उन्होंने कहा कि यह संवाद विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में जनसहभागिता को और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस अवधि में स्वच्छता को विशेष जनअभियान के रूप में संचालित किया जाए तथा अधिकारीगण स्वयं इसमें सहभागी बनकर समाज को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 14 से 16 जून तक विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से पात्र लेकिन वंचित लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाए।

## लखनऊ स्टेशन पर कॉनकोर्स कार्य के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे ने लखनऊ स्टेशन पर चल रहे कॉनकोर्स कार्य के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव की घोषणा की है। यह बदलाव चार जून तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा जिससे यात्रियों को असुविधा हो सकती है क्योंकि इन ट्रेनों को लखनऊ स्टेशन पर ठहराव नहीं मिलेगा। टनकपुर से चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस तीन जून को आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलेगी। इसी तरह 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस चार जून को इसी मार्ग से गुजरेगी। शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस (15075) तीन जून को उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलेगी। बनारस-देहरादून एक्सप्रेस (15119) चार जून तक इसी परिवर्तित मार्ग का उपयोग करेगी। इन सभी ट्रेनों का लखनऊ स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। हालांकि, इन्हें परिवर्तित मार्ग पर आलमनगर और उतरेटिया स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव मिलेगा।

## साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के तहत पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला संघ लखनऊ द्वारा जिला आयुक्त (गाइड) डॉ. रंजना पाटनी के नेतृत्व में साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्काउट्स एवं गाइड्स के लगभग 70 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साइकिल अपनाएं - पर्यावरण बचाएंह्व सहित विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रेलवे पॉलीक्लिनिक ऐशबाग की प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दीक्षा चौधरी के निर्देशन में हीट स्ट्रोक विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसी प्रकार गोण्डा जंक्शन पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पार्क क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

## टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** टाउन वेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में पथ विक्रेताओं की समस्याओं, उनके अधिकारों एवं आजीविका से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शम्भुनाथ गुप्ता, अध्यक्ष, पथ विक्रेता समिति, अरविंदो पार्क, लखनऊ एवं जिला प्रभारी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पथ विक्रेताओं के हितों की मजबूती से पैरवी करते हुए कहा कि पथ विक्रेताओं के रोजगार की सुरक्षा एवं उनके कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने पथ विक्रेता अधिनियम के तहत मिलने वाले अधिकारों एवं सुविधाओं को प्रत्येक पात्र पथ विक्रेता तक पहुंचाने की मांग की। टीवीसी जोन 2 के सुभाष चंद्र जायसवाल ने भी मांग दिया की नगर निगम की ओर से वेंडिंग जोन आवंटन जल्द से जल्द करना चाहिए जिससे पटरी दुकानदारों एवं नगर निगम दोनों को आसानी होगी। बैठक में पथ विक्रेताओं की समस्याओं को नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर कैलाश नाथ श्रीवास्तव, राम बाहर पाण्डेय, के के मोदी, अनिल पांडे, दिलीप मोदी, रमेश गुप्ता, अब्दुल रफीक, ओम प्रकाश, मनोज कुमार, जीशान, विशाल आदि बहुत से पथ विक्रेता उपस्थित रहे।

## पीएमएस के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार

**लखनऊ।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) की केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 22 जून को पीएमएस भवन पर होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। अस्पतालों में डाक्टरों ने मिलकर प्रत्याशी अपने पक्ष में वोट मांगने के लिए अभियान जोरशोर से चलाएं हुए हैं। कई वर्षों बाद चुनाव हो रहा है, इसलिए एक-एक पद पर कई प्रत्याशी अपना दावा ठोंक रहे हैं। इस बार अध्यक्ष पद पर सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, इनमें हमीरपुर से डा. करुणा शंकर मिश्रा, औरैया से डा. राजेन्द्र कुमार सैनी, लखनऊ से डा. अजय प्रताप सिंह, डा. मनीष कुमार श्रीवास्तव, बागपत से डा. यशवीर सिंह, देवरिया से डा. मसूद आलम, प्रतापगढ़ से डा. राजीव तिवारी शामिल हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर 11 प्रत्याशी, महामंत्री पद पर छह, वित्त सचिव पद पर पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। 26 जून को परिणाम जारी किया जाएगा। स्टेट इलेक्शन कमेटी के सदस्यों में सचिव डा. गयासुद्दीन खान एवं सदस्य डा. विकास, डा. मनीष शुक्ल एवं डा. विकास यादव शामिल हैं।

## सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करना संवैधानिक जिम्मेदारी



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया, इसमें अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू ने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हम सभी की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि हिंदी भाषा एकजुटता और संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। यह न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों के लोगों को जोड़ने का काम करती है, बल्कि भारतीय समाज की विवधिता में एकता की भावना भी उत्पन्न करती है। हमारे मंडल की सभी रेल संचालन संबंधी गतिविधियां और सूचनाओं का प्रसारण हिंदी/द्विभाषी में हो रहा है। इस वर्ष मुख्यालय में आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में लखनऊ मंडल को अन्तर्मंडलीय राजभाषा कार्यकुशलता शील्ड प्राप्त हुई है। बैठक को वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (मुख्यालय) विजय आनन्द वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी सह राजभाषा अधिकारी महेश गुप्ता ने भी संबोधित किया।

# परिषदीय विद्यालयों से जुड़े कर्मियों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों और अन्य कर्मियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इससे हजारों कर्मियों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बिना आर्थिक बोझ के प्राप्त हो सकेगा।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, रसोइया तथा अन्य सहयोगी कार्मिक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा से लाभार्थियों को समय पर उपचार उपलब्ध होगा और उनके जीवन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी।

उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी संचालन एवं लाभार्थियों के पंजीकरण की

- आज होगा विशेष प्रशिक्षण, सभी जिलों में लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया होगी तेज

प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए 4 जून को शिक्षा निदेशक (बेसिक) कार्यालय, लखनऊ में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और नामित कार्मिकों को योजना के विभिन्न प्रावधानों, पंजीकरण प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी द्वारा इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक जिला में नोडल कार्मिक नामित किए जाएंगे, जो पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण एवं योजना के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की भी व्यवस्था की गई है, जिससे प्रदेश के सभी जिलों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## चौक कालीजी वार्ड में महापौर ने 50 लाख के कार्यों का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** चौक कालीजी वार्ड में बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल व पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने करीब 50 लाख रुपये की लागत से कराए गए विभिन्न जनसुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सड़क और नाली निर्माण तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। महापौर ने 36 लाख रुपये की लागत से लगाए गए 74 नए स्ट्रीट लाइट पोल और प्रकाश व्यवस्था के कार्यों का लोकार्पण किया। इन लाइटों के लगने से वार्ड की गलियों और प्रमुख मार्गों पर रोशनी बढ़ेगी, जिससे नागरिकों को रात में आवागमन में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। क्षेत्र के चौक चौराहा, खुन-खुन जी मार्ग, कमला नेहरू मार्ग और राज नारायण सिंह मार्ग पर चार हाईमास्ट लाइटें स्थापित की गई हैं। नगर निगम के अनुसार इन हाईमास्ट लाइटों से व्यस्त चौराहों और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध होगा, जिससे यातायात संचालन और सुरक्षा दोनों को लाभ मिलेगा। महापौर ने 14 लाख रुपये की लागत से कराए गए लालजी टंडन चौक के सौंदर्यीकरण, सड़क और नाली निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया। इन कार्यों से चौक का स्वरूप अधिक आकर्षक बना है और स्थानीय लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी।

## केजीएमयू के डॉक्टर से मारपीट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) यूरोलाजी विभाग के डा. विवेक कुमार सिंह के साथ कथित मारपीट और चेन लूट की घटना को लेकर केजीएमयू शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। शिक्षक संघ ने अपर मुख्य सचिव (गृह) को पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. के के सिंह ने बताया कि डा. विवेक कुमार सिंह 31 मई की शाम अपनी कार से बीबीएयू की ओर जा रहे थे। रास्ते में कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। कार सवार महिला और पुरुष ने उनके साथ मारपीट और अभद्रता की। महिला ने डॉ. विवेक के गले से लगभग 20 ग्राम वजन की सोने की चेन छीन ली। घायल होने के कारण उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती होना पड़ा। महासचिव डा. संतोष कुमार ने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के शिक्षक आहत और चिंतित हैं। दूसरी तरफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी शासन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। मांग की है कि डा. विवेक कुमार सिंह एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए-चिकित्सक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी निर्देश दिए जाएं।

## केजीएमयू में हीमोडायलिसिस मशीन खरीद की शिकायत

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में किडनी के गंभीर मरीजों के इलाज के लिए हीमोडायलिसिस मशीनों की खरीद को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से जारी टेंडर में कंपनी ने जिस मॉडल की मशीन का कोटेशन दिया था, तकनीकी मूल्यांकन के दौरान उसके स्थान पर दूसरे मॉडल के दस्तावेज पेश कर दिए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सिंह बिष्ट ने वित्त मंत्री को पत्र भी मशीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े दस्तावेज भेजकर शिकायत की है। केजीएमयू के अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की पड़ताल के बाद जवाब दे पाएंगे।

## संकरी गलियों में अवैध चल रहे होटल, रेस्त्रां

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन के आसपास संकरी गलियों और रास्तों में संचालित कई होटल सुरक्षा मानकों को लेकर सवालों के घेरे में हैं। क्षेत्र में पूर्व में कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल घनी आबादी और संकरे मार्गों के भीतर बने हुए हैं। आग लगने जैसी आपात स्थिति में दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होता है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में ऐसे सैकड़ों होटल संचालित हैं, जिनके पास फायर एनओसी अथवा अन्य आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं हैं। ऐसे में किसी बड़ी दुर्घटना की स्थिति में जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और अवैध रूप से संचालित होटलों पर सख्ती बरतने की मांग की है। कुछ समय पहले ही नाका में होटल विराट व एसएसजे तथा लेवाना में आग लगने पर लोग जिंदा जल गए थे। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 110 वार्डों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को नगर निगम लखनऊ पूरे शहर में विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाएगा। अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी 110 वार्डों में सफाई अभियान संचालित किया जाएगा, जबकि प्रमुख स्थलों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। गोमती नदी के तटों पर भी विशेष स्वच्छता, श्रमदान और जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि स्वच्छ और हरित लखनऊ के लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए सभी जोनों एवं वार्डों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि सभी 110 वार्डों में सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, प्रमुख मार्गों, बाजारों और सरकारी परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के पार्कों, सड़क किनारे उपलब्ध स्थलों और सार्वजनिक परिसरों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। अधिकारियों को पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गोमती नदी के तटों पर विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सफाई, श्रमदान, वृक्षारोपण और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के बेहतर संचालन के लिए गोमती तट क्षेत्र को आठ क्लस्टरों में विभाजित कर प्रत्येक के लिए नोडल और प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर निगम के अनुसार अभियान 5 जून की सुबह 6 बजे से एक साथ सभी वार्डों, जोनों और गोमती तट के निर्धारित क्षेत्रों में शुरू होगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रदेश में हरित कौशल विकास के लिए हुई ऐतिहासिक पहल

**लखनऊ।** विश्व बैंक के सहयोग से क्रियान्वित उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनिज्मन्ट प्रोजेक्ट अथॉरिटी और 15 क्षेत्रीय ज्ञान केंद्रों के बीच बुधवार को पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन निदेशालय में एमओयू हुआ। इसका उद्देश्य राज्य में क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और हरित कौशल बल के विकास को सुदृढ़ करना है। यह एमओयू पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इस एमओयू के तहत अगले पांच वर्ष में हजारों युवाओं को हरित कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की योजना है। साथ ही, सरकारी अधिकारियों और स्थानीय निकायों के लिए नियमित क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। यह पहल उत्तर प्रदेश को वायु प्रदूषण से निपटने और हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रमुख सचिव वी हेकाली झिमोमी की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रीय ज्ञान केंद्र (विभिन्न विश्वविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट) अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी, दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ एनवायरनमेंट एण्ड सस्टैनबल डेवलपमेंट, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी रूड़की, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर, मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी प्रयागराज के साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी चंद्रकला ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इन केंद्रों की भागीदारी से पूरे प्रदेश में हरित अर्थव्यवस्था के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा। वढउअटढ के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद राहिब ने परियोजना के बारे मे सभी संस्थानों को जानकारी दी।

## सरगम अपार्टमेंट में खुली पार्किंग बेचने पर आवंटियों का विरोध

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार स्थित सरगम अपार्टमेंट की खुली पार्किंगों को बेचे जाने का आवंटियों ने आपत्ति जताई है। बुधवार को आरडब्ल्यूए ने एलडीए में अपर सचिव सीपी त्रिपाठी से मिलकर विरोध जताया और ज्ञापन भी दिया। अपर सचिव ने मामले की जांच की बात कही है। वहीं आवंटियों ने कहा कि वह किसी भी कीमत पर खुली पार्किंग को बिकने नहीं देंगे। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया है। एलडीए की ओर से बुधवार को समाचार पत्रों में एक सूचना प्रकाशित हुई। जिसमें कहा गया कि सरगम अपार्टमेंट में 136 खुली पार्किंग जिनको एलडीए बेच रहा है। एक पार्किंग की कीमत 75000 रुपये है। जो आवंटी पार्किंग खरीदना चाहते हैं वह 10 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क जमा कर एलडीए के विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी के कार्यालय में 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

## 18.75 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि अतिक्रमणमुक्त

**लखनऊ।** नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरोजनीनगर तहसील के ग्राम रहिमाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 18.75 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अभियान के दौरान अवैध प्लाटिंग और अस्थायी बाउंड्रीवाल को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार जांच में पाया गया कि ग्राम रहिमाबाद की कई सरकारी भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में वृक्षारोपण, कब्रिस्तान और श्मशान भूमि के रूप में दर्ज हैं, उन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को हटाते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान खसरा संख्या 1279, 1286, 1385, 958, 959 एवं 960 से संबंधित कुल 1.250 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

# हाईकोर्ट ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट की तलब

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने के मामले में बुधवार को सुनवायी हुयी। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने पंचायत चुनावों के संबंध में पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग से भी संभावित चुनाव कार्यक्रम की स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 10 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व न्यायमूर्ति एके चौधरी की अवकाशकालीन पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ओम प्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में ग्राम प्रधानों के प्रशासक नियुक्त करने संबधी राज्य सरकार के 25 मई के आदेश को चुनौती दी गई है। कहा गया है कि उ0 प्र0 पंचायत राज अधिनियम

- निर्वाचन आयोग से भी संभावित चुनाव कार्यक्रम पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा



की धारा 12 के तहत प्रधानों का कार्यकाल उनके शपथ लेने के पश्चात से सिर्फ पाँच वर्ष का ही हो सकता है लेकिन सरकार ने समय पर पंचायत चुनाव न करा के मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया और इस प्रकार से उनका कार्यकाल अनिश्चितकाल तक के लिए बढ़ा दिया गया है जो कि विधि विरूद्ध है। याचिका में मांग की गयी कि पूर्व व्यवस्था के तहत यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पा रहे तो एडीओ पंचायत या किसी अन्य अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाय।

# यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव की नियुक्ति और सेवा विस्तार को हाईकोर्ट में चुनौती

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की नियुक्ति और उनके पद पर बने रहने को चुनौती देने वाली याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई टल गई। मामले की सुनवाई कर रही पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने स्वयं को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया है। अब यह मामला नई पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की पीठ के समक्ष जैसे ही याचिका पेश हुई, न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह ने स्वयं को सुनवाई से अलग करने की बात कही। इसके बाद पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को मुख्य न्यायाधीश अथवा वरिष्ठ न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत कर दूसरी पीठ को नामित कराया जाए। यह याचिका कर्मेश प्रताप सिंह द्वारा अधिवक्ताओं रीना एन. सिंह, चेतनारायण सिंह और सुधेंदु शेखर के माध्यम से दाखिल की गई है।

याचिका में प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की नियुक्ति तथा उनके सेवा विस्तार को नियमों और संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत बताते हुए क्वो वारंटो रिट जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2009 में विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव पद पर की गई नियुक्ति निर्धारित सेवा नियमों के अनुरूप नहीं थी। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञापन, प्रतिस्पर्धी चयन, लोक सेवा आयोग से परामर्श और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया। याचिका के अनुसार प्रदीप कुमार दुबे वर्ष 2019 में सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त कर चुके थे और बाद में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने संबंधी अधिसूचना का लाभ उन्हें नहीं मिल सकता था। इसके बावजूद उनके पद पर बने रहने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया है कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी में नियुक्ति, सेवा विस्तार और संबंधित प्रशासनिक आदेशों के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। साथ ही कुछ वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक निर्णयों को लेकर भी आरोप लगाए गए हैं।

याचिका में हाईकोर्ट से मांग की गई है कि प्रदीप कुमार दुबे को प्रमुख सचिव पद पर बने रहने का कानूनी अधिकार स्पष्ट करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही अंतिम निर्णय तक उनके अधिकारों के प्रयोग और उनके द्वारा लिए गए प्रशासनिक निर्णयों को न्यायालय के अंतिम आदेश के अधीन रखने का अनुरोध किया गया है। याचिका में लगाए गए आरोपों पर संबंधित पक्ष का जवाब आना शेष है।


**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मौसी पर गलत नजर, मामा ने मौत के घाट उतारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इटौंजा में आइसक्रीम पार्लर संचालक सचिन सिंह (22) हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस रिश्ते के मामा बृजेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। छानबीन में सामने आया कि सचिन रिश्ते की मौसी पर गलत नजर रखता था। इस पर मामा ने उसे कई बार समझाया था। इसके बाद भी व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसी तैश में मामा ने बहाने से बुलाकर शराब पिलाई, उसके बाद रस्सी से गला कसकर हत्या कर शव केले के खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पट्टी बरामद कर ली है।

डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मड़ियांव क्षेत्र के इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी रामशंकर सिंह के बेटे सचिन सिंह का शव मंगलवार को इटौंजा के अकबरपुर गांव स्थित केले के खेत में पड़ा मिला था। पिता ने बृजेश सिंह पर हत्या का शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने से मौत की पुष्टि हुई थी। उच्चाधिकारियों ने इम मामले पर इटौंजा पुलिस, स्वॉट व सर्विलांस टीम को लगाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने अकबरपुर निवासी बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बृजेश को पकड़ा। पूछताछ में उसने कबूला कि सचिन रिश्ते में भांजा था। दोनों के मध्य पारिवारिक संबंध होने के कारण एक-दूसरे के घर आना-जाना था। उसे शक था कि सचिन उसकी बहन पर गलत निगाह रखता है। कई बार समझाने के बाद भी सचिन बाज नहीं आ रहा था। साजिश के तहत एक जून की रात उसने सचिन को बहाने से फोन कर अकबरपुर गांव बुलाया। वहां पहले दोनों ने शराब पी। इसके बाद जब सचिन नशे में हो गया तो गांव के बाहर बोरिंग के पास प्लास्टिक की पट्टी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

**पूछताछ में उसने कबूला कि सचिन रिश्ते में भांजा था :** जांच के दौरान पुलिस ने अकबरपुर निवासी बृजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बृजेश को पकड़ा। पूछताछ में उसने कबूला कि सचिन रिश्ते में भांजा था। दोनों के मध्य पारिवारिक संबंध होने के कारण एक-दूसरे के घर आना-जाना था। उसे शक था कि सचिन उसकी बहन पर गलत निगाह रखता है। इस बात को लेकर वह लंबे समय से नाराज था।

**पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया :** कई बार समझाने के बाद भी सचिन बाज नहीं आ रहा था। साजिश के तहत एक जून की रात उसने सचिन को बहाने से फोन कर अकबरपुर गांव बुलाया। वहां पहले दोनों ने शराब पी प्लास्टिक की पट्टी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। भांजे की हत्या के बाद आरोपी मामा ने शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे केले के खेत में फेंक दिया, ताकि मामला दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई मौत जैसा लगे। हालांकि पुलिस की जांच में कई अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर आरोपी तक पहुंचना संभव हो सका। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सीनुमा पट्टी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सीनुमा पट्टी भी बरामद कर ली है।

## फंदे से लटकी मिली युवती, प्रेमी फरार

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित चंदर नगर में तीसरे तल पर अपने मित्र संग किराये पर रहने वाली युवती मंगलवार शाम रहस्मयी हालत में दुपट्टे के सहारे घर में लगे पंखे के हुक में फंदे से लटकी मिली। मंगलवार शाम बदबू आने पर मकान मालिक राहुल अरोड़ा ने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। आलमबाग थाना प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया 25 वर्षीय युवती आलमबाग के चंदर नगर में राहुल अरोड़ा के मकान के तीसरे तल पर दो माह से जालौन जनपद का रहने वाला बाबू कुशवाहा युवक किराए पर रह रहा था और हाल ही में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा वारंट जारी किए जाने पर जेल गया था जहां से 5 - 6 दिन पूर्व ही जेल से जमानत पर रिहा हुआ है। मृतका तीन दिन पूर्व मित्र के साथ रहने के लिए आई थी। युवक ने एसटीएफ में तैनात बता कमरा किराए पर लिया था जोकि फरार है पुलिस का फरार युवक से मोबाइल पर बात हुआ था जिसपर बाबू ने मृतका का नाम संध्या कुशवाहा पुत्री आनंद कुशवाहा निवासी औरसी जालौन का बताया है जिसकी पुष्टि करने पर पूरी जानकारी झूठी निकली जिसके पश्चात से ही युवक का मोबाइल फोन बंद जा रहा है।

## बुचड़ी ग्राउंड में मिला अधेड़ मजदूर का शव

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके स्थित बुचड़ी ग्राउंड जंगल के पास झाड़ियों में बुधवार सुबह एक अधेड़ मजदूर को अचेत अवस्था में पड़ा देख राहगीरों ने कंट्रोल नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने अधेड़ को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेज दिया जहां जांच के बाद डॉक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक की पहचान हो जाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया मृतक के भाई सरोज ने मृतक की पहचान मनोज कुमार (50) निवासी गांव रातौटिया पुरवा उन्नाव के रूप में किया है।

## विवाहिता ने लगाया ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व गर्भपात कराने का आरोप

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके के सेक्टर डी-1 एलडीए कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता काम्या उपाध्याय ने अपने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित विवाहिता काम्या उपाध्याय ने बताया उसका विवाह बीते 2 मार्च 2024 को चैतन्य उपाध्याय से हुआ था। उसके पिता ने विवाह में लाखों रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य उपहार दिए थे। आरोप है कि उसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी और ससुर ने उसके पिता से जमीन के कारोबार के नाम पर 50 लाख रुपये निवेश करने की मांग की और मांग पूरी न होने पर पति चैतन्य सहित ससुरालियों सास सुमन, ससुर वीरेंद्र और ननद ऐश्वर्या उपाध्याय ने उसे 20 से 25 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बना मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और जून 2025 में गर्भावस्था के दौरान विटामिन और कैल्शियम की दवा बता गर्भपात की दवा खिला दिया जिससे उसका गर्भपात हो गया। लेकिन प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा।

## कब्जा करने से रोका तो हमला कर किया घायल

**लखनऊ।** अंसल की जमीन पर कब्जाकर रहे ग्रामीणों ने काम रोकने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों पर ईंट पत्थर व लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। कंपनी की ओर से आरोपियों के विरुद्ध सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़िता नीलम निवासी बैंगलहन खेड़ा , हगपाल गंज, लालगंज, रायबरेली ने बताया कि अंसल कम्पनी में कर्मचारी है। अंसल की एक भूमि खसरा संख्या 100 स्थित ग्राम मुज्जफरनगर घुसवल में है। अंसल के अन्य कर्मचारियों को पता चला कि कुछ ग्रामीण लोग अंसल की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। बृजेश रावत ने धारदार हथियार से कर्मचारी सुभाष जयसवाल व आशीष के सर पर प्रहार किया जिससे वह दोनो लोग बुरी तरह से घायल हो गए।

## दुकान के पास खड़ी बाइक चोरी

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की एक घटना सामने आई है। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और बाइक बरामद कराने की मांग की है। भटगांव निवासी सिराज अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी नाई की दुकान बंथरा चौराहे पर स्थित है। 9 मई 2026 को उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस (यूपी 32 केजे 1040) बाइक दुकान से कुछ दूरी पर खड़ी की थी। जब वह वापस लौटे तो बाइक वहां से गायब मिली।

## घर लौट रहे छात्र पर हमला

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई विवेक 2 जून की शाम कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहा था। घर के पास ही कुछ युवकों ने उस पर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर आरोपितों ने विवेक की पिटाई शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, किसी तरह विवेक घर पहुंचा तो आरोपित उसके पीछे-पीछे घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।

## विवाद में महिला समेत तीन की पिटाई

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के रामचौरा गांव में मामूली कहासुनी को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसियों ने उसके साथ-साथ उसकी बुजुर्ग मां और भाभी को भी लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। रामचौरा निवासी केतकी राठी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 मई की सुबह करीब 8 बजे वह अपनी गाय चराने गई थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि राकेश की पत्नी संतोष कुमारी, रमेश की पत्नी, सुनील पुत्र पुत्तीलाल तथा विकास पुत्र रामप्रकाश ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## विज्ञापन के पोल पर चढा मानसिक विक्षिप्त युवक

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित लोकबंधु अस्पताल निकट डिवाइडर पर लगे नगर निगम एडवरटाइजिंग पोल पर बुधवार शाम एक युवक अर्धनग्न अवस्था में पोल पर चढ़ गया यह नजारा देख वहां से गुजर रहे राहगीरों में हड़कंप मच गया। कंट्रोल नंबर की सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना और कृष्णा नगर पुलिस ने युवक को कोल्डड्रिंक के बहाने पुचकार कर सकुशल नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन घंटों मशक्कत के बाद युवक खंभे से नीचे नहीं उतरा जिसपर आलमबाग फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुलाया गया सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम ने हाइड्रोलिक गाड़ी के सहारे युवक को मनाते हुए और कोल्डड्रिंक पिलाने का बहाना कर सकुशल नीचे उतारने में सफलता प्राप्त किया जिसके पश्चात युवक को आशियाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पोल पर चढ़ा युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है जिसे सकुशल नीचे उतार लिया गया है। पुलिस को अपना नाम विभिन्न नाम बता रहा है जिसके चलते उसे मेडिकल परीक्षण के लिए लोकबंधु अस्पताल भेज जांच कार्रवाई किया जा रहा है।

## रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के संयोजक बने जसवंत सिंह

**लखनऊ।** यात्री हित और निगम हित के प्रति समर्पित वरिष्ठ नेता जसवंत सिंह को यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन ने संयोजक के पद पर नियुक्त किया हैं। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष पं. रामजी त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ क्षेत्र में कर्मचारियों की समस्याओं को निगम प्रबंधन से वार्ता के लिए सात सदस्यीय समिति घोषित की गई है। इनमें मिशन जैदी, सुनील सिंह, नीरज चतुवेर्दी, शेखर सक्सेना, दीपक, अमरेश तिवारी व आरिफ हुसैन जिम्मेदारी सौंपी गई है। गठित समिति 15 दिनों के भीतर शाखाओं का चुनाव कराकर अभिलेख जमा करेगी।

## आद्या की ओलम्पियाड में आयी दूसरी रैंक

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर कैम्पस प्रथम की मेधावी छात्रा आद्या बघेल ने इंग्लिश ओलम्पियाड में ऑल इण्डिया रैंक 2 अर्जित कर विद्यालय एवं लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित ओलम्पियाड यूनिफाइड काउन्सिल, हैदराबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आद्या ने अंग्रेजी भाषा पर अपनी उत्कृष्ट पकड़, बौद्धिक क्षमता एवं शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

## बंधक बना कर कराया जबरन बैनामा

**लखनऊ।** किसान ने एसीपी कार्यालय मलिहाबाद पहुंचकर लिखित शिकायत की है कि तीन दिन पूर्व विपक्षी लोगों ने उसे बहाने से गाड़ी में बैठा कर ले गए और बंधक बनाए रखा। मंगलवार को काफी मारा पीटा और मलिहाबाद तहसील निबंधक कार्यालय लाकर जमीन की जबरन रजिस्ट्री करवा लिया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। पीड़ित का आरोप है कि नि कार्यालय में उसे दो चेक और तीन लाख बीस हजार नकद रुपए भी दिए गए, और इसके बाद घर छोड़ने के बहाने उसे गाड़ी में बैठा कर लाए, दोनों चेक और तीन लाख बीस हजार को नकदी मार पीट कर छीन लिया। मुझे गांव के पास गाड़ी से ढकेल कर भाग निकले। मामला थाना माल के मसीढा हमीर गांव निवासी सुखदेव पुत्र हीरालाल का है। जिसका आरोप है कि मेरी गांव में खसरा संख्या 757/2रकबा 0.270 हेक्टेएयर है। तीन दिन पूर्व मेरे विपक्षी पार्वती पत्नी विश्राम व विश्राम निवासी रैथा थाना बीकेटी, रामू पुत्र गयादीन निवासी शेरपुर मऊ थान काकोरी और मनीष कुमार निवासी मसीढा हमीर मुझे गाड़ी में जबरन बैठा कर ले गए थे। जहां बंधक बनाकर मारा पीटा और 2 जून दिन मंगलवार को मुझे लहसील मलिहाबाद गाड़ी में बैठा कर लाया गया।

## संविदाकर्मियो की तत्काल भर्ती हो

● निकाले गये कर्मियों को पुनः रखा जाय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री का संविदा कार्मिकों को न निकलने का बयान सकारात्मक लेकिन जो 15 हजार से 20000 संविदा कार्मिक सभी निगमो में निकाले जा चुके हैं जिनकी वजह से मई में उपभोक्ताओं ने भुगता बिजली संकट उनकी वापसी कब होगी तत्काल निष्कासित संविदा कार्मिकों को सेवा में लिया जाए। 20 मई को राज्य सलाहकार समिति की बैठक में उपभोक्ता परिषद ने पिछले 5 वर्षों से बिजली निगमो में कोई भर्ती न किए जाने व संविदा कार्मिकों की छटनी का उठाया था मुद्दा जिसे नियामक आयोग ने मिनट आप मीटिंग में रिकॉर्ड कर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को भेजा तत्काल हो करवाई।

परिषद का कहना है कि बिजली व्यवस्था में वर्टिकल संरचना की समस्याएं और संविदा कार्मिकों की कमी इस संकट की प्रमुख वजह हैं। हाल ही में माननीय ऊर्जा मंत्री द्वारा समीक्षा बैठक के बाद यह कहा गया कि किसी भी संविदा कार्मिक को नौकरी से बाहर न किया जाए, जो एक सकारात्मक संकेत है। लेकिन प्रश्न यह है कि प्रदेश में लगभग 15,000 से 20,000 संविदा कर्मियों को पूर्व में सेवा से हटाए जाने पर सरकार कब निर्णय लेगी।

20मई में ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी राज्य सलाहकार समिति की बैठक में भी उपभोक्ता परिषद द्वारा यह मुद्दा उठाया गया था कि पिछले पांच वर्षों से कोई नियमित भर्ती नहीं हुई है और बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 3.80 करोड़ हो चुकी है, लेकिन न तो पर्याप्त भर्ती हो रही है और न ही कार्यरत संविदा कर्मियों को स्थायित्व दिया जा रहा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी कहा कि यद्यपि ऊर्जा मंत्री द्वारा संविदा कर्मियों को हटाए न जाने की बात कही गई है, लेकिन लाभ तभी मिलेगा जब पूर्व में हटाए गए सभी कर्मियों को तत्काल सेवा में पुनः बहाल किया जाए।

## रहीमाबाद में 18.75 करोड़ की सरकारी भूमि करायी अतिक्रमण मुक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम रहीमाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1.250 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा गया। जहां प्रशासन ने मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 18 करोड़ 75 लाख रुपये आंकी जा रही है। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर अंकित शुक्ला के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम रहीमाबाद स्थित कई खसरा नंबरों की सरकारी भूमि पर कार्रवाई की।

राजस्व अभिलेखों में यह भूमि वृक्षारोपण, कब्रिस्तान और श्मशान जैसी सार्वजनिक उपयोग की श्रेणी में दर्ज है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार कुछ लोगों द्वारा इन भूमियों पर अवैध रूप से बाउंड्री वाल खड़ी कर प्लॉटिंग किए जाने का प्रयास किया गया था। मौके पर पहुंची टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त कराया। नायब तहसीलदार नगर निगम राजेन्द्र कुमार एवं नायब तहसीलदार सरोजनीनगर अनुप श्रीवास्तव ने किया। नगर निगम और तहसील प्रशासन के लेखपालों के साथ प्रवर्तन दल भी मौके पर मौजूद रहे।

## शकुन्तला विवि के छात्रों को मिलेगा उद्योग आधारित प्रशिक्षण

● एफडीडीआई-पुनर्वास विवि के बीच समझौता

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (डीएसएमएनआरयू) के विद्यार्थियों के लिए अब रोजगार, शोध और नवाचार के नए अवसर खुलेंगे। विश्वविद्यालय और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) फुरसतगंज के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत छात्रों को उद्योग से जुड़ी शिक्षा, शोध परियोजनाओं और आधुनिक तकनीकों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। दोनों संस्थान मिलकर ऑर्थोटिक्स, प्रोस्थेटिक्स, फुटवियर, फैशन और रिटेल के क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियां तथा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करेंगे।

एमओयू पर एफडीडीआई के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेषज्ञ संकायों के मार्गदर्शन में रिसर्च, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच फैकल्टी एवं छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को फुटवियर प्रौद्योगिकी, फैशन टेक्नोलॉजी, रिटेल प्रबंधन, प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स जैसे क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराया जाएगा। विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि दोनों संस्थान दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए नए उत्पाद, मटेरियल, डिजाइन और तकनीक विकसित करेंगे।

## घर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर फेस-2 स्थित मंगलवार रात मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। बिजनौर के सुभाषनगर फेस-2 निवासी शालिनी श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ 31 मई को रिश्तेदारी में जिला लखीमपुर खीरी गई थीं। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने मकान के मुख्य गेट और अंदर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, लगभग 70 हजार रुपये नकद, 32 इंच की स्मार्ट टीवी, डिश टीवी बॉक्स समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

## लविवि में निष्कासित छात्रों के समर्थन में बढ़ा जनसमर्थन

● शिक्षा के अधिकार की लड़ाई को मिला राजनीतिक दलों का समर्थन
● सपा और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पहुंचकर आंदोलनरत छात्रों का किया समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि एवं फीस व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में कुलपति कार्यालय का घेराव करने वाले छात्रों के निष्कासन के खिलाफ चल रहा आंदोलन लगातार व्यापक समर्थन प्राप्त कर रहा है। निष्कासित छात्र पिछले दो दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से धरने पर बैठे हुए हैं और अपने निष्कासन की वापसी, शिक्षा के अधिकार की रक्षा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान की मांग कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से प्रिंस प्रकाश, प्रेम यादव, हर्षित शुक्ला हैं।

इसी क्रम में बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलनरत छात्रों से संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस लोकतांत्रिक संघर्ष में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अखिलेश यादव स्वयं छात्रों के संघर्ष पर नजर बनाए हुए हैं तथा छात्रों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए चल रही इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से छात्रों के साथ है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के माध्यम से कुलपति से मिलने का प्रयास किया।

प्रॉक्टर कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि कुलपति वर्तमान में व्यस्त हैं तथा उन्होंने बाद में मिलने का समय दिया है। प्रतिनिधिमंडल में विनीत कुशवाहा (प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी छात्र सभा), त्रिशूल धारी सिंह (टीडी), करुणेश द्विवेदी (केडी) तथा अनिल यादव मास्टर शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भी छात्रों के आंदोलन को समर्थन प्राप्त हुआ। धरना स्थल पर पहुंचकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता सुधांशु बाजपेयी ने छात्रों से मुलाकात की, उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनकी न्यायपूर्ण मांगों का समर्थन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक छात्र का अधिकार है और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के साथ दमनात्मक व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि उनका संघर्ष किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा के अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों और विश्वविद्यालयों में संवाद की संस्कृति को बचाने के लिए है।

छात्रों का मानना है कि विश्वविद्यालय विचारों के आदान-प्रदान, बहस और लोकतांत्रिक विमर्श का केंद्र होना चाहिए, न कि असहमति की आवाजों को दबाने का माध्यम। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि निष्कासन की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से वापस ली जाए, छात्रों पर की गई दमनात्मक कार्रवाइयों की समीक्षा की जाए तथा फीस संबंधी उठाए गए प्रश्नों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच करायी जाये। आंदोलनरत छात्रों ने स्पष्ट किया है कि उनका संघर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक है तथा न्याय मिलने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## आईआईआरएफ 2026 में केंद्रीय विवि में बीबीएयू की 19वीं रैंक

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 19वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 13वीं रैंक अर्जित की है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

### सूचना

मेरा वास्तविक नाम अनिकेश कुमार पुत्र स्व बालगोविन्द निवासी वार्ड नंबर 7 गोला बाजार गोरखपुर का निवासी हूं। मेरे सभी प्रमाण पत्रों में अनिकेश कुमार पुत्र स्व बालगोविन्द दर्ज है जो सही है। मेरे पैन का कार्ड में त्रुटिवश रोहित कुमार अंकित हो गया था। जिसका सुधार कराना अनिवार्य है। **अनिकेश कुमार पुत्र स्व बाल गोविन्द गोला बाजार, गोरखपुर।**

**श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**माधवपुर, बौरा जगदीशपुर, जनपद सुलतानपुर (उ.प्र.)**

(कॉलेज कोड- 688)

**निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।**

1. **स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)**-भौतिक विज्ञान-01 पद, गणित -01 पद, रसायन विज्ञान-01 पद, जन्तु विज्ञान-01 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद।
2. **स्नातक स्तर (कला संकाय)**-गृह विज्ञान-01 पद, प्राचीन इतिहास- 01 पद, राजनीति शास्त्र-01 पद।
3. **परास्नातक स्तर (कला संकाय)**-भूगोल-02 पद, समाजशास्त्र-02 पद।
4. **परास्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)**-जन्तु विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद।

**अहर्ता वेतन :-** विश्वविद्यालय/यूजीसी/एनसीटीई की परिनियमावली के अनुसार देय होगा।

इच्छुक योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ता अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति व फोटो के साथ 15 दिन के महाविद्यालय के पते पर भेजें।

**हरिश्चन्द्र सिंह**
**प्रबंधक**
**श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**माधवपुर**
**बौरा जगदीशपुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)**
**मो. 8449555000**

## गैंगस्टर एक्ट में सपा के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को राहत

● हाईकोर्ट ने रिजवान जहीर और उनके दामाद रमीज नेमत के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही किया खारिज

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बलरामपुर के पूर्व सपा सांसद रिजवान जहरी एवं उनके दामाद रमीज नेमत को बड़ी राहत देते हुए उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही को रद्द कर दिया है। यह आदेश सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि पुलिस और प्रशासन गैंगस्टर एक्ट की आवश्यक कानूनी शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं तथा पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री से यह नहीं साबित होता कि आरोपित की गतिविधियों से सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हुई या उसने अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अपराध किए। यह आदेश जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की एकल पीठ ने रिजवान जहीर व रमीज नेमत की ओर से बीएनएसएस की धारा 528 के तहत दाखिल अर्जी को मंजूर करते हुए पारित किया है।

कोर्ट ने मामले की सुनवायी पूरी करके गत 26 मई के अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था जिसे गत 29 मई के सुनाया गया। मामला बलरामपुर जिले के थाना तुलसीपुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे से जुड़ा था। पुलिस ने रमीज नेमत को गिरोह का सरगना और रिजवान जहीर को उसका सदस्य बताते हुए गैंगचार्ट तैयार किया था। गैंगचार्ट में रमीज के खिलाफ वर्ष 2022 के एक जानलेवा हमले के मुकदमे और वर्ष 2023 के हत्या के मुकदमे को आधार बनाया गया था। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की गई थी।

याचियों की ओर से वरिश्ठ अधिवक्ता बी ए खान ने दलील दी कि थाना प्रभारी ने 7 जुलाई 2024 को स्वयं गैंगचार्ट तैयार किया था, जबकि एफआईआर में कहा गया कि उन्हें 20 जुलाई 2024 को गश्त के दौरान गिरोह की जानकारी मिली। हाईकोर्ट ने इस विरोधाभास को गंभीर मानते हुए कहा कि एफआईआर की कहानी प्रथम दृष्टया अविश्वसनीय प्रतीत होती है और इससे पुलिस की दुर्भावना झलकती है। राज्य सरकार की ओर से पेष अपर शासकीय अधिवक्ता जी डी भट्ट ने याचिका का विरोध कर कहा कि याचियों का क्षेत्र में इतना आतंक है कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोई सामने नहीं आता है और उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही में प्रकियायों का सही पालन किया गया है।

आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि आरोपितों की कथित गतिविधियों से सार्वजनिक शांति का सामान्य क्रम प्रभावित हुआ हो। हत्या के मुकदमे को आर्थिक लाभ से जोड़ने के लिए भी कोई ठोस सामग्री नहीं प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने माना कि विवेचक, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और ट्रायल कोर्ट ने बिना संतुष्टि दर्ज किए यांत्रिक ढंग से कार्रवाई की। इन्हीं आधारों पर हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट की चार्जशीट तथा विशेष न्यायाधीश द्वारा पारित संज्ञान और समन आदेश को रद्द करते हुए याचिका स्वीकार कर ली।

## भाषा विवि के मास कम्युनिकेशन विभाग में 11 जून अंतिम तिथि

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 11 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। विभाग में स्नातक स्तर पर बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में 60 सीटें तथा स्नातकोत्तर स्तर पर मास्टर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में 30 सीटें उपलब्ध हैं। यहां छात्रों को आधुनिक मीडिया शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण का बेहतरीन अवसर प्रदान किया जाता है।

मास कम्युनिकेशन विभाग में अनुभवी एवं श्रेष्ठ फैकल्टी सदस्यों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित किया जाता है। छात्रों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से मीडिया इंडस्ट्री की वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार किया जाता है। विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक मीडिया लैब और कंप्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध है, जिससे छात्र तकनीकी कौशल में दक्ष बनते हैं। साथ ही, सुव्यवस्थित कक्षाएं और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। विभाग का प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी काफी प्रभावशाली रहा है। छात्रों को प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है और करियर की दिशा स्पष्ट होती है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-पीलीभीत**

**ई-निविदा सूचना** — **वि0आ0सं0 827, दिनांक: 03.06.2026**

**अल्पकालीन ई-निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 03/विविमपी/2026-27:-विद्युत वितरण खण्ड-पीलीभीत, पूरनपुर एवं बीसलपुर के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों की फेंसिंग एवं पावर परिवर्तकों व वितरण परिवर्तकों के अर्थिंग सम्बन्धी कार्य।
2. 04/विविमपी/2026-27:-विद्युत परीक्षण खण्ड-पीलीभीत के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों में प्रोटेक्शन सिस्टम के सुदृढीकरण हेतु दोषपूर्ण/खराब सामग्रियों को बदलने व आवश्यक उपकरणों की स्थापना करने का कार्य।

अल्पकालीन ई-निविदा की अंतिम तिथिः 17.06.2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

# मेरे भीतर एक्टिंग का सपना मां ने जगाया : मुस्कान वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक्ट्रेस मुस्कान वर्मा ने छोटे शहर रुड़की से निकलकर मुंबई में अपनी पहचान बनाई। म्यूजिक सीखने वाली मुस्कान के भीतर एक्टिंग का सपना उनकी मां ने जगाया, जो खुद एक्ट्रेस बनना चाहती थीं। शुरूआती दिनों में उन्हें संघर्ष, रिजेक्शन और लोगों के ताने झेलने पड़े, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में बिन्नी के किरदार ने उन्हें नई पहचान दी।

**सबसे पहले एक्टिंग का सपना कब देखा ?**

सच कहूं तो यह सपना मेरी मम्मी का था। वह खुद एक्ट्रेस बनना चाहती थीं, लेकिन उस समय लड़कियों की जल्दी शादी हो जाती थी। उनका सपना अधूरा रह गया। धीरे-धीरे वही सपना मेरे अंदर आने लगा। मम्मी मुझे बचपन से दो रिबन, काजल और लिपस्टिक लगाकर हीरोइन की तरह तैयार करती थीं। लोग कहते थे कि जिस तरह यह बच्ची को तैयार करती है, यह जरूर फिल्मों में जाएगी।

**यानी कहीं न कहीं मम्मी ने आपके अंदर वह सपना डाल दिया था ?**

बिल्कुल। फिर मैंने म्यूजिक का छह साल का कोर्स किया। मेरी मैम कहती थीं कि तुम्हें मुंबई जाकर कोशिश करनी चाहिए। उसके बाद मम्मी-पापा ने मुझे एक-दो साल का समय दिया कि जाओ और ट्राई करो।

**मुंबई आने के बाद पहला मौका कैसे मिला ?**

मैं कोविड से थोड़ा पहले मुंबई आई थी और जल्दी ही मुझे एक टीवीसी ऐड मिल गया। फिर लगा कि शायद मैं सही दिशा में जा रही हूं। कोविड के दौरान पापा ने कहा था कि अब वापस आ जाओ, क्योंकि उस समय बहुत लोग मुंबई छोड़ रहे थे। लेकिन तभी मुझे इंस्पेक्टर अविनाश मिल गई।

**मुंबई में शुरूआत कैसे हुई ? पहली बार कहां रुकी थीं ?**

शुरूआत में मैं न्यू म्हाडा में रुकी थी। रिश्तेदारों के जरिए रहने की व्यवस्था हुई। धीरे-धीरे ऑडिशन देना शुरू किया, लोगों से मिलती गई और इंडस्ट्री को समझती गई।

**छोटे शहर से आने वाले लोगों के लिए मुंबई को समझना आसान नहीं होता। आपने कैसे सीखा ?**

ऑडिशन में जाती गई और लोगों से मिलती गई। फिर दोस्त बने। किसी ने बताया कि ऐसे ऑडिशन देना होता है और ऐसे कास्टिंग डायरेक्टर से मिलना होता है। बाद में मैं मेडिटेशन और ब्रह्माकुमारी से भी जुड़ गई। मुझे लगता है कि भगवान कृष्ण की कृपा से सब होता चला गया।

**आपको कब लगा कि एक्टिंग ही करनी है ?**

जब मम्मी दिन में सोती थीं, तब मैं साड़ी पहनकर माधुरी दीक्षित के गानों पर डांस करती थी। शायद वहीं से सब शुरू हुआ।

**परिवार में सबसे ज्यादा सपोर्ट किसका मिला ?**

मेरे पापा पत्रकार हैं और मम्मी टीचर हैं। सबसे ज्यादा सपोर्ट मम्मी का मिला। पापा थोड़े स्ट्रिक्ट थे। म्यूजिक क्लास मम्मी ने उनसे छुपाकर कराई। उन्हें डर था कि मेरे सपने कहीं खत्म न हो जाएं।

**मुंबई में संघर्ष कितना मुश्किल रहा ?**

बहुत मुश्किल था। यहां अच्छे और गलत दोनों तरह के लोग मिले। कॉम्प्रोमाइज जैसी बातें सुननी पड़ीं। लेकिन मैंने ऐसे कई प्रोजेक्ट छोड़ दिए। मुझे लगा कि गलत रास्ते से सफलता नहीं चाहिए।

**फिल्म इंडस्ट्री को लेकर छोटे शहरों में बहुत गलत धारणाएं होती हैं। आपके साथ भी ऐसा हुआ ?**

हां, बहुत हुआ। लोगों ने कहा कि मुंबई जाकर पता नहीं क्या कर रही होगी। लेकिन मैंने कभी जवाब नहीं दिया। मैंने सोचा कि एक दिन मेरा काम ही जवाब देगा। आज वही लोग टीवी पर मुझे देखकर तारीफ करते हैं।

**एक्टिंग में पहला बड़ा मौका कौन सा मिला ?**

मैंने पहले स्टार भारत के शो राधा कृष्ण में चित्रलेखा का रोल किया। उसका ऑडिशन दिया और भूल गई थी। रात 12:30 बजे कॉल आया कि सुबह 6 बजे शूट के लिए निकलना है।

**कभी ऐसा लगा कि शायद यह इंडस्ट्री आपके लिए नहीं है ?**

हां। एक बड़े शो में मैं फाइनल हो गई थी, लेकिन शूट से एक रात पहले रिप्लेस कर दिया गया। मैं डिप्रेशन में चली गई थी। लगा कि शायद मैं टैलेंटेड नहीं हूं। लेकिन बाद में समझ आया कि शायद भगवान ने मेरे लिए कुछ बड़ा सोच रखा था।

**फिर इंस्पेक्टर अविनाश में काम करने का मौका कैसे मिला ?**

एक कास्टिंग डायरेक्टर ने मुझे कॉल किया और कहा कि एक डायरेक्टर से मिल लो। मैं उस समय इसे सीरियस नहीं ले रही थी। उन्होंने चार-पांच बार कॉल किया, तब मैं मिलने गई। वहां मेरी मुलाकात डायरेक्टर नीरज पाठक से हुई और मुझे बिन्नी का रोल मिल गया।

**पहली बार इतने बड़े सेट पर पहुंचीं। कैसा अनुभव रहा ?**

बहुत शानदार। मुझे कभी नहीं लगा कि मैं पहली बार काम कर रही हूं। नीरज पाठक सर इतने सपोर्टिव थे कि हर चीज प्यार से समझाते थे। वह किसी भी एक्टर से बेहतरीन एक्टिंग निकलवा लेते हैं।

**रणदीप हुड्डा के साथ पहला सीन कैसा था ?**

बहुत अच्छा। उन्होंने मुझे कभी जूनियर जैसा महसूस नहीं कराया। हमारे बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता बन गया था। पहला सीन वही था, जिसमें मेरा किरदार कॉलेज टॉप करता है और पूरा एसटीएफ परिवार घर आता है।

## सीएम योगी के जन्मदिन पर होगा सुंदरकाण्ड का पाठ

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 5 जून को स्थान दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी मंदिर हजरतगंज लखनऊ में 1000 (एक हजार) तुलसी का पैधा निःशुल्क वितरण अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के पदाधिकारीयों द्वारा किया जायेगा। तथा सभी लोग श्री हनुमान जी से मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के स्वस्थ, दीघार्यु उन्नति तथा जनता की सेवा करते रहे, सभी लोग इश्वर से प्रार्थना करेंगे। 11 ब्राह्मणो द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ कर 51 किलो लडडू का भोग लगाकर फल एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय, संजय सिंह, भाजपा के उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता संजय चौधरी, लोक गायक सुरेश कुशवाहा हनुमान यादव, अवधेश, संजय यादव, सुनील सिंह, पंडित राज कुमार, रामयतन यादव, आदि लोग उपस्थित रहेगे।

## मनुष्य में ज्ञान, वैराग्य व भक्ति जागृत करती है भागवत कथा

लखनऊ। यज्ञसेनी वैश्य (हलवाई) सभा की ओर से वाटर वर्क्स रोड, ऐशबाग में बुधवार से श्री राम जानकी महात्मा यज्ञसेन मन्दिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शाम को कथा व्यास पंडित ओम प्रकाश द्विवेदी ने भागवत महात्म्य से कथा को आरंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का मुख्य उद्देश्य ही मनुष्य के हृदय में ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को जागृत करना है। कलयुग के प्रभाव से जब ज्ञान और वैराग्य शक्तिहीन हो जाते हैं, तब भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य फिर से तेजस्वी हो जाता है। उन्होंने कहा कि जो माता-पिता अपने बच्चों अच्छे संस्कार देते है वहीं बच्चे धर्म के मार्ग पर चल पाते हैं। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य के अंदर सम्पूर्ण वासनाओं का विनाश हो जाता है।

## 8 को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे सुख के दाता शुक्र



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भौतिक सुख-सुविधा, ऐशोआराम और धन के कारक ग्रह शुक्र 08 जून 2026 को चंद्रमा के स्वामित्व वाली राशि कर्क में प्रवेश करेंगे, जो 4 जुलाई 2026 तक इसी राशि में रहेंगे। इसी के साथ गुरु और शुक्र की युति भी कर्क राशि में होगी। कर्क राशि में गुरु उच्च के होते हैं और जब गुरु उच्च के होते हैं तो यह सबसे ज्यादा बली होते हैं।

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि वालों के लिए शुक्र का कर्क राशि में गोचर और गुरु-शुक्र की युति से अच्छा फायदा मिलेगा। 04 जुलाई तक शुक्र आपकी कुंडली के तीसरे भाव में होंगे जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इस दौरान सुख-सुविधाओं और आय में वृद्धि के योग हैं। साझेदारी में व्यापार में अच्छा लाभ मिल सकता है। वृषभ राशि वालों के लिए नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग हैं। अधूरे काम जल्द पूरे होंगे।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए शुक्र का लग्न भाव में गोचर करना बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। इस राशि वालों के लिए नौकरी में स्थान परिवर्तन, आय में बढ़ोतरी और आमदमी में तेजी से वृद्धि होगी। सुख-सुविधाओं और धन प्राप्ति के योग बनेगा। आपकी आय में वृद्धि होगी। शुक्र के गोचर करने से आपको किसी तरह के पैतृक संपंति के मिलने की संभावना है।

**तुला राशि:** तुला राशि वालों के लिए शुक्र का कर्क राशि में गोचर बहुत ही लाभकारी साबित रहेगा। करियर-कारोबार में अच्छी सफलता के योग हैं। नौकरी में वेतन वृद्धि के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा मुकाम हासिल हो सकता है। मान-सम्मान में अच्छा इजाफा होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में इजाफा होगा और सेहत अच्छी रहेगी।

# लखनऊ नवाबों का नहीं, लक्ष्मण का नगर : रामभद्राचार्य

### अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए अवतरित होते हैं भगवान, भारतीय संविधान पर उठाये सवाल, अवतारवाद की व्याख्या की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** विश्वविख्यात संत, पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की ओजस्वी वाणी से श्रीराम कथा के तृतीय दिवस संपूर्ण परिसर राममय हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जय श्रीराम और जय जय हनुमान के उद्घोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विपणन एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डा. दिनेश प्रताप सिंह, विधायक डा. नीरज बोरा, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, यूपी कोआपरेटिव यूनियन के उपसभापति ब्रजकिशोर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने भगवान के अवतारों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जब संसार में अनीति और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान सज्जनों की रक्षा, दुष्टों के विनाश और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का अवतार भी इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ था। उन्होंने अन्याय और अधर्म का नाश कर सत्य, मयार्दा और धर्म की स्थापना की। भगवान राम का जीवन केवल एक राजकुमार का जीवन नहीं था, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श, प्रेरणा और कर्तव्यपथ का प्रकाश स्तंभ है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान के विविध अवतारों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक अवतार का उद्देश्य समाज को नई दिशा देना, आसुरी शक्तियों का नाश करना तथा दैवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा करना रहा है।

भारतीय संस्कृति में अवतारवाद लोककल्याण, न्याय और धर्म की स्थापना का संदेश देता है। रामभद्राचार्य ने लखनऊ की सांस्कृतिक पहचान का उल्लेख करते हुए कहा कि लखनऊ की पहचान नवाबों से नहीं, कुमार लक्ष्मण से है। यह नवाबों का नहीं, भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण का नगर है। उन्होंने बड़े मंगल की परंपरा और लखनऊ में आयोजित होने वाले विशाल भंडारों की चर्चा करते हुए कहा कि यह नगर अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के कारण देश में विशिष्ट स्थान रखता है।

अपने उद्बोधन में उन्होंने भारतीय संविधान पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इंडिया दैट इज भारत के स्थान पर भारत दैट इज इंडिया होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं में आधे लोग अनपढ़ थे तथा ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस के संविधान की कतरनों को मिलाकर भारतीय संविधान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में मनुस्मृति की चर्चा नहीं है, जबकि स्वयंभू मनु प्रथम संविधान निमार्ता थे। कथा के मध्य रामभद्राचार्य ने अपने विशिष्ट भावपूर्ण अंदाज में भजनों की प्रस्तुति भी की। 'हमनी के धन एगो राघव के चरन बा', 'अब तो स्वयंभू मनु को अवतारी चाहिए' तथा 'शंकर तू ले ल कैलाश, हम त भारते रहबे', अस मन होत उठाय लेओ कंधवा हो' जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। संगीत मंडली में हारमोनियम पर विशेष नारायण मिश्र, तबले पर हरिओम वाली, संतोष डागर तथा अन्य कलाकारों ने प्रभावी संगत प्रस्तुत की। कथा के उपरांत राकेश पाण्डेय, श्यामजी अग्रवाल, रवि तिवारी, सुनील अग्रवाल, डॉ. अजय गुप्ता तथा लखनऊ के विभिन्न वार्डों के पार्षदों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आरती में सहभागिता की। मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस की कथा गुरुवार सायं 5 बजे से आरंभ होगी। कथा स्थल पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा जल सेवा, एकल अभियान द्वारा पंडाल व्यवस्था तथा श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट, उत्सव, बोरा फाउण्डेशन, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन सहित विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं का संचालन संभाला।

# जनभवन में कल सम्मानित होंगे प्रदेश के 51 कलाकार

- हर कार्यक्रम के लिए मिलेगा 70 हजार रुपये मानदेय: जयवीर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने वाले कलाकारों के लिए एक अच्छी खबर है। आगामी 5 जून को जनभवन (राजभवन) के गांधी सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें विभिन्न कला विधाओं के 51 नामचीन कलाकारों को अकादमी पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इन कलाकारों को सम्मानित करेंगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को पर्यटन भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। संस्कृति मंत्री ने कलाकारों के लिए एक बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि अकादमी पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद इन सभी कलाकारों को विशिष्ट श्रेणी में शामिल कर लिया जाएगा। इसके बाद, संस्कृति विभाग के किसी भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने पर इन्हें स्वतः 70 हजार रुपये का मानदेय (फीस) मिलने लगेगा। इन कलाकारों को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के साथ-साथ सफदर हाशमी और बी.एम. शाह पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा।

**इन प्रमुख कलाकारों को मिलेगा सम्मान: वर्ष 2021:** शास्त्रीय गायन के लिए पं. दीनानाथ मिश्रा (कोलकाता), लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य (प्रयागराज), शहनाई वादन के लिए जवाहर लाल (वाराणसी) सहित कई अन्य कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। रंगमंच के लिए मनोज कुमार मिश्रा को सफदर हाशमी और सतीश आनंद को बी.एम. शाह पुरस्कार मिलेगा।

**वर्ष 2022:** आनंद कुमार मलिक (मथुरा) को शास्त्रीय गायन, माधुरी शर्मा (मथुरा) को लोकगायन और पं. अनुज मिश्रा (लखनऊ) को कत्थक नृत्य के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। रंगमंच के क्षेत्र से राजेश सिंह को सफदर हाशमी और कमल जैन को बी.एम. शाह पुरस्कार मिलेगा।

**वर्ष 2023:** डॉ. रामशंकर (वाराणसी), मनोज कुमार गुप्ता (प्रयागराज) और डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव (लखनऊ) को अकादमी पुरस्कार मिलेगा। अजय कुमार को सफदर हाशमी और रविशंकर खरे को बी.एम. शाह पुरस्कार दिया जाएगा।

**वर्ष 2024:** रितेश रजनीश मिश्रा (नई दिल्ली) को शास्त्रीय गायन, मुक्ता चटर्जी (लखनऊ) को सुगम गायन, रामरथ पाण्डेय (रायबरेली) को आल्हा (लोकगायन) और सुगम सिंह शेखावत (गोरखपुर) को लोकनृत्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। शुभदीह राहा को सफदर हाशमी और संजय मेहता को बी.एम. शाह पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

**विलुप्त होती कलाओं को बचाने की मुहिम:** जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत बेहद गौरवशाली है। संगीत नाटक अकादमी पिछले 63 वर्षों (स्थापना 13 नवंबर 1963) से गीत, संगीत, नृत्य और नाटक की परंपरा को जीवंत बनाए हुए है। वर्ष 1970-71 से शुरू हुए इन पुरस्कारों के तहत अब तक 510 कलाकारों को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग के पोर्टल पर करीब 17,000 कलाकार रजिस्टर्ड हैं, जिन्हें सीधे उनके बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग राज्य के सभी 75 जिलों में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत समर वर्कशॉप (ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं) चला रहा है। साथ ही, गांवों और शहरों के स्कूलों-कॉलेजों तक सांस्कृतिक धरोहर को पहुंचाने और दम तोड़ रही लोककलाओं को नई पीढ़ी तक सौंपने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक शोभित कुमार नाहर सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## कला और संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है : रस्तोगी

- प्रदेश के प्रेक्षागृहों की बदहाली पर कलाकारों का फूटा गुस्सा, समाधान न हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन



**लखनऊ।** प्रदेश के प्रमुख प्रेक्षागृहों की बदहाल स्थिति, बढ़ते किराए और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर कलाकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

प्रेस वार्ता में पद्मश्री अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद मिश्रा, सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ, राजा अवस्थी, गोपाल सिन्हा, अजय द्विवेदी, रंगकर्मी मुकेश वर्मा, राजीव रंजन सहित सैकड़ों कलाकार उपस्थित रहे। इस दौरान कलाकारों ने प्रदेश के सांस्कृतिक केंद्रों की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम बहुगुणा ने कहा कि संत गाडगे प्रेक्षागृह में केवल एसी और पर्दों की व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता है, लेकिन इसके बावजूद इसे लंबे समय से बंद रखा गया है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक निर्माण कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बजाय आवश्यक मरम्मत कर इसे जून माह में ही कलाकारों के लिए खोल दिया जाना चाहिए। इससे सरकारी धन की बचत होगी और सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रभावित नहीं होंगी। पद्मश्री अनिल रस्तोगी ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों और प्रेक्षागृहों की उपेक्षा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती हैं और इन्हें संरक्षित करना सरकार तथा समाज दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कलाकारों से संवाद किए बिना लिए जा रहे फैसले व्यावहारिक नहीं हैं और इससे सांस्कृतिक गतिविधियों को नुकसान पहुंच रहा है। वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद मिश्रा ने कहा कि बढ़ते किराए और घटती सुविधाओं ने रंगमंच से जुड़े छोटे समूहों और युवा कलाकारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेक्षागृहों का उद्देश्य संस्कृति को बढ़ावा देना है, न कि उन्हें केवल राजस्व का साधन बनाना। सरकार को कलाकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए और किराए को यथासंभव कम करना चाहिए।

# भोजपुरी फिल्म 'पिया रखिहा सेनुरवा के लाज' का फर्स्ट लुक रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी फिल्म 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। फिल्म के पोस्टर में भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय एक्टर प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता की जोड़ी है। दोनों साथ में बेहद आकर्षक और दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी के फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' के प्रोड्यूसर सुरिंदर यादव हैं, जबकि निर्देशन की कमान विजय यादव ने संभाली है।

को-प्रोड्यूसर महेन्द्र यादव हैं। फिल्म पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी देखने को मिलेगा। प्रोड्यूसर सुरिंदर यादव ने कहा, 'पिया रखीह सेनुरवा के लाज' एक साफ-सुथरी, पारिवारिक और मनोरंजन से भरपूर भोजपुरी फिल्म है। फिल्म की कहानी समाज और परिवार के रिश्तों से जुड़ी हुई है, जिससे हर वर्ग के दर्शक खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। आज भोजपुरी सिनेमा तेजी से बदल रहा है। दर्शक अच्छी कहानी और बेहतर प्रेजेंटेशन वाली फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। इसी सोच के साथ इस फिल्म का निर्माण किया गया है।' उन्होंने आगे कहा कि फिल्म के सभी कलाकारों और तकनीकी टीम ने बेहद मेहनत और लगन के साथ काम किया है।

फर्स्ट लुक को दर्शकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, उससे पूरी टीम उत्साहित है। उन्हें विश्वास है कि यह फिल्म रिलीज के बाद दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी और भोजपुरी सिनेमा में एक अलग पहचान बनाएगी। निर्देशक विजय यादव ने कहा कि यह फिल्म दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली है और इसमें मनोरंजन के सभी रंग देखने को मिलेंगे। वहीं निमार्ता सुरिंदर यादव ने विश्वास जताया कि फिल्म भोजपुरी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाएगी।

पिया रखीह सेनुरवा के लाज' में प्रेम सिंह और रक्षा गुप्ता के अलावा रोशनी सिंह, विनोद मिश्रा, मनोज द्विवेदी, अनीता रावत, अनीता ओझा, संगीता सिंह, रिंकू आयुषी और बबलू लाल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सुनिल झा ने तैयार किया है, जबकि शिशिर पाण्डेय ने कॉन्सेप्ट पर काम किया है। कहानी और डायलॉग शमशेर सेन ने लिखे हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होते ही दर्शकों और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने इसकी जमकर सराहना की है।

# डाल की पकी दशहरी के लिए कुछ दिन करना होगा इंतजार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलिहाबादी मंडी में मंगलवार से आम की आवक तेज हो गयी है। पहले दिन मंडी में जहां कच्ची दशहरी 35 से 40 रुपये किलो तक बिकी। वहीं पाल का पका हुआ आम के दाम 60 से 70 रुपये प्रति किलो खुले हैं। डाल की पकी दशहरी के स्वाद के लिए शौकीनों को अभी कुछ दिन का इंतजार करना होगा। आढ़ती अभिषेक अवस्थी ने बताया कि कच्ची दशहरी बाजार में आ चुकी है। जो फुटकर बाजारों तक पहुंचाई जा रही है। वहीं फुटपाथ पर पाल की दशहरी भी खूब बिक रही है। इसकी कीमतें अभी गिरनें की सम्भावना है।

आढ़ती विमल रावत ने बताया कि रविवार को हुई बरसात से बागों में पानी भर गया था जिसके चलते ज्यादातर किसानों ने सोमवार शाम से आम की तुड़ाई और पैकिंग शुरू की। यह आम मंगलवार को मंडी पहुंचना शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि फलमंडी नजर नगर मे स्थित आढतों पर मंगलवार को करीब छह टन आम पहुंचा है। यह आम यहां से देश की विभिन्न मंडियों के लिये रवाना होगा। विभिन्न मंडियों से यहां पहुंचे व्यापारियों ने आम की खरीद शुरू कर दी है। मंगलवार को 35 से 40 रुपये किलोग्राम की दर से आम की बिक्री शुरू हुई है। बागवानों का कहना है कि दिल्ली मंडी में आम के दाम 40 से 45 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। जिसके चलते कई बागवान दिल्ली मंडी मे ही अपना आम भेज रहे है।

**पांच और 10 किलो के दफ्ती के गत्तों में पैक हो रहा आम:** देश की विभिन्न मंडियों से आम की खरीदारी करने यहां पहुंचे व्यापारियों के लिये दशहरी आम विभिन्न पैकिंग और कैरेट में मौजूद है। पांच से 10 किलो तक दफ्ती के गत्तों के अलावा 22 से 25 किलोग्राम आम के कैरेट भी उपलब्ध है। खुदरा कारोबारी यहां से कैरेट वाले आम की खरीद कर डीसीएम मे पलट कर आम दूसरी मंड़ियों तक पहुंचाते हैं। वहीं दिल्ली, आन्ध्रप्रदेश, मुम्बई, कोलकाता आदि मंड़ियों के लिये कारोबारी गत्ते वाले आम की खरीद करते है।

गत्तों में पैक कच्चा आम गंतव्य तक पहुंचने तक पक कर खाने लायक हो जाता है। विभिन्न कम्पनियों द्वारा मलिहाबाद के बागों से उच्चतम क्वालिटी और करीब 300 ग्राम वजन के दशहरी आम की खरीदी कर मैंगों पैक हाउस में उसकी पैकेजिंग कराकर खाड़ी देशों के साथ ही यूरोप के देशों के लिये निर्यात किया जाता है। इसके लिये मैंगों पैक हाउस रहमान खेड़ा पूरी तरह से तैयारी कर चुका है। मैंगों पैक हाउस के संदीप कुमार ने बताया विभिन्न कम्पनियां हमारे सम्पर्क में हैं। 27 मई से अभी तक नेपाल के लिये 27 टन आम रवाना हो चुका है। वहीं यूरोप और खाड़ी देशों के लिये पांच जून के बाद आम रवाना होगा।

**पहले दिन ही हुई आम की रिकॉर्डतोड़ बिक्री:** दुनिया भर में अपने जायके और मिठास के लिए मशहूर दशहरी के शौकीनों का इंतजार पूरा हुआ। सोमवार को दशहरी ने बाजारों में दस्तक दी। दहशरी आई और छा गई। पहले ही दिन मंडी में एक हजार टन से अधिक का कारोबार हो गया। पहले दिन जिस तरह से कारोबार हुआ उससे बागबान उत्साहित हैं। कारोबारियों का कहना है कि उम्मीद है कि स्वाद के साथ दशहरी इस बार मुनाफा भी लेकर लाएगी। देश ही नहीं दुनिया में कई देशों तक दशहरी का निर्यात किया जाता है। दशहरी केवल जायका ही नहीं मलिहाबाद व आसपास के पूरे इलाके की आर्थिकी की धुरी है जिससे हजारों परिवारों का जीवन यापन चलता है। मलिहाबाद आम मंडी में दशहरी आम की बिक्री शुरू हो गई।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में लेखपाल की मौत

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील के लेखपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में उनके किराए की निवास में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जाता है कि मड़ियाहूं तहसील में दारा सिंह चैहान लेखपाल पद पर तैनात है। वह बरसठी सर्किल में मझगवां बारीगांव भवरास समेत अन्य गांवों में तैनात रहे। लेखपाल दारा सिंह मंगलवार की दोपहर अपने हल्का से लौटने के बाद साथी अधिकारियों को मामूली तबीयत खराब होने की सूचना देकर जलालपुर रोड पर मौर्य कटरा में स्थित किराए के कमरे में सोने चले गए। बुधवार की सुबह तक वह कमरे से बाहर नहीं निकले तो साथी अधिवक्ताओं ने देखा कमरे का पंखा चल रहा था इसके बाद आवाज लगाई लेकिन कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर उन्हें शक हुआ तब तहसील के और साथियों को सूचना देने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो वह बिस्तर पर पड़े हुए थे जहां उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कबाड़ की दुकान में आग, लाखों की क्षति

मड़ियाहूं। तहसील क्षेत्र के नेवढ़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताते है कि नेवढ़िया बाईपास स्थित कबाड़ की दुकान के मालिक रवि गुप्ता ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1रू30 बजे उन्हें आसपास के लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आग की तेज लपटों ने पूरे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया था और दुकान धू-धू कर जल रही थी। आग की सूचना मिलते ही नेवढ़िया पुलिस और दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस, दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से आग को फैलने से रोका गया और उस पर नियंत्रण पाया गया। दुकानदार रवि गुप्ता के मुताबिक, दुकान में रखा कबाड़ और अन्य सामान जलकर राख हो गया है, जिससे उन्हें लाखों रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है।

## डॉ. जगदीश सिंह की दूरदर्शिता से मड़िहान को मिलेगी औद्योगिक पहचान

मड़िहान/मीरजापुर। शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में अति पिछड़े व आदिवासी बहुल क्षेत्र में शिक्षा व रोजगार के लिए सतत प्रयत्नशील डॉ. जगदीश सिंह पटेल ने कदम बढ़ाया तो पीछे हटने का नाम नहीं लिया। क्षेत्र के विकास में एक बार फिर समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. जगदीश सिंह पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। देवरी कला गांव स्थित प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क के लिए उन्होंने अपनी बहुमूल्य भूमि उपलब्ध कराकर क्षेत्र के औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। लगभग 12 एकड़ भूमि पर उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से विकसित होने वाले इस औद्योगिक पार्क में 60 से 65 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग स्थापित किए जाने की योजना है, जिससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2002 से लेकर अब तक डॉ. जगदीश सिंह पटेल ने शिक्षा के क्षेत्र में मड़िहान के अनेक सौगातें दी हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। अब उन्होंने युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए अपनी भूमि औद्योगिक विकास एवं प्रोत्साहन विभाग को समर्पित कर एक नई मिसाल कायम की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस प्रकार डॉ. पटेल ने शिक्षा के माध्यम से क्षेत्र की नई पीढ़ी को ज्ञान का प्रकाश दिया, उसी प्रकार यह औद्योगिक पार्क रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार खोलेगा। इससे न केवल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। मड़िहान के विकास की इस नई कहानी में प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# डीएम के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई, लेखपाल निलंबित



- आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में देरी, अंश निर्धारण में शिथिलता पर कार्रवाई
- आईजीआरएस में लापरवाही पर प्रशासन का बड़ा एक्शन
- डीएम की सख्ती लेखपाल निलंबित, कई अधिकारियों का वेतन रोका

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश में जनपद में प्रशासनिक कार्यों की नियमित समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण न करने, अंश निर्धारण के मामलों में अपेक्षित प्रगति न लाने के मामले में लेखपाल मदन मोहन यादव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, क्षेत्र सुरसत खुर्द, राजस्व निरीक्षक क्षेत्र रायपुर में तैनात लेखपाल मदन मोहन यादव को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित संदर्भों का समय से निस्तारण नहीं किया गया, अंश निर्धारण के कार्यों में शिथिलता बरती गई। इन मामलों को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए यह कार्रवाई की गई है।

इसी प्रकार से तहसीलदार सदर, तहसीलदार ओबरा, तहसीलदार घोरावल, तहसीलदार दुद्धी, क्षेत्रिय प्रदूषण अधिकारी, को स्पष्टीकरण जारी किया गया है इसी क्रम में अधीक्षण अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, क्षेत्रिय वना अधिकारी वन प्रभाग सोनभद्र (एस0डी0ओ0), अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला, क्षेत्रिय वना अधिकारी बन प्रभाग ओबरा, लेखपाल तिलौली कला, लेखपाल बैराखड़, लेखपाल पिड़ारी, लेखपाल पतरिहा, लेखपाल चैना, लेखपाल घिवाही, लेखपाल सलहीयाडीह, लेखपाल मारकुण्डी, लेखपाल अइलकर, लेखपाल सुकृत, लेखपाल व्यवहारी, लेखपाल जेन्दी, लेखपाल चिन्तामानपुर, लेखपाल परही, लेखपाल मधुपुर, लेखपाल गुल्लीडाढ़, लेखपाल बट्ट, खण्ड विकास अधिकारी रावर्टसगंज, थानाध्यक्ष बभनी, अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड को जून माह का वेतन भुगतान पर रोक लगायी गयी है। अत्यधिक असंन्तुष्ट फीडबैक प्राप्त होने व आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने के सम्बन्ध मे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्पष्ट किया है कि जन शिकायतों के निस्तारण, राजस्व मामलों और न्यायालयीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की प्राथमिकताओं एवं जनहित से जुड़े मामलों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## किरबिल की 132/33 केवीए की लाइन सफलता पूर्वक चार्ज



सोनभद्र। कई वर्षों से बन रहा किरबिल सबस्टेशन किरबिल में स्थापित 132ध्33 ट्रांसमिशन की लाईन चार्ज कर लिया गया। एस डी ओ म्योरपुर शिवम गुप्ता ने बताया की 132 केवीए किरबिल म्योरपुर लाईन 40 एम वी ए पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज हो गया है।

इस लाइन को चालू होने से सुचारु रुप से म्योरपुर के उपभोक्ता करीब 32,000 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। किरबील से बिजली आपूर्ती चालू होने से उपभोगताओ में उम्मीद जगी है। की अब रोस्टर के अनुसार 18 घंटा ग्रामीण क्षेत्रो में निर्बाध आपूर्ती मिलेगी। जिससे लोगो को इस भीषण गर्मी में काफी सहूलियत व राहत मिलेगी स इस सराहनीय कार्य से एस डी ओ शिवम गुप्ता की चारों तरफ सराहना की जा रही है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



आजमगढ़। महराजगंज पुलिस ने हत्या के एक चर्चित मामले से जुड़े संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का दावा है कि आरोपित लंबे समय से संगठित रूप से अपराध कर क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना रहे थे।

पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2025 को थाना महराजगंज क्षेत्र में त्रिभुवन पाण्डेय की हत्या के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अनुराग कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार तड़के मुखबिर की सूचना पर ग्राम आराजी जजमनजोत में दबिश दी। इस दौरान गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरनाथ यादव पुत्र स्वर्गीय राजेन्द्र यादव, रामभवन पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय बजरंगी पाण्डेय तथा आदित्य पाण्डेय पुत्र रामभवन पाण्डेय निवासी आराजी जजमनजोत थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 2(ख)(प)/3(1) के तहत दर्ज मुकदमे में विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग कुमार, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, कांस्टेबल अजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार तथा रिजर्व कांस्टेबल कुशल कुमार शामिल रहे।

## दोहरा कारखाना पर छापा, दो भाई धरे गये



जौनपुर। नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से दोहरा के निर्माण और कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब दो कुंतल अवैध दोहरा बरामद किया है। बरामद माल का नमूना जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग को भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शकरमंडी मोहल्ले में एक बर्तन के दुकान में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से अवैध दोहरा का निर्माण और बिक्री कर रहे दो सगे भाइयों पवन साहू और विवेक साहू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बड़ी मस्जिद के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से लगभग दो कुंतल अवैध दोहरा बरामद किया।पुलिस के अनुसार बरामद दोहरा का निर्माण बिना वैध अनुमति और निर्धारित मानकों के विपरीत किया जा रहा था। आशंका है कि यह सामग्री शहर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी मामले की सूचना दी गई है। बरामद दोहरा का नमूना जांच के लिए भेजा गया है, ताकि इसकी गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच की जा सके। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों पर अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

## जनरेटर आपरेटर की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

मीरजापुर। नगर के एक मकान के कमरे में एक व्यक्ति की संदिग्धावस्था में शव में मिलने से सनसनी फैल गई है। नगर के बीच शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामबाग मोहल्ले में स्थित पेट्रोल पंप के बगल का मामला बताया गया है। सूचना होने पर फौरन पहुंची पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के पश्चात शव को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल मृतक की पहचान राकेश पटेल 50 वर्ष निवासी मऊगंज मध्यप्रदेश के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि राकेश पटेल पिछले तीन दशक से शहर कोतवाली क्षेत्र के रामबाग में ओमप्रकाश यादव के मकान में परिवार सहित रहकर वह न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी में बतौर जनरेटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। मकान के एक कमरे में उनकी लाश मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनकी मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई है पुलिस शव को कब्जे में लेकर हर पहलुओं की जांच करने में जुटी हुई है।

## टीजीटी की परीक्षा में उमड़ी भीड़



जौनपुर। जनपद में टीजीटी परीक्षा दो दिनी परीक्षा बुधवार को शुरू हो गई है। इसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उमड़ पड़े है। इस परीक्षा में जिले के 20 केंद्रों पर कुल 6,831 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों की गतिविधियों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की कोशिश को तुरंत रोका जाएगा। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर 48 प्रगणकों का वेतन रोका गया



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद की चारों तहसीलों में कार्यरत प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में पाया गया कि कुल 48 प्रगणकों द्वारा आवंटित प्रगणना ब्लॉकों में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इन 48 प्रगणको में रावर्टसगंज के 19, घोरावल के 10, दुद्धी के 10, ओबरा तहसील 09 सम्मलित है।

प्रगणकों द्वारा एच0एल0ओ0 एप पर परिवारों की संख्या संबंधी आंकड़ों का सिंक नहीं किया गया है, जिससे कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 48 प्रगणकों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस के भीतर कार्य में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्री से संबंधित चार्ज अधिकारियों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष तेजी लाने के निर्देश दिये।

## पीडब्ल्यूडी की बड़ी लापरवाही, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



दुद्धी, सोनभद्र। सोनभद्र जनपद के दुद्धी विकास खंड अंतर्गत टेढ़ा गाँव में पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) द्वारा कराई जा रही सड़क मरम्मत कार्य में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। विभाग द्वारा बिना मानकों का पालन किए, धूल और मिट्टी से सनी सड़क पर ही सीधे पेंटिंग (तारकोल/अलकतरा और गिट्टी की परत) बिछाने का काम धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार की इस मनमानी और घटिया निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### बिना गड्ढे भरे और बिना सफाई के हो रही पेंटिंग

टेढ़ा गाँव के स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। नियमों के मुताबिक, सड़क पर अलकतरा डालने से पहले उसकी अच्छी तरह सफाई की जानी चाहिए और सड़क पर बने गड्ढों को पत्थर व गिट्टी भरकर बराबर किया जाना चाहिए। लेकिन यहाँ न तो गड्ढों को भरा गया और न ही धूल साफ की गई। धूल भरी जमीन पर ही सीधे पेंटिंग का काम किया जा रहा है, जिससे गिट्टियां सड़क से चिपक नहीं रही हैं।

### बनते ही उखड़ने लगी गिट्टियां

लापरवाही का आलम यह है कि सड़क बनने के तुरंत बाद ही उसकी गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए दिखाया कि पैर से रगड़ने पर ही नई बनी सड़क की गिट्टियां और तारकोल अलग हो रहे हैं। हल्की बारिश या भारी वाहनों के गुजरते ही यह सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगी। सरकारी धन का इस तरह दुरुपयोग देखकर ग्रामीण बेहद आहत हैं।

### ग्रामीणों ने काम रुकवाकर की जांच की मांग

टेढ़ा गाँव के अब्दुल मजीद, गोरखनाथ, बृज किशोर, कृष्ण कुमार, संतोष सहित अन्य ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उच्च अधिकारियों द्वारा इस निर्माण कार्य की तुरंत जांच नहीं कराई गई और मानक के अनुसार काम दोबारा नहीं शुरू हुआ, तो वे इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर जिला प्रशासन तक करेंगे।

### बोले जिम्मेदार

इस संबंध में पीडब्लूडी विभाग के जेई पीके मिश्रा ने बताया कि गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण के निर्देश दिए गए हैं, अगर कहीं कोई कमी हैं तो उसको सही करा दिया जाएगा।

## जयमाल के बाद दूल्हा बाइक से फरार

जिला संवाददाता(vol)

मड़िहान/मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार भोर शादी समारोह में उस वक्त हंगामा मच गया जब जयमाल के बाद दूल्हा अपने दो साथियों के साथ बाइक से फरार हो गया। गुस्साए लड़की पक्ष ने दूल्हे के पिता समेत बारातियों और तीन गाड़ियों को बंधक बना लिया।

सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस कोरम पूरा कर थाने आने की बात कहकर लौट गई। प्रयागराज जनपद के हरगढ़ निवासी राजमणि के मझले पुत्र अशोक की बारात मंगलवार शाम सात बजे चली थी। रात करीब 12 बजे 50 बारातियों के साथ छह गाड़ियों से मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव पहुंची। रात दो बजे द्वारपूजा और उसके बाद जयमाल का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दूल्हे का बड़ा भाई विक्रम शादी में शामिल नहीं हुआ था, छोटा भाई रघुनंदन बारात में आया था। कन्या के दादा ने बताया कि जैसे ही वर-वधू विवाह के लिए मंडप में बैठे, घर की महिलाओं में कपड़े और जेवरात को लेकर कानाफूसी शुरू हो गई। आरोप है कि इसी बात से नाराज दूल्हा अशोक भोर करीब चार बजे अपने दो साथियों के साथ बाइक लेकर चुपचाप फरार हो गया। बताया कि पुत्र ने 19 वर्षीय पोती का रिश्ता हरगढ़ में तय किया था। 20 मई को लड़के की जिद पर कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपये की पल्सर बाइक खरीदकर तिलक चढ़ाने गए थे।साथ में 06 हजार रुपये नकद और सगुन के रूप में फल, फूल, मिठाई भी दी थी।

तय मुहूर्त पर बारात भी आई लेकिन फेरे से पहले ही दूल्हा दहेज की बाइक लेकर भाग गया। दूल्हे के फरार होते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। आक्रोशित परिजनों ने दूल्हे के पिता और तीन गाड़ियों को गांव में ही बैठा लिया। लड़की की मां के साथ युवती का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पीआरबी 112 पहुंची लेकिन कार्रवाई के नाम पर थाने पर प्रार्थना पत्र देने की बात कहकर लौट गई। पीड़ित पिता ने कहा कि बेटी की शादी के लिए कर्ज लेकर हर इंतजाम किया था। तिलक में दूल्हे की मांग पर बाइक तक दी। अब इज्जत के साथ रुपये भी डूब गए। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है। लड़की पक्ष थाने में तहरीर देने की तैयारी कर रहा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी की शिकायत पर पति और सास गिरफ्तार

आजमगढ़। मुबारकपुर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, जबरन गर्भपात कराने और विवाहिता को आग लगाकर मारने के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे घर से निकाल दिया गया था। बाद में सामाजिक स्तर पर हुए समझौते के बाद वह पुनः ससुराल पहुंची। इसी दौरान गर्भवती होने पर पति और सास ने मिलकर उसका जबरन गर्भपात करा दिया। इसके बाद फरवरी 2026 में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की बेरहमी से पिटाई की गई और कथित रूप से जान से मारने की नीयत से उस पर आग लगा दी गई। घटना के बाद उपचार कराने और स्वस्थ होने पर पीड़िता ने 2 जून 2026 को थाना मुबारकपुर में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 209/2026 के तहत धारा 109(1), 115(2), 89, 85 बीएनएस तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर महिलाओं से संबंधित अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा और उनकी टीम ने दोनों आरोपियों को रोडवेज स्टैंड क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुहम्मद फरमान और उसकी मां जाहेदा खातून (76 वर्ष), निवासी कटरा कस्बा मुबारकपुर शामिल हैं। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी कस्बा उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल मुकुन्द लाल मिश्र, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार यादव, महिला कांस्टेबल पूजा गुप्ता तथा महिला कांस्टेबल शिवानी शुक्ला शामिल रहीं।

## अधेड़ की नदी में डूबने से मौत

आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के रोशनगंज गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 58 वर्षीय अधेड़ की घाघरा नदी की शाखा में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपनी भैंसों को चराने के लिए घर से निकले थे और भैंस को पानी से बाहर निकालने के दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चले गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रोशनगंज गांव निवासी रामउग्र यादव (58) पुत्र स्वर्गीय पराग यादव प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी अपनी भैंसों को चराने के लिए घर से निकले थे। महुला-गढ़वल बांध के रोशनगंज ढाला के उत्तर दिशा में गांव जाने वाले मार्ग पर बने पुल के पास उनकी भैंस घाघरा नदी की शाखा में पानी पीने के लिए उतर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रामउग्र यादव भैंस को नदी से बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे। देखते ही देखते वह डूबने लगे। आस-पास मौजूद चरवाहों ने शोर मचाते हुए उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह पानी में समा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रौनापार पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद नदी से शव को बाहर निकलवाया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि रामउग्र यादव के चार पुत्र और चार पुत्रियां हैं तथा सभी की शादी हो चुकी है। उनकी पत्नी लालती देवी का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। पिता की असमय मौत से पुत्र रमेश, सुरेश, विकास और राजेश समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। रौनापार थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## वाहन से कुचलकर टेलर चालक की मौत

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी गांव के पास स्थित एक ढाबे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 35 वर्षीय टेलर चालक को रौंद दिया।उसकी मौके पर मौत हो गयी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टेलर चालक सोनू यादव पुत्र मनीष कुमार यादव निवासी भादुवा गुलामपुर थाना पीलुवा की जनपद एटा अपना टेलर लेकर उक्त ढाबे पर पहुंचा।वह टेलर से उतरकर लघुशंका के लिये जा रहा था कि एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया।उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया।सूचना पर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मृतक के वाहन स्वामी को दे दिया गया।

## हत्या के दोषियों पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन



जौनपुर। गाजियाबाद में बीते बकरीद के दिन सूर्या चौहान की हुई निर्मम हत्या को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल सहित संगठन के सभी आयामों के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर जितेन्द्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष राबद ने कहा कि इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुख्य आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जिसके लिये उत्तर प्रदेश पुलिस का धन्यवाद है। इस हत्या में शामिल शेष सभी आरोपियों सहित इस अपराध के षड्यंत्र में सम्मिलित सभी की पहचान करके उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाय, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके। कहा कि समाज की भावना है कि निर्दोष युवक की हत्या करने वाले तथा इस अपराध की योजना बनाने वाले सभी को उनके अपराध के अनुरूप कड़ा दण्ड मिले और पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय प्राप्त हो। डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रान्त कार्याध्यक्ष, प्रभाकर तिवारी प्रान्त उपाध्यक्ष हिन्दू एडवोकेट फोरम, अजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष अहिप, कृष्ण कुमार उपाध्याय, जयेश सिंह, मंजीत सिंह चौहान, सचिन श्रीवास्तव जिला मंत्री, अरुण शुक्ल, रुद्र प्रताप श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीः अजय राय



जौनपुर। लखनऊ शहर में जौनपुर के युवा उद्यमी संदीप सिंह की हत्या से जौनपुर जिले का सियासी पारा गर्म रहा। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पार्टी कार्यकर्ताओं साथ बुधवार को टेकारी गांव पहुंच दिवंगत संदीप सिंह के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े राजधानी लखनऊ में मारे गये संदीप सिंह के भाई सतीश सिंह, पुत्र सार्थक सिंह एवं पुत्री से मिलकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए न्याय की लड़ाई में परिजनों के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी द्वारा मदद का भरोसा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर तरफ जहर फैल गया है, सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गयी है, कोई भी सुरक्षित नहीं है। अजय राय ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि अपराधियों का संरक्षण सरकार द्वारा किया जा रहा है, प्रदेश में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है, महिलाओं के साथ बलात्कार की बढ़ती घटनाओं ने पूरे प्रदेश को शर्मशार कर दिया है, हत्या की बढ़ती घटनाओं से हर तरफ भय का माहौल बन गया है।

## चोरी की वारदात कैमरे में कैद ,जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र की लहंगपुर में स्थित एक आनार्मेन्ट की दुकान पर बुधवार 11 बजे दिन में एक चोरी की घटना सामने आई है जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत लहंगपुर बाजार में पंजाब एंड सिंध बैंक के पास आशीष कुमार सोनी की दुकान है। जहां दुकान के बाहर गैस चूल्हा के साथ स्टील की टंकी बाहर रखे थे कि एक युवक रोड के किनारे से आया और बेझिझक गैस चूल्हा उठाकर चंपत हो गया। जिस समय यह वारदात हुई उस समय दुकानदार व दुकान के कर्मचारी दुकान के अंदर थे। सामान गायब देख सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पीड़ित दुकानदार आशीष सोनी लहंगपुर चौकी पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि अभी तक क्षेत्र में रात में चोरी होती थी लेकिन चोर इतने हौसले बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े बिना भय के दुकान से चोरी कर ले रहे हैं जिससे दुकानदारों में भय का माहौल बना है। बताते चले कि अभी हाल में ही शिवजी ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की चोरी कर लिए थे यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई थी।

# गायब हुई सड़कें, पांच मकान ढहे, दुकानों में भर गया पानी

**आगरा।** तेज आंधी और बारिश से बालूगंज में पांच मकान ढह गए, फतेहपुर सीकरी में टिनशेड गिरने से कई लोग घायल हो गए और कमला नगर में पेड़ कार पर गिर गया। शहर के प्रमुख बाजारों में जलभराव से करोड़ों

**बारिश ने बरपाया कहर**

रुपये का नुकसान हुआ, जिससे व्यापारी और स्थानीय लोग बुरी तरह प्रभावित हुए। सोमवार रात दो बजे आंधी के बाद आई तेज बारिश शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आफत बनकर बरसी। बारिश की वजह से सड़कें तालाब बन गईं। बालूगंज में बेनी सिंह इंटर कॉलेज के अंदर से निकल रहा नाला ढह गया। इससे नजदीक बने एक ही परिवार के पांच मकान ढह गए। मलबे में दबकर एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। वहीं, फतेहपुर सीकरी में एक गांव में घर की टिनशेड गिरने से दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें मलबे से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कमला नगर में कार पर नीम का पेड़ गिर गया। जलभराव के कारण गलियों से लेकर हाईवे तक लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बालूगंज के पार्षद जयदीप सोनकर ने बताया कि सभी मकान एक ही परिवार के लोगों के थे। इनमें मुकेश, विनोद कुमार सोनकर, अतेश सोनकर, अजय, अनिल सोनकर के मकान ढहे हैं। मलबे में गृहस्थी का सामान दब गया। पांच मकान ढहने से आसपास के लोग दहशत में आ गए। अन्य छह घरों में भी दरारें आ गई हैं। मलबा गिरने के कारण अतेश के पैर में चोट आई, उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। उधर, फतेहपुर सीकरी के गांव चौमा शाहपुर निवासी रमेश लोधी के बड़े बेटे राधे राजपूत के मकान के बाहर टिनशेड और छत की पट्टियां तेज आंधी-बारिश के दौरान अचानक गिर गईं। उस समय टिनशेड के नीचे परिवार के लोग सो रहे थे। हादसे में राधे राजपूत, उनकी पत्नी मिथलेश, पुत्र नैतिक और विवेक राजपूत घायल हो गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए। मलबे में दबे घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए भरतपुर अस्पताल भेज दिया। बाह सीएचसी में बारिश के दौरान तेज हवा से वाटर कूलर पर पड़ा टिनशेड उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया। पार्षद जयदीप सोनकर ने रात में ही सदर तहसीलदार को फोन किया और एसीपी को जानकारी दी। दिनभर प्रशासन की टीम ने मलबे से घरों का सामान निकलवाया और मलबा हटवाया। दिन में सूचना पर विधायक डॉ. जीएस



धर्मेश पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढाढ़स बंधाया और डीएम से मिलकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित मुकेश सोनकर ने कहा कि बेनी सिंह इंटर कॉलेज के अंदर से निकले नाले की सफाई कराई नहीं होती तो ओवरफ्लो नहीं होता और उनके मकान नहीं गिरते। उन्हें मुआवजा दिलाया जाए। व्यापारियों पर सोमवार की रात आफत बरसी। राजामंडी, शिवाजी मार्केट, सुभाष बाजार से लेकर लोहामंडी, शाहगंज, आवास विकास कॉलोनी, राजपुर चुंगी, टेढ़ी बगिया तक नाले ओवरफ्लो होने से बारिश का पानी दुकानों में भर गया। जूता, चप्पल से लेकर पर्स, रेडीमेड गारमेंट्स व किराना का करोड़ों रुपये कीमत का माल खराब हो गया। नुकसान से परेशान व्यापारियों ने सरकार से मुआवजा मांगा है। राजा मंडी बाजार स्थित लाभचंद मार्केट की 60 से अधिक दुकानों में पानी भरने से माल बर्बाद हो गया। मंगलवार सुबह पहुंचे व्यापारियों को दुकान में नाले का दो फीट तक गंदा पानी भरा मिला। वह बाल्टी लेकर पानी निकालते रहे। घड़ी शोरूम संचालक नरेंद्र ने बताया कि बारिश का पानी भरने से 10 लाख रुपये का माल खराब हो गया। कपड़ा व्यापारी मनोज ने बताया कि सात लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लोहामंडी निवासी गोपाल ने बताया कि उनकी किराना दुकान में पानी भरने से खाद्य पदार्थ खराब हो गए हैं। आगरा व्यापार मंडल अध्यक्ष टीएन अग्रवाल का कहना है कि सुभाष बाजार सहित पूरा शहर के अधिकांश बाजारों में नुकसान की भरपाई नगर निगम से कराई जाए। निगम ने नालों की सफाई नहीं कराई, इसलिए व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## टास्क फोर्स ने पेयजल समस्या को लेकर पालिका ईओ को सौंपा ज्ञापन



**टूंडला।** सूचना का अधिकार टास्क फोर्स का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष एवं जिला चेयरमैन डॉ.बी एस गौतम के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी नगर पालिका परिषद टूंडला से मिला और नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल समस्या से संबंधित ज्ञापन पत्र सौंपा, इस दौरान बीएस गौतम ने कहा कि नगर पालिका की आबादी व जरूरत के अनुसार भीषण गर्मी को देखते हुए जहां विशेष आवश्यकता है वहां पर तत्काल नलकूपों का प्रबंध अतिशीघ्र कराया जाए जिससे क्षेत्रीय जनता को पेयजल समस्या समाधान कराया जाए हाल की जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सभासद एवं अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से हनुमान मंदिर भारत माता चौक के पास स्थापित नलकूप के कनेक्शन से छेड़छाड़ कर दूसरे क्षेत्र में सप्लाई प्रारंभ कर दी है जिससे कि भविष्य में क्षेत्रीय जनता के समक्ष विशाल पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान कराया जाए इस प्रकार की कार्यशैली एव लापरवाही और मनमानी को सूचना का अधिकार विभाग टास्क फोर्स कतई बर्दास्त नहीं करेगा ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता विशंभर सिंह जिला उपाध्यक्ष राजीव मल्होत्रा भवानी सिंह जय वर्मा प्रवीण कुमार सोनू ब्रजवीर सिंह हरिकृष्ण विशाल बाबू लोहिया प्रमोद रावत राजुद्दीन चंद्र प्रकाश मनोज कुमार आदि लोगों को उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी को 7 साल की सजा

मथुरा। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मथुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एक युवती को ब्लैकमेल कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण थाना सुरीर क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2019 में दर्ज मुकदमा संख्या 96/2019, धारा 306 भादवि के तहत अभियोजन चल रहा था। मामले में आरोप था कि अभियुक्त भीकम पुत्र शिवराम निवासी सिकंदरपुर, थाना सुरीर, मथुरा ने वादी की पुत्री को ब्लैकमेल कर फोन पर धमकियां दीं, जिससे मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में मथुरा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी और गुणवत्ता पूर्ण विवेचना की गई। साथ ही लोक अभियोजक के साथ समन्वय कर सशक्त साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। अभियान के तहत अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा लगातार समीक्षा और मार्गदर्शन किया जा रहा था। इसी क्रम में बुधवार को एडीजे/एफ्टीसी-02, मथुरा न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास व 25 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई।

# निःशुल्क ओरल कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ कैम्प से लोग हुए लाभान्वित

**मथुरा।** आकाश सिम्स हॉस्पिटल में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक निशुल्क ओरल कैंसर स्क्रीनिंग हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैम्प में आकाश सिम्स हॉस्पिटल की कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चैधरी ने भारी में लोगों को निशुल्क परामर्श दिया, इसके साथ ही कैम्प में आये हुए लोगों के मुँह की स्क्रीनिंग की और रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 30 प्रतिशत की छूट दी गई।

इस अवसर पर आकाश सिम्स हॉस्पिटल की कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चैधरी ने कहा कि आज का निशुल्क ओरल स्क्रीनिंग हेल्थ कैम्प सफल रहा क्योंकि मथुरा के साथ वृन्दावन, भरतपुर, राया, अलीगढ, हाथरस, होडल, कोसी, फरह, आगरा आदि इलाकों से काफी लोग अपनी मुँह की स्क्रीनिंग कराने आये और लोगों ने निरूशुल्क हेल्थ कैम्प से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

जो तम्बाकू खा रहे हैं या जिन्होंने तम्बाकू 5 साल में छोड़ा है वह आकाश सिम्स हॉस्पिटल आकर निरूशुल्क अपनी स्क्रीनिंग कराये। जब जाँच हो समय से तब इलाज हो समय से। आकाश सिम्स हॉस्पिटल में



कैंसर के इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। मैं सभी से कहना चाहती हूँ कि शुरूआती लक्षण दिखने पर तुरंत कैंसर विशेषज्ञ से सलाह लें। यदि किसी को मुँह में कोई छाला है, खाँसी से खून निकल रहा है या बहुत लम्बे समय से खाँसी हो रही है, स्तन में कोई गाँठ है या बच्चेदानी से अनियमित खून जा रहा है, या शरीर में कोई भी गाँठ हो, निगलने में कोई दिक्क्त हो या आवाज में परिवर्तन हो तो ऐसे कोई भी लक्षण आपको दिखे तो तुरंत आकाश सिम्स हॉस्पिटल में आकर कैंसर विशेषज्ञ से तुरंत सम्पर्क करें। इस अवसर पर आकाश सिम्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि कैंसर अब लाइलाज नहीं। शुरूआती लक्षणों में ही कैंसर की जाँच करके हम मरीज को कैंसर मुक्त कर सकते हैं। ऐसे कई मरीज है जिन्होंने कैंसर को हराकर अपना जीवन सुखमय बनाया है और कैंसर विजेता के रूप में हमारे बीच मौजूद है। आकाश सिम्स हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं।

## जैंत पुलिस को बड़ी सफलता, गांजा तस्करों समेत दो गिरफ्तार



**मथुरा।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना जैत पुलिस ने बुधवार तड़के बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो तस्करों को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सोनू कुमार की टीम ने चैकिंग के दौरान चकिया बम्बा के पास गरुण गोविंद मंदिर मार्ग से सचिन उर्फ देवव्रत (28 वर्ष) निवासी बारह घाट, थाना वृंदावन को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 57 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी सचिन पर पहले से ही लूट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।वहीं, कुछ ही देर बाद पुलिस टीम ने दूसरी सफलता प्राप्त करते हुए ग्राम जैत माइनर बम्बे की पटरी से राजेन्दर (30 वर्ष) पुत्र स्व. रघुवीर, निवासी बाबूगढ़, थाना जैत को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 406/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

दोनों गिरफ्तारियों को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार के साथ उप-निरीक्षक संदीप कुमार, दुष्यन्त कौशिक, सुरेश कुमार, अंकित चैधरी तथा कांस्टेबल दीपक कुमार, कावेन्द्र, सचिन कुमार एवं रि0कांस्टेबल दीपान्शू शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गाय को रोटी खिलाने पर चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

**टूंडला।** गाय को रोटी खिलाने को लेकर पड़ोसि ?यों में आपस में लाठी-डंडे चलने का बुधवार को सोशल मीडि ?या पर वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ि ?ता ने थाने में पड़ोसी के विरुद्ध तहरीर दी है। साथ ही पुलिस पर दूसरे पक्ष की बात सुनने का आरोप लगाया है। सुभाष चौराहा सरस् ?वती नगर निवासी संध ?या शर्मा ने वीडियो में बताया कि 20 मई को घर के सामने गाय को रोटी खिला रही थी। तभी उनके पड़ोसी डंडे से गाय को पीटने लगे। विरोध करने पर उनके परिजनों के साथ पिटाई कर दी। उन् ?होंने बताया कि पुलिस द्वारा उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। मारपीट का तीन जून को वीडियो वायरल हो गया। पीड़ि ?ता ने पड़ोसियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## धूमधाम से निकाली गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शोभायात्रा



**टूंडला।** नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शोभायात्रा मंगलवार देर शाम डीजे और झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में आधा दर्जन झांकियां और डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंडबाजे की धुन पर युवा थिरकते चल रहे थे। उसके पीछे अहिल्याबाई होल्कर की झांकी सहित विभिन्न महापुरुषों की झांकियां चल रहीं थीं। शोभायात्रा नगला झम्मन, आंबेडकर पार्क रेलवे पुल रेस् ?ट कॉलोनी, दीपा का चौराहा मुख ?य बाजार सुभाष चौराहा होकर एटा रोड तहसील पर संपन् ?न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विशिष्ट अतिथि महाराज सिंह धनगर हनुमंत बघेल सतीश धनगर समिति अध्यक्ष सुनील कुमार अनिल पाल मुनेश बघेल, लक्ष ?मण सिंह जोगेंद्र भानु प्रताप सिंह, राघव बघेल पवन बघेल अमित आदि मौजूद रहे।

# चेन लूटने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दोनों के पैरों में लगी गोली

**आगरा।** आगरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ताजगंज क्षेत्र में महिला पर्यटक से चेन लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें दबोच लिया गया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करन और अंसार के रूप में हुई है। दोनों थाना शाहगंज क्षेत्र के निवासी हैं और इनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।

दोनों बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास होने की जानकारी सामने आई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ताजगंज क्षेत्र में आंध्र प्रदेश से आगरा घूमने आई एक महिला पर्यटक के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चैन झपट ली थी।



यह घटना ताजमहल के यलो जोन जैसे संवेदनशील और हाई सिक्योरिटी क्षेत्र में हुई थी, जिसके बाद पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कई टीमें गठित की गई थीं। एसीपी ताज सुरक्षा मयंक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दोनों बदमाशों के पैरों में लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चैन, वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक, दो तमंचे और तीन कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बांकेबिहारी कॉरिडोर परियोजना पर आरटीआई दाखिल

**मथुरा।** वृंदावन प्रस्तावित बाँकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर परियोजना को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पाराशर ने एक आरटीआई दाखिल की है। जिससे कॉरिडोर परियोजना को लेकर जनमानस में भूमि क्रय प्रक्रिया, मुआवजा निर्धारण तथा सांस्कृतिक धरोहरों पर संभावित प्रभाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बने असमंजस के सवाल सार्वजनिक हो सकें।

सोशल आउटरीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक पाराशर द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण में सूचना का अधिकार के तहत महत्वपूर्ण

**सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पाराशर ने जनहित में उठाए सवाल**

सूचनाओं के लिए आवेदन किया गया है। जिसमें कॉरिडोर परियोजना से संबंधित सभी शासनादेशों, स्वीकृत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), कुल स्वीकृत बजट, अब तक हुए व्यय तथा परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियों की प्रमाणित प्रतियां मांगी गई हैं। साथ ही परियोजना से प्रभावित होने वाले भवनों, दुकानों एवं परिवारों की संख्या, मुआवजा निर्धारण के आधार तथा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति से संबंधित जानकारी भी मांगी गई है।

आवेदन में यह महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाया गया है कि क्या विभागीय अभिलेखों में शीघ्र रजिस्ट्री कराने वाले संपत्ति स्वामियों के लिए किसी विशेष पैकेज, अतिरिक्त लाभ अथवा पहले आओ-पहले पाओ जैसी किसी व्यवस्था का उल्लेख है। यदि ऐसा कोई प्रावधान है तो उससे संबंधित आदेशों एवं अभिलेखों की प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है और उन अभिलेखों की प्रतियाँ भी उपलब्ध कराने को कहा गया है जिसमें बाँकेबिहारी मंदिर कोष से रजिस्ट्रीयां करने को कहा हो।

इसके अतिरिक्त प्राचीन श्रीराधाबल्लभ मंदिर एवं श्री मदनमोहन मंदिर के 100 मीटर संरक्षित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों का विवरण मांगते हुए यह भी पूछा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा अन्य सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए गए हैं अथवा नहीं। मंदिर प्रशासन, कोष संचालन व्यवस्था तथा परियोजना के संबंध में आयोजित जनसुनवाइयों और बैठकों के कार्यवृत्त (मिनट्स ऑफ मीटिंग) की जानकारी भी आरटीआई में मांगी गई है। आवेदक दीपक पाराशर ने बताया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस महत्वाकांक्षी प्रकल्प के संबंध में सभी तथ्य सार्वजनिक होना लोकतांत्रिक जवाबदेही तथा जनहित की दृष्टि से आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ब्रज की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने हेतु परियोजना से जुड़ी समस्त सूचनाएं पारदर्शी रूप से सार्वजनिक की जानी चाहिए।

### तीर्थयात्री को बाइक सवारों ने मारी टक्कर, मौत

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में तेज गति से आती बाइक ने एक श्रद्धालु में जोरदार टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि प्रेम मंदिर क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने 63 वर्षीय गिरवर लोधी जो यमुना स्नान को जा रहा था उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## नहर में नहाने गया युवक तेज बहाव में डूबा, आगरा से बुलाई गई गोताखोर टीम

शिकोहाबाद। दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया एक युवक तेज बहाव में बहकर डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस और तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया तथा युवक की तलाश के लिए अभियान शुरू कराया गया। देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। प्रशासन ने खोजबीन के लिए आगरा से पीएसी की गोताखोर टीम भी बुला ली है।जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय आरिफ पुत्र बशारत खां निवासी पठान मोहल्ला, फतेहाबाद आगरा अपने मित्र जीशान पुत्र अकबर हुसैन तथा हारिस पुत्र बशारत निवासी नगला मुल्ला के साथ बाइक से नहाने के लिए निकला था। तीनों युवक छीछामई क्षेत्र के पास नहर किनारे पहुंचे। वहां उन्होंने पहले भोजन किया, जिसके बाद आरिफ नहर में उतरने की जिद करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थानीय लोगों और उसके दोस्तों ने आरिफ को नहर में न उतरने की सलाह दी। लोगों ने बताया कि नहर में करीब 50 फीट से अधिक गहराई और पानी का तेज बहाव है, लेकिन चेतावनी के बावजूद वह नहर में कूद गया। कुछ दूर तक वह पानी में तैरता दिखाई दिया, लेकिन तेज बहाव के कारण संतुलन बिगड़ गया और वह देखते ही देखते पानी में समा गया। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए। मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि आरिफ के पिता और बड़ा भाई सऊदी अरब में नौकरी करते हैं, जबकि आरिफ अपनी मां के साथ घर पर रहता था। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी वह सहयोग करता था। घटना के बाद पूरे मोहल्ले और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर एसडीएम डॉ. गजेंद्रपाल सिंह नायब तहसीलदार अजीम अहमद पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों और बचाव कर्मियों की मदद से घंटों तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। प्रशासन ने बेहतर खोजबीन के लिए आगरा से पीएसी की गोताखोर टीम बुला ली है, जो नहर में युवक की तलाश कर रही है।

## गैंगस्टर में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार किए

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तगण अरविन्द पुत्र सुन्दरलाल एवं दीपक पुत्र अनिल को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान आसफाबाद चौराहे के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## अज्ञात युवक का आतंक,किशोरियों को करता है परेशान

शिकोहाबाद। नगर के एक मोहल्ले में पिछले तीन-चार महीनों से एक अज्ञात युवक की हरकतों से स्थानीय लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि युवक क्षेत्र की कई किशोरियों का पीछा करता है, उन्हें घूरता है और आते-जाते समय अभद्र टिप्पणियां कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। लगातार बढ़ रही घटनाओं से अभिभावकों में भय और आक्रोश का माहौल है।मोहल्ले के लोगों द्वारा थाना शिकोहाबाद में दी गई शिकायत के अनुसार, अज्ञात युवक रोजाना क्षेत्र में घूमता रहता है और किशोरियों को निशाना बनाता है। लोगों का कहना है कि उसकी हरकतों के कारण लड़कियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। कई परिवार अपनीको अकेले स्कूल, कोचिंग अथवा बाजार भेजने से भी कतराने ल्युवक की गतिविधियां पिछले तीन-चार महीनों से लगातार जारी हैं।

# विशेषज्ञों के प्रयास से मिला गंभीर मरीज को नया जीवनः डॉ. निशा जैन

जिला संवाददाता

मथुरा। समय पर सही इलाज और डॉक्टरों के सामूहिक प्रयासों से एक बार फिर चिकित्सा जगत में बड़ा चमत्कार देखने को मिला है। मथुरा के एक प्रमुख अस्पताल में गंभीर तीव्र नेक्रोटाइजिंग पैंक्रियाटाइटिस, सेप्टिक शॉक और कई अन्य जटिल स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे एक मरीज को डॉक्टरों की टीम ने मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। मरीज को जब अस्पताल लाया गया था, तब उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी और उसके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने तुरंत एक बहुविषयक टीम का गठन किया। इस बेहद जटिल उपचार का नेतृत्व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. निशा जैन एवं उनकी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी टीम ने किया।



इस दौरान एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और रेडियोलॉजी टीम ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए मरीज की जान बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी टीम के अनुसार, मरीज के पास समय बहुत कम था और उसकी जान को सीधा खतरा बना हुआ था। बिना वक्त गंवाए डॉक्टरों ने तत्काल आपातकालीन सर्जरी करने का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने बेहद सावधानीपूर्वक संक्रमित और मृत हो चुके अग्नाशयी ऊतकों को हटाया। इसके साथ ही पेट के भीतर बने गंभीर अवरोध को दूर किया गया और शरीर में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रियाएं पूरी की गईं। सफल ऑपरेशन के बाद भी चुनौती खत्म नहीं हुई थी। मरीज को तुरंत आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहाँ डॉक्टरों की एक विशेष टीम चैबीसों घंटे उसकी निगरानी कर रही थी। डॉक्टरों की सतत देखरेख, हैवी एंटीबायोटिक उपचार और विशेष पोषण प्रबंधन के असर से मरीज की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा।

डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि अब मरीज पूरी तरह खतरे से बाहर है। स्पेशलिस्ट डा. निशा जैन ने बताया यह मामला इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि अगर समय पर सही बीमारी का पता चल जाए, तुरंत सर्जरी की जाए और सभी विभाग मिलकर प्रयास करें, तो बेहद गंभीर स्थिति से भी मरीज को बचाया जा सकता है। अस्पताल प्रशासन ने इस बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण मामले की सफलता को अपनी आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और डॉक्टरों के बेजोड़ टीमवर्क की एक बड़ी जीत बताया है।

## छात्र को पार्क में बंधक बनाकर पीटा, तमंचा थमाकर बनाया वीडियो

**आगरा** के एत्मादद्दौला क्षेत्र में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र को उसके पुराने दोस्तों ने पार्क में बंधक बनाकर पीटा। आरोपियों ने जबरन उसके हाथ में तमंचा देकर वीडियो बनाया और उसे वआगरा। आगरा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र को बंधक बनाकर मारपीट करने और रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्र के पुराने दोस्तों ने उसे बहला-फुसलाकर एक पार्क में बुलाया, जहां उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जबरन उसके हाथ में तमंचा थमाकर वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया और बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग की।

पीड़ित छात्र के अनुसार, आरोपी उसके पुराने परिचित हैं। उन्होंने दोस्ती का भरोसा दिलाकर उसे मिलने के लिए बुलाया था। पार्क पहुंचते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान छात्र को डराने-धमकाने के लिए उसके हाथ में तमंचा पकड़ा दिया गया और उसका वीडियो बना लिया गया।

# अवैध घुसपैठ का संकट

घुसपैठ केवल भारत की ही समस्या नहीं है बल्कि पूरी दुनिया इस संकट से दो-चार है। ऐसे में दुनिया के कई देशों में अवैध घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजने का अभियान चल रहा है। भारत में घुसपैठ की समस्या बहुत ही जटिल है। घुसपैठ का मुद्दा सामान्य नहीं, बेहद संवेदनशील और पेचीदा है। क्योंकि इससे कूटनीतिक रूप से बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों में दरार भी आ सकती है। वैसे घुसपैठ भारत की ही समस्या नहीं, बल्कि खाड़ी के मुस्लिम देश, यूरोप, ब्रिटेन और अमरीका भी परेशान हैं। अंततः घुसपैठियों को वापस उनके मूल देश भेजा जा रहा है। लेकिन सभी लोग घुसपैठिए नहीं हैं। बहरहाल सिर्फ मुस्लिम देशों के ही कुछ उदाहरण लें, तो साफ होगा कि यह कितना नाजुक और बिलबिला देने वाली समस्या है। पाकिस्तान ने बीते सालों में 1.46 लाख से अधिक अफगानी मुसलमानों को उनके देश वापस जाने को विवश किया है। दोनों इस्लामी देश हैं। ईरान आज युद्ध में घिरा है, लेकिन इससे पहले वह करीब 15 लाख मुसलमानों को देश से खदेड़ चुका है। संयुक्त अरब अमीरात के स्वप्निल, शानदार शहर दुबई जाने को आधुनिक युवा हमेशा कोशिश करते हैं। वहां नौकरियों के मोटे पैकेज मिलते हैं



और व्यापार की चौतरफा संभावनाएं हैं। दुबई धन्नासेठों का शहर भी है, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात ने ही 7500 से अधिक पाकिस्तानी लोगों को वापस जाने को विवश किया है। उन्हें अपना सामान पैक करने तक का वक्त नहीं दिया गया। तुर्किए खुद को मुसलमानों का खलीफा देश मानता है। उसने भी करीब 2.60 लाख लोगों को देश छोड़ कर चले जाने को बाध्य किया है। जॉर्डन ने जिन 6.75 लाख के करीब लोगों को, खेती का काम करने को, शरण दी थी, उनमें से 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को खदेड़ चुका है। सऊदी अरब ने तो हद ही कर दी, जब 18,836 कथित अवैध, अवांछित अप्रवासियों को हथकड़ी लगाकर देश के बाहर किया गया। अमरीका ने भी हथकड़ी, बेडियां बांध कर भारतीयों को वापस भेजा था और हम एक राष्ट्र के तौर पर चूं तक नहीं कर पाए थे। इसी तरह मुस्लिम देश अधिकतर मुसलमानों को ही निष्कासित कर रहे हैं, तो किसी भी देश ने इसे उनका एजेंडा करार नहीं दिया। मानवाधिकार के नाम पर या तो मुंह में दही जम गया अथवा आंखें मूंद ली गईं। दुनिया ने इस खदेड़बाजी को राष्ट्रीय सुरक्षा और उन देशों के संसाधनों का राष्ट्रीय प्रबंधन मान लिया, लेकिन भारत में, खासकर बंगाल से, घुसपैठियों को देश से बाहर करने के मुद्दे पर एक राजनीतिक, सामाजिक, मजहबी तबका बिलबिलाने क्यों लगता है? राज्यसभा में भारत सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि देश में करीब 2 करोड़ घुसपैठिए हैं। विशेषज्ञ यह संख्या और अधिक मानते हैं। क्योंकि बंगाल के अलावा, उप्र, बिहार, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लेकर राजधानी दिल्ली में भी घुसपैठिए हैं। राजनीतिक कारणों और चुनावी वोट बैंक की खातिर गंभीरता से उनकी पहचान नहीं की गयी। धर पकड़ कर उन्हें देश से खदेड़ने की बात तो बहुत दूर की कौड़ी रही। चूंकि अब घुसपैठियों को वापस भेजने का पुख्ता रोड-मैप तैयार हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है, जो यह निष्कर्ष देगी कि देश में जनसांख्यिकी परिवर्तन और असंतुलन क्यों हैं? उनके बुनियादी कारण और कारक क्या हैं? विडंबना है कि इस अभियान को भाजपा का एजेंडा, मोदी सरकार की मुस्लिम-विरोधी नीति करार दिया जा रहा है। लेकिन इन आलोचनाओं से इतर घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए बहुत ही गंभीर मुद्दा है। इसलिए अवैध घुसपैठ को सियासी नजरिए से देखने के बजाय राष्ट्र हित और राष्ट्रीय सुरक्षा के तौर पर देखना चाहिए।

# क्या टीएमसी का हस्र भी शिवसेना जैसा होगा

**नरेन्द्र शर्मा**

> भाजपा को पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत मिलने के कारण टीएमसी के कार्यकर्ताओं और दूसरी कतार के नेताओं का भी मनोबल टूट गया है। उन्हें लगता है जिस तरह लंबे समय तक प्रदेश में सीपीएम का शासन रहा है, फिर ममता बनर्जी का, उसी तरह अब लंबे समय के लिए भाजपा सत्ता में काबिज रहेगी, तो उनका क्या होगा?

पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बड़ी हार के बाद, रह-रहकर जो एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं, उन्होंने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या पार्टी का हाल महाराष्ट्र की शिव सेना जैसा हो सकता है? हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि टीएमसी टूट जायेगी, लेकिन पार्टी पर गंभीर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यूं तो इसकी शुरूआत रिजल्ट आने के अगले दिन हो गई थी, जब कई नेताओं ने पहले दबी जुबान और फिर खुलकर यह कहना शुरू कर दिया था कि दीदी के कुछ चहेतों की मनमानी के कारण पार्टी का ये हाल हुआ है। लेकिन असली संकट तब उभरकर सामने आया, जब टीएमसी के 50 विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुन लिया और विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें नेता विरोधी दल के रूप में मान्यता दे दी। ममता बनर्जी शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता बनाना चाहती थीं।

टीएमसी के विधायक दल में यह विभाजन बड़ी टूट का आधार बन सकता है। विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 80 सीटें मिली हैं। इस तरह दो तिहाई विधायकों के पार्टी से अलग होने पर उन्हें एक नये गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है। टीएमसी में बिखराव का कारण भी परिवारवाद है। क्योंकि अधिकांश विधायक ममता बनर्जी के खिलाफ नहीं हैं बल्कि उनको अभिषेक से परेशानी है। जिस तरह खुलेआम पार्टी को तोड़ने और खुद ममता बनर्जी पर भेदभाव बरते जाने के टीएमसी के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गये हैं, उससे यह साफ लगता है कि हार के बाद ममता बनर्जी की पार्टी में पहली जैसी पकड़ नहीं है। टीएमसी के पूर्व नेता रिजू दत्ता की बात पूरी तरह से हवाहवाई भी नहीं लग रही, क्योंकि 2 जून 2026 को टीएमसी से हाल में निकाले गये दो विधायक संदीपन शाह और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के एमएलए हॉस्टल में जाकर कई विधायकों के साथ बैठक की है। इनमें ममता बनर्जी के कई बिल्कुल खास विधायक हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने साफ कहा है कि टीएमसी विधायकों के लिए उनकी



पार्टी के दरवाजे बंद है। पश्चित बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ शब्दों में कहा है कि हमने बिना किसी बाहर की मदद के 207 विधायकों का आंकड़ा छू लिया है। इसलिए हमें किसी बाहरी विधायक की जरूरत नहीं है। दूसरी तरफ टीएमसी का दावा है कि सभी विधायक सिर्फ दो निष्कासित विधायकों के अलावा ममता बनर्जी के साथ हैं। शोभन चट्टोपाध्याय ने कहा है कि पार्टी के टूटने की अफवाहें हताशा में दिये गये बयान हैं, इनका हकीकत से कोई लेना देना नहीं है। सारे विधायक ममता बनर्जी के साथ रहेंगे और टीएमसी के संगठन पर अपना भरोसा जतायेंगे। लेकिन कांग्रेस ने मौके पर चौका मारते हुए कहा है कि टीएमसी भले कुछ भी कहे, लेकिन असली बात यही है कि टीएमसी एकजुट नहीं रह पायेगी। कांग्रेस नेता उदित राज ने साफ शब्दों में कहा है कि ममता बनर्जी वही काट रही हैं, जो उन्होंने बोया है। टीएमसी के कार्यकर्ताओं में भयानक असंतोष है, इसलिए उसका जिंदा रह पाना मुश्किल है। उदित राज के मुताबिक ममता बनर्जी को चाहिए कि वह अब इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के बारे में सोचें। जहां तक इस पूरे घटनाक्रम पर राजनीतिक पंडितों का आंकलन है, उसके मुताबिक टीएमसी की टूट की तीन संभावनाएं बन रही हैं। पहली यह कि टीएमसी के कुल विधायकों में से 54 विधायक पार्टी से अलग हो जाएं, तो उन पर दल-बदल का कानून लागू नहीं होगा। दूसरी स्थिति यह है कि टीएमसी दो गुटों में बंट जाए, लेकिन दूसरे गुट को टीएमसी के रूप में मान्यता तभी मिलेगी, जब चुने हुए 54 विधायक उसके साथ होंगे और इसका फैसला चुनाव आयोग करेगा।

## बड़ी हार के बाद संकट में टीएमसी

लेकिन टूटे हुए विधायकों को अलग पार्टी के रूप में तभी मान्यता मिल सकती है, जब न सिर्फ दो तिहाई विधायक बल्कि 28 में से 19 सांसद भी उनके साथ आ जाएं। क्योंकि अलग और मूल पार्टी के रूप में दावा बागी टीएमसी विधायकों का तभी साबित होगा। अगर ऐसा नहीं होता तो या तो अलग गुट के रूप में मान्यता मिल जायेगी (अगर 54 विधायक एक साथ अलग हुए) लेकिन टूटे हुए गुट को टीएमसी का चुनाव चिन्ह नहीं मिल सकता, क्योंकि उसके लिए दो तिहाई सांसद भी आने चाहिए। इस तरह अगर सांसद साथ नहीं आते तो इस बागी गुट को विधानसभा में नेता विपक्ष का पद तो मिल सकता है, जो मिल भी गया है लेकिन संगठन और पार्टी का संविधान व उसके तंत्र पर नियंत्रण ममता बनर्जी के गुट का ही रहेगा।

हाल में जिस तरह शिव सेना और एनसीपी में टूट हुई, क्या उसी के राह पर टीएमसी भी चल चुकी है? साल 2019 में भाजपा और शिव सेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन मुख्यमंत्री पद पर विवाद हो जाने के कारण उद्धव ठाकरे ने भाजपा से अलग होकर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर 'महाविकास अघाड़ी' (एमवीए) बना ली थी। लेकिन जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिव सेना के 40 से ज्यादा विधायकों ने बगावत कर दी और इस तरह उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री का पद खो दिया। ठीक ऐसे ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को अजित पवार ने साल 2023 में तोड़ दिया था। यही नहीं फरवरी 2024 में निर्वाचन आयोग ने अजित पवार गुट को आधिकारिक एनसीपी गुट माना था और उसे पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी एलॉट कर दिया था। ठीक यही हश्र शिव सेना के साथ भी हुआ था, जब बाला साहेब ठाकरे की शिव सेना का चुनाव चिन्ह उद्धव ठाकरे की जगह शिंदे गुट को मिल गया था। टीएमसी में भी हो सकता है कि अगर जैसा दावा किया जा रहा है 54 विधायक और 19 सांसद बागी गुट के साथ आ गये हैं। लेकिन असल बात ये है कि आखिर क्या वजह है कि चुनाव के पहले जो ममता बनर्जी बंगाल की राजनीति की सबसे मजबूत लड़ाका नेता लग रही थीं, वह अचानक इस कदर कमजोर हो गई हैं?

दरअसल इसकी वजह ये है कि टीएमसी की समूची राजनीतिक संरचना ममता बनर्जी के इर्दगिर्द ही टिकी है। पिछले 15 सालों में सत्ता में रहते हुए ममता बनर्जी ने पूरी ताकत अपने हाथों में रखी है। ऐसे में जब पार्टी हार गई, तो वैचारिक अनुशासन से ज्यादा फायदे की राजनीति की असलियत सामने आ गई और जीते हुए विधायकों ने सत्ता का सुख पाने के लिए इधर-उधर हाथ पैर मारने लगे। दरअसल इन विधायकों को लगता है वो टीएमसी के साथ बने रहेंगे तो उनका राजनीतिक भविष्य संकट में पड़ जायेगा। दूसरी बात यह भी है कि भाजपा को पश्चिम बंगाल में दो तिहाई बहुमत मिलने के कारण टीएमसी के कार्यकर्ताओं और दूसरी कतार के नेताओं का भी मनोबल टूट गया है। उन्हें लगता है जिस तरह लंबे समय तक प्रदेश में सीपीएम का शासन रहा है, फिर ममता बनर्जी का, उसी तरह अब लंबे समय के लिए भाजपा सत्ता में काबिज रहेगी, तो उनका क्या होगा? ये सारी उठा-पटक इसी हताशा का नतीजा है, जो अगर टीएमसी को दूसरी शिव सेना बना दे तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

**सोशल मीडिया**

कांग्रेस व इंडी अलायंस एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट और दो टूक निर्णय आने के बाद इसी संवैधानिकता पर प्रश्न उठाने का कोई औचित्य व आधार नहीं रहा जाता। सुधांशु त्रिवेदी.



मैं बंगाल में विपक्ष की आवाजों को दबाने और बीजेपी की हिंसा का कड़ा विरोध करती हूं, देश के लोग बंगाल में राजनीतिक दिवालिया व हिंसा का चरम रूप दे रहे हैं। ममता बनर्जी.



वेदांत और उसके मित्र प्रतिभाशाली, साहसी युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-साधे सवाल पूछे लेकिन जवाबों की जगह अपमान उन्हें मिला। राहुल गांधी.



**विचार**

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसीप्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई व्यक्ति कुछ भी काम नहीं करता है तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने का प्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जो कायरता से शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अतः जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

# आस्था की अभिव्यक्ति

**अंतर्दृष्टि**

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और हृदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल हृदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

**व्यंग्यलोक**

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

# डॉ. बशीर बद्रः बेमिसाल प्रतीकों का आधुनिक शायर



साहित्य जगत

भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद 1972 में शिमला समझौता हुआ, जिसे करने के लिए पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो आये थे। उन्होंने भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मुलाकात करते हुए एक शेर पढ़ा 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे/जब कभी हम दोस्त हो जायें तो शर्मिंदा न हों।' यह डॉ. बशीर बद्र का शेर है और एक देश के प्रमुख द्वारा कूटनीतिक वार्ता में इसे सुनाने से स्वतः ही मालूम हो जाता है कि इसके रचनाकार की ख्याति किसी सरहद तक सीमित न थी। निश्चित रूप से पदमश्री (1999) डॉ. बशीर बद्र, जिनके सभी काव्य संकलन- 'ईकाई', 'इमेज', 'आमद' व 'आसमान' विभिन्न सरकारी अकादमियों से पुरस्कृत हुए न सिर्फ. अंतर्राष्ट्रीय शुहरत के मालिक थे बल्कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों तक में उनके अशआर (शेर का बहुवचन) दिलचस्पी के साथ पढ़े व सुने जाते थे। बीती 28 मई 2026 को लम्बी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उनका दुनिया को अलविदा कहने से भारतीय साहित्य, विशेषकर उर्दू शायरी, के एक युग का अंत हो गया है। उनका जन्म सैय्यद मुहम्मद बशीर के रूप में 15 फरवरी 1935 को गांव बुखिया, निकट हंसवार, वर्तमान में जिला अम्बेडकर नगर में हुआ था।

इस लेख का उद्देश्य डॉ. बशीर बद्र की जिंदगी पर रोशनी डालना नहीं है, जिसके बारे में सभी जानते हैं कि उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एम.ए, पीएचडी की डिग्रियां प्राप्त कीं, इसी विश्वविद्यालय में लेक्चरर रहे, फिर 17 वर्ष तक मेरठ कॉलेज में प्रोफेसर और बाद में भोपाल बस गये, जहां उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। इस लेख का मकसद उनके चर्चित अशआर जैसे- 'उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो/न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाये।' या 'कुछ तो मजबूरियां रही होंगी/यूं कोई बेवफा नहीं होता।' आदि को दोहराना भी नहीं है, क्योंकि यह तो सभी की जबानों पर हैं। यह लेख यह बताने के लिए भी नहीं है कि लबो-रुखसार के पेचो-खम में उलझी हुई परम्परागत उर्दू शायरी में आधुनिकता (जदीद) की जो नींव नासिर काजमी ने रखी थी, उस पर बुलंद-ओ-बाला इमारत का निर्माण रंगों और खुशबू के शायर डॉ. बशीर बद्र ने किया और वह आम आदमी के रोजमर्रा के एहसास व अनुभवों की सशक्त आवाज बनकर उभरे, आपबीती को जगबीती बनाते हुए। मसलन, 1987 में जब वह विदेश की यात्रा पर थे, तो मेरठ के दंगों में उनके घर को फूंक दिया गया था और इस हादसे पर उन्होंने कहा- 'लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में/तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।' इसमें कोई दो राय नहीं है कि डॉ. बशीर बद्र नासिर काजमी से बहुत अधिक प्रभावित थे। मसलन, नासिर काजमी का एक शेर है- 'हमारे घर की दीवारों पे 'नासिर'/उदासी बाल खोले सो रही है।' और अब डॉ. बशीर बद्र का शेर सुनिये- 'उदासी पतझड़ों की शाम ओढ़े रास्ता तकती/पहाड़ी पर हजारों साल की कोई इमारत सी।' दरअसल, डॉ. बशीर बद्र को जो बात शायरों की भीड़ में एकदम अलग खड़ा कर देती है, वह है उनके द्वारा बेमिसाल प्रतीकों का इस्तेमाल करना, जो कहीं दूसरी जगह नहीं मिलते और यही बताना इस लेख का मकसद है। डॉ. बशीर बद्र के हाथों में गजल की रिवायत नये लबो-लहजे से दोचार हुई। उन्होंने अपनी गजलों में नये प्रतीक प्रयोग किये, जो विचित्र या अजीबो गरीब नहीं हैं बल्कि जो हमारे आसपास के हैं और जाने पहचाने से हैं, इसलिए आम आदमी जल्दी व आसानी से जुड़ जाते हैं। लेकिन यह प्रतीक उनसे पहले किसी ने इस्तेमाल नहीं किये हैं।

डॉ. बशीर बद्र की गजलों में हुस्न-ओ-इश्क भी है, दर्शन भी है, समाजी व सियासी हालात भी हैं, लेकिन उनकी गजलों की खूबी है उनके नायाब प्रतीक। इस संदर्भ में कुछ शेर सुनिये- 'मुझे हादसों ने सजा-सजा के बहुत हसीन बना दिया/मिरा दिल भी जैसे दुल्हन का हाथ हो महंदी से रचा हुआ।' एक गजल के दो शेर इस तरह से हैं- 'भरी दोपहर का खिला फूल है/पसीने में लड़की नहायी हुई' व 'खुशी हम गरीबों की जैसे मियां/मजारों पे चादर चढ़ायी हुई।' इस शेर में गरीबी पर कितना गहरा व्यंग्य है, सोचते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। डॉ. बशीर बद्र की शायरी में सौंदर्य वर्णन भी बहुत ही खूब है और यह करते हुए भी वह अलंकारों का अति प्रभावी प्रयोग करते हैं, जो उनकी शायरी को अधिक रोचक बना देते हैं। मसलन, प्रेमिका की आंखों की सुंदरता को वह इस तरह से बयान करते हैं- उसकी आंखों को गौर से देखो/मंदिरों में चराग जलते हुए। बहरहाल, संक्षेप में बात केवल इतनी है कि अब डॉ. बशीर बद्र के बाद ऐसा शेर कौन कहेगा- 'खुदा ऐसे एहसास का नाम है/रहे सामने और दिखायी न दे।'

**एस. ए. चौधरी.**

## आपकी बात

### युवा शक्ति का उपयोग

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। सरकार को रोजगार देने का प्रयास भी करना चाहिए और भर्तियों में निष्पक्षता भी जरूरी है।

**शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.**

### वैश्विक आर्थिक चुनौतियां

अमरीका में ट्रंप की वापसी के साथ दुनिया के अधिकांश देशों को निर्यात के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। भारत के सामने भी अनेक समस्याएं हैं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापस और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया है। ट्रंप ने फिलहाल कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 फीसद ड्यूटी बढ़ाने और चीन के आयात पर 10 फीसद नयी ड्यूटी लगाने का एलान किया है। लेकिन ट्रंप के निशाने पर भारत भी आ सकता है। क्योंकि भारत के साथ भी अमेरिका का द्विपक्षीय व्यापार घाटे में है और भारत के पक्ष में है। फिलहाल तो भारत अभी तक ट्रंप के टैरिफ वार से बचा हुआ है लेकिन भविष्य को लेकर चीजें अनिश्चित हैं। ऐसे में सरकार से बजट के मध्यम से पूर्व की तैयारी की अपेक्षित थी। सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरूआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे।

**पवन कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

गोसाईगंज-अयोध्या। सदर तहसील के संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार की देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सलेमपुर, पिपरी, संग्राम एवं मूडाडीहा गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ के समय आने वाली कठिनाइयों की जानकारी लिया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट तथा एसडीएम सदर अरविंद कुमार के साथ मडना स्थित अत्याधुनिक बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश यादव ने बताया कि राहत केंद्र भवन में अभी तक ग्रिल नहीं लगाई गई है तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण भी अधूरा है, जिससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# टीजीटी परीक्षा को लेकर डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

अयोध्या। टीजीटी प्रवक्ता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने एमएलएमएल इंटर कॉलेज रिकाबगंज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं विद्यालय प्रशासन से परीक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा सीसीटीवी कैमरों,सुरक्षा,पेयजल, परीक्षा कक्षों सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखते हुए परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। वरिष्ठपुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने संबंधित एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह जल्द ग्रहण करेंगे कुलपति का कार्यभार



मिल्कीपुर-अयोध्या। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति पद पर नियुक्त डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति रद्द करने संबंधी कुलाधिपति के आदेश को निरस्त कर दिए जाने के बाद आखिरकार कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा उन्हें विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण किए जाने के आदेश दे दिए गए हैं। बताते चलें कि डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक हैं और उन्हें वर्ष 2025 में राष्ट्रपति द्वारा विज्ञान श्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए आवेदन किया था और चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीते 10 फरवरी 2026 को उनकी नियुक्ति कर दी गई थी।

हालांकि, वे तत्काल कार्यभार ग्रहण नहीं कर सके थे, क्योंकि उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में अपने पद से औपचारिक रूप से कार्यमुक्त होना था। याचिकाकर्ता ने 19 और 26 फरवरी को राज्य सरकार व कुलाधिपति कार्यालय को पत्र लिखकर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 31 मार्च 2026 तक का समय मांगा था। इसके बावजूद कुलाधिपति ने 25 फरवरी को उन्हें 1 मार्च तक कार्यभार संभालने का निर्देश दिया और निर्धारित तिथि तक पदभार न ग्रहण करने पर बीते 3 मार्च को उनकी नियुक्ति रद्द कर दी। उन्होंने कुलाधिपति के नियुक्ति निरस्तीकरण आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दे दी थी। लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति पत्र में कार्यभार ग्रहण करने की कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं थी। साथ ही यह जानकारी थी कि डॉ सिंह को अपने पूर्व संस्थान से कार्यमुक्त होने में समय लगेगा। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व कुलपति का कार्यकाल छह माह बढ़ाया गया था तथा पूर्व में अन्य कुलपतियों को कार्यभार ग्रहण करने के लिए चार माह तक का समय दिया गया था। खंडपीठ ने माना कि ऐसी परिस्थितियों में डेढ़ माह का समय मांगना पूरी तरह उचित था।

## रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप की अनिवार्यता को लेकर शुरू हुआ विशेष चेकिंग अभियान



बाराबंकी। सड़क हादसों को रोकने के लिए जनपद के परिवहन विभाग ने रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप की अनिवार्यता को लेकर विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान की जानकारी देते हुये नवागत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि रेट्रो रिफलेक्टर टेप की अनिवार्यता, बिना मानक या खराब गुणवत्ता के रिफ्लेक्टिव टेप का इस्तेमाल करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। आज यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग कर बिना टेप लगे 5 वाहनो के चालान किये। तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित दर्जनों व्यावसायिक वाहनों पर मौके पर ही रेट्रो-रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये। इसके अतिरिक्त 2 ओवरलोड़ वाहनो को सीज व 15 वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये गये। अभियान के दौरान पीटीओ ने सभी चालकों से अपने वाहनों पर अनिवार्य रूप से रेट्रो-रिफ्लेक्टर टेप लगवाने की अपील भी की।

## अधिग्रहीत भूमि के स्वामी 20 जून को प्रस्तुत करें दावा

बहराइच। परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद बहराइच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) का फोरलेन चौड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित निर्माण के भू-अधिग्रहण प्रस्ताव मे जनपद बहराइच की तहसील कैसरगंज 52 ग्रामों मे राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3डी का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 18 मार्च 2026 को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में तहसील कैसरगंज के ग्राम अट्ठसा, बरौलिया, जरवल (ग्रामीण), बीबीपुर, सुर्जना जाफर मेहँदी, हैदरपुर नौबस्ता, अचेहरा, कोड़री चन्दन, पवही, पेण्डारी खुर्द, बढ़ौली, अकबरपुर खुर्द, नन्दोलिया, महुरी कला, सुमेरपुर, पेड़वा, हतिन्सा सम्सपुर, कहरई, वैरी महेशपुर, कसेहरी खुर्द की भूमि प्रभावित है।

यह जानकारी देते हुए सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति 20 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कपूरथला परिसर स्थित सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मोबाइल चोरी में झारखंड की दो महिलाएं गिरफ्तार




सोहावल-अयोध्या।रौनाही थाना क्षेत्र में वाहनों, बजारों , दुकानों आदि से चोरी छुपे मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह से जुड़े दो आरोपियों को पड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।इनके पास से 6 आईफोन और 21 एंड्राइड फोन बरामद होने का पुलिस ने दावा किया है। पकड़े गए दोनों चोर झारखंड के निवासी हैं। यह घुमंतू प्रवृत्ति के लोगों की तरह क्षेत्र में रहकर अपराध करते रहे हैं।

रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पिछले कुछ महीने से मोबाइल चोरी की वारदात बढ़ गई थी। कई शिकायतें आने के बाद चोरों के इस संगठित गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया।जिससे सफलता मिली है।पकड़े गए लोगों में चन्दा सबर पत्नी दीपक सबर निवासी इंचड़ा थाना जादूगोड़ा जनपद पूर्वी सिंहभूमि झारखण्ड उम्र लगभग 50 वर्ष, पुरिला पत्नी राहुल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी इंचड़ा थाना जादूगोड़ा जनपद पूर्वी सिंहभूमि झारखण्ड को मु0अ0सं0-216/2026 धारा 317(2)/317(4) बी एन एस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पर दिव्यांगों ने विधायक का किया सम्मान



अयोध्या। मुख्यमंत्री द्वारा नगर निकाय, विकास प्राधिकरण एवं डूडा के अंतर्गत निर्मित होने वाली दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इस निर्णय का लाभ अब जिले के दिव्यांगजनों को मिलने जा रहा है। दुकानों के लिए करीब 250 दिव्यांगो ने आवेदन किया है।प्रक्रिया शुरू होने से उत्साहित दिव्यांगजनों ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को सर्किट हाउस में माल्यार्पण करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के हित में लिया गया यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इससे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनेंगे तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**● दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया**

भारतीय दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. अकरम ने कहा कि नगर निकाय, विकास प्राधिकरण तथा डूडा के माध्यम से बनने वाली दुकानों में चार प्रतिशत आरक्षण के तहत जनपद के करीब 250 दिव्यांगजनों ने दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन किया है।

आवंटन प्रक्रिया शुरू होने से दिव्यांगजनों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है, इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।दुकानों में आरक्षण का प्रावधान दिव्यांगजनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

स्वागत करने वालों में सद्दाम, प्रदीप मौर्या, बसंत राम, गुलाम अली, जयकरन, इन्दर भारती, दुर्गावती, रमेश कुमार, सीमा पाण्डेय, सोनी यादव, पंकज, लक्ष्मी, साबिर अली, जगदीश प्रसाद, शेर बहादुर, अनुपम पाण्डेय, अशोक कुमार शामिल रहे।

## दो केन्द्र व्यवस्थापकों व एक सेक्टर मजिस्ट्रेट में हुआ बदलाव

बहराइच।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून 2026 तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा-2025 हेतु पूर्व में तैनात किये गये 02 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों तथा 01 परीक्षा केन्द्र के लिए तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट में बदलाव कर दिया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज हेतु पूर्व में तैनात उपायुक्त स्वतः रोजगार के स्थान पर बीडीओ महसी प्रतीक को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।जबकि परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराहा भिनगा रोड हेतु पूर्व में तैनात रवि कुमार शुक्ला के स्थान पर प्रधानाचार्य अरूण कुमार तथा राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर हेतु पूर्व में तैनात शिवेन्द्र सिंह के स्थान पर प्रधानाचार्य अमित रंजन को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्र व्यवस्थापक नामित किया गया है।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



बहराइच ।पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## लेखपाल रिश्वत लेते गिरफ्तार



अयोध्या। जनपद के रुदौली तहसील में तैनात लेखपाल दीपचंद्र यादव को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में इस घटना की चर्चा होती रही। जानकारी के अनुसार रुदौली क्षेत्र के सिठौली गांव निवासी एवं भाजपा शुजागंज मंडल मंत्री देवी प्रसाद लोधी ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी।शिकायतकर्ता का आरोप था कि जमीन से संबंधित एक कार्य के लिए वह लंबे समय से तहसील के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन उनका कार्य नहीं किया जा रहा था। आरोप है कि लेखपाल द्वारा कार्य के बदले लगातार धनराशि की मांग की जा रही थी। पीड़ित का कहना है कि वह पहले भी एक-दो बार धनराशि दे चुका था, इसके बावजूद उसका कार्य नहीं हुआ। बार-बार धन की मांग से परेशान होकर उसने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने मामले का सत्यापन कराया। आरोपों की पुष्टि होने के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। बताया जाता है कि तय योजना के तहत लेखपाल दीपचंद्र यादव को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

इसके बाद टीम आरोपी को अपने साथ ले गई और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के बीच हुई इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि मामले की जांच जारी है और संबंधित आरोप जांच के अधीन हैं। एंटी करप्शन टीम द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आपदा और मानवीय संकट की परिस्थितियों में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः जिलाधिकारी

### डीएम ने नवनियुक्त चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डनो सहित सदस्यो को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

जिला संवाददाता




बाराबंकी। आने वाला समय देश एवं विश्व के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आ सकता है। प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां भी मानवीय संकट का कारण बन सकती हैं। ऐसे समय में मानवता की सेवा एवं राहत कार्यों में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उक्त उद्गार कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे आयोजित नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस के पदाधिकारियो के शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कही।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा संगठन में चयनित चीफ वार्डन नवीन सेठ, डिप्टी चीफ वार्डन सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, जतिन गुप्ता, सेक्टर वार्डन पदों पर सरदार कंवर सिंह पीयूष, प्रत्युशकांत शुक्ला, गुरमीत सिंह, आसिफ अहमद खान, सरदार अमरजीत सिंह, त्रिपत सिंह, श्याम सिंह, सलाम मोहम्मद, रत्नेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, शिवानी वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सरिता सिंह सहित 135 सेक्टर वार्डनो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने महादेवा मेले में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए भीड़ प्रबंधन एवं जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवक सेवा कार्यों के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि तहसील स्तर पर भी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का सशक्त नेटवर्क विकसित किया जायें।

इससे आपदा संबंधी सूचनाएं, मौसम परिवर्तन की जानकारी तथा राहत एवं बचाव से जुड़े संदेश समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचाए जा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान नागरिक सुरक्षा कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव भी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अनीता प्रताप, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, नागरिक सुरक्षा कार्यालय नीरज कुमार, अंबरीश कुमार, प्रेमवती मौर्य आदि मौजूद रहे।

# रामगांव पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने लिया जायजा



बहराइच । कृषि एवं एलायड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में फार्मर आई.डी. की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों की फार्मर आई.डी. बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित किये जा रहे शिविरों का जायजा लेने के उद्देश्य जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ तहसील एवं ब्लाक महसी के ग्राम पंचायत रामगांव का भ्रमण किया। प्राथमिक विद्यालय रामगांव के परिसर में लगाये शिविर के निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि आर.पी. सिंह ने बताया कि लक्ष्य 192 के सापेक्ष 44 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री की गई है। निरीक्षण दिवस की बात की जाये तो डीएम के पहुंचने तक 05 कृषकों की फार्मर आईडी तैयार की गई थी ।डीएम त्रिपाठी ने उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले कृषकों की खतौनी, किसान सम्मान निधि इत्यादि से सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो उसका भी निस्तारण कराया जाय। डीएम ने राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देश दिया कि राजस्व वाद तथा चकमार्ग के सम्बन्ध में भी यदि किसी ग्रामीण या कृषक की कोई समस्या है तो उसका भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में मौजूद कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चलेगा विशेष जनजागरूकता एवं जनकल्याण अभियान

जिला संवाददाता



बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निदेर्शानुसार जनपद में 5 जून से 21 जून तक व्यापक स्तर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान मे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों, सुशासन की उपलब्धियों तथा आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुये जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रम सेवा, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप जन-केंद्रित, प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण हों। शासन की योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण, पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

**● सेवा, सुशासन एवं सम्मान की भावना के साथ जन-जन तक पहुंचें योजनाओं का लाभ: डीएम**

उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के आह्वान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तालाबों, नदियों, नहरों, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों के किनारे पौधरोपण कर हरित वातावरण को बढ़ावा, स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों के साथ फलदार पौधों के रोपण को प्राथमिकता तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## दंपत्ति पर हमला चार नामजद

अयोध्या। महाराजगंज थाना क्षेत्र के पुनहद गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक दंपत्ति पर हमला हुआ। पुलिस ने चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी व अधिवेशन सम्पन

अयोध्या। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ. प्र. द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मारवाड़ी भवन अयोध्या में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शैक्षिक व देश भक्ति गीत आदि मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचारों, राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण, शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम तथा एसोसिएशन की मजबूती हेतु प्रयास,कार्य योजना आदि विन्दुओं पर चर्चा की गई। शैक्षिक नवाचार ऐसा भी है जो अपनी माँगो को नहीं बल्कि शैक्षिक नवाचारों व बच्चो के शिक्षण हित के लिए कार्य कर रहा है।

# सीएचसी में प्रोजेक्ट मातृ छाया के तहत अत्याधुनिक प्रसव केंद्र शुरू



बहराइच 03 जून। ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रोजेक्ट मातृ छाया के अंतर्गत सीएचसी व आकांक्षी ब्लॉक हुजूरपुर में निर्मित अत्याधुनिक प्रसव एवं मातृ-शिशु देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि निशांक त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस विश्वस्तरीय सुविधा का लोकार्पण किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना श्पीएसआई इंडियाश और श्एसबीआई फाउंडेशनश के वित्तीय सहयोग से धरातल पर उतारी गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार का संकल्प है। हुजूरपुर सीएचसी में अब गरीब महिलाओं को भी कॉरपोरेट अस्पतालों जैसी सुरक्षित प्रसव सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। वहीं हुजूरपुर, ब्लॉक प्रमुख, अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि इस अत्याधुनिक केंद्र और नवजात शिशु देखभाल इकाई की शुरूआत से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यह ब्लॉक अब स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में जिले के लिए रोल मॉडल साबित होगा। समारोह के दौरान राज्य स्तर से आईं मातृ स्वास्थ्य की संयुक्त निदेशक डॉ. शालू गुप्ता भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. आभाष अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए केंद्र पर 35 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। पूरे परिसर (एएनसी व पीएनसी वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन और स्टाफ रूम) को पूर्ण रूप से वातानुकूलित (एसी) बनाया गया है। इस परियोजना के तहत हुजूरपुर प्रदेश की पहली ऐसी सीएचसी बन गई है, जिसे अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन मिली है। उद्घाटन के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता चैधरी ने दो गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर सेवा का शुभारंभ किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के तीन जनपदों बहराइच, हरदोई और बलरामपुर में एक-एक सीएचसी का चयन कर उनका कायाकल्प किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण महिलाओं को घर के पास ही प्राइवेट अस्पतालों जैसी सुरक्षित प्रसव सुविधाएं मिल सकें। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ नवजात शिशु हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हुजूरपुर में विकसित यह आधुनिक केंद्र क्षेत्र की हजारों गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर डीएचईआईओ बृजेश सिंह, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, सुधीर निषाद मंडल महामंत्री सत्येंद्र सिंह प्रधान एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एएनएम, आशा और भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षेप

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक बुधवार को शुरू हो गई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि को लेकर पैदा हुई चुनौतियों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है। छह सदस्यीय एमपीसी की तीन दिन की विचार-विमर्श प्रक्रिया के बाद पांच जून को मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया बिल्कुल नया इंट्रा वी40

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज अपनी नई इंट्रा वी40 लॉन्च करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेजी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। ज्यादा लोड और ज्यादा कुशलता वाले कामों के लिए डिजाइन की गई इंट्रा वी40 में सीएनजी + पेट्रोल की दोहरी ईंधन तकनीक के साथ-साथ अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन 1,525 केजी का पेलोड और 2,960एमएम लंबी लोड बॉडी दी गई है। इसकी मदद से ऑपरेटर अलग-अलग रास्तों पर बिना किसी रुकावट के काम करते हुए अपनी कमाई को ज्यादा से ज्यादा बढ़ा सकते हैं।

## नेत्राडाइन ने की एनएचईवी से साझेदारी

बेंगलुरु। नेत्राडाइन ने आज घोषणा की कि वह भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग इलेक्ट्रिक वाहन कार्यक्रम के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के लिए इंटेलिजेंस और सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी। इस पहल के तहत एनएचईवी के एकीकृत ई-हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक उन्नत डिजिटल इंटेलिजेंस लेयर जोड़ी जाएगी, जिससे लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुरक्षित, कनेक्टेड और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधान चरणबद्ध तरीके से एनएचईवी समर्थित कॉरिडोर पर संचालित वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाए जाएंगे। इससे फ्लीट की रियल-टाइम निगरानी, संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान, ड्राइवर व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## पेप्सिको इंडिया ने पेश किया एड्रेनलिन रश

बंगलुरु। पेप्सिको इंडिया ने एनर्जी ड्रिंक ब्रांड एड्रेनलिन रश लॉन्च किया है। इस लॉन्चिंग के साथ कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक्स कैटेगरी में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। इसके साथ कंपनी ने ए-रश, ए-गेम ऑन (ए-रश, ए-गेम ऑन) के कॉन्सेप्ट के साथ एक नया है। यह लॉन्चिंग पेप्सिको इंडिया के बढ़ते एनर्जी पोर्टफोलियो की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि कंपनी अब जेन-जी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। नई पीढ़ी के ये ग्राहक अपनी जिंदगी के हर काम में बेहतरीन परफॉर्मेंस और पूरे फोकस के साथ अपना ए-गेम (ए-गेम) यानी बेस्ट परफॉर्मेंस दिखाते हैं।

## आर्यन ने हासिल की सफलता

नोएडा। यह साबित करते हुए कि दृढ़ संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को तोड़ सकती है, आर्यन साहू ने जेईई एडवान्स 2026 पास कर ली है। आर्यन के परिवार को भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके पिता एक स्थानीय सब्जी विक्रेता के रूप में मामूली आजीविका कमाते हैं और उनकी माँ घर संभालती हैं। आर्यन के लिए यह चुनौती और भी बड़ी थी क्योंकि जेईई एडवान्स की कोचिंग और अध्ययन सामग्री हिंदी भाषा में बहुत कम उपलब्ध होती है। मैं अकादमिक सहयोग के लिए फिज़िक्सवाला को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ।

## हीरो मोटोकॉर्प की फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें लॉन्च

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने आज अपनी पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें, यानी जानी-मानी स्प्लेंडर+ और एचएफ डीलक्स, पेश कीं। इस लॉन्च के साथ भारत में 100सीसी सेगमेंट की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें आ गई हैं। यह भारत के स्वच्छ, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। रोजमर्रा के सफर के लिए तैयार की गई ये नई मोटरसाइकिलें ई20 से लेकर ई85 तक के इथेनॉल मिश्रित ईंधन के साथ चल सकती हैं।

# सेंसेक्स में 304 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र की तेजी के बाद बुधवार को फिर गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी और संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 1157.24 अंक तक की गिरावट आई थी। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.95 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,405.60 अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में मंगलवार को चार दिन की गिरावट के बाद लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 8.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और इन्फोसिस भी नुकसान में रहीं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत बढ़कर 98.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 8,362.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू शेयर बाजार में आज एक और उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद घरेलू बाजार शुरुआती नुकसान से तेजी से उबरे। यह उछाल मुख्य रूप से बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण आया। हालांकि, मुनाफावसूली और वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में आज एक बार फिर अत्यधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वैश्विक तनाव को लेकर चिंता, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बाजार दबाव में खुले। आज की सबसे महत्वपूर्ण बात आईटी क्षेत्र में आई भारी बिकवाली है। निवेशकों द्वारा वैश्विक प्रौद्योगिकी विकास की उम्मीदों का आकलन करने के कारण इस क्षेत्र में भारी मुनाफावसूली देखने को मिली। मझोली कंपनियों का सूचकांक बीएसई मिडकैप सेलेक्ट 0.73 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.15 प्रतिशत टूटा। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,400 शेयर नुकसान में रहे। 1812 शेयरों में तेजी आई जबकि 174 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। वैश्विक स्तर पर तनाव को लेकर चिंताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स मंगलवार को 382.50 अंक चढ़कर 74,649.84 अंक और निफ्टी 100.95 अंक की मजबूती के साथ 23,483.55 अंक पर बंद हुआ था।

# कमज़ोर वैश्विक संकेतों से सोना 1850 रुपये टूटा, चांदी 1500 रुपये हुई सस्ती



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1850 रुपये टूटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 159,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 161,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

चांदी की कीमतें भी 1500 रुपये या 0.55 प्रतिशत टूटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें गिर गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका पैदा हो गई है, जिसका असर कीमती धातुओं पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.54 प्रतिशत टूटकर 4,463.84 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी एक प्रतिशत टूटकर 74.43 डॉलर प्रति औंस रह गई। सोने की कीमतें दबाव में थीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान समझौता अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है।

## घरेलू मांग बढ़ने से भारत का ईंधन निर्यात 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। रिफाइनरियों में रखरखाव कार्य, उत्पादन प्राथमिकताओं में बदलाव और घरेलू मांग बढ़ने के कारण भारत के परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात मई में घटकर लगभग साढ़े नौ लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो अक्टूबर, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

मई में परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात घटकर करीब साढ़े नौ लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। इससे पहले अक्टूबर, 2022 में निर्यात औसतन 9.26 लाख बैरल प्रतिदिन था। निर्यात में यह तेज गिरावट रिफाइनरियों में कम प्रसंस्करण, रखरखाव गतिविधियों और घरेलू बाजार पर बढ़ते जोर के संयुक्त प्रभाव का परिणाम है। इस गिरावट का एक प्रमुख कारण भारत की सबसे बड़ी रिफाइनरी और परिष्कृत ईंधन की प्रमुख निर्यातक रिलायंस इंडस्ट्रीज के जामनगर रिफाइनिंग परिसर में नियोजित रखरखाव कार्यक्रम रहा। इसके चलते कच्चे तेल के प्रसंस्करण की दर घटी और निर्यात के लिए उपलब्ध उत्पादों की मात्रा सीमित हो गई। रिफाइनरियों ने घरेलू बाजार के लिए रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से उत्पाद मिश्रण में बदलाव किया, जिससे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अनुमानित 80,000 बैरल प्रतिदिन कम हो गया।

## रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 31 पैसे टूटकर 95.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।


विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूत मांग, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.80 के निचले स्तर पर रहा और कारोबार के अंत में 95.67 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 95.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने और शांति वार्ता रुकने के बीच यूएसटीआर की कार्वाई ने निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा पर नकारात्मक असर डाल रही है। यूएसटीआर ने बंधुआ मजदूरी से निर्मित उत्पादों के आयात पर रोक लगाने में विफल रहने के आरोप में भारत समेत 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, निवेशकों की नजर अब भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक तीन से पांच जून तक निर्धारित है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी पांच जून को अपने निर्णयों की घोषणा करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत बढ़कर 99.34 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 98.65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर 59.8 पर पहुंच गई। इसे मजबूत मांग, नए ग्राहकों एवं कारोबार में निरंतर सुधार का समर्थन मिला। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 हो गया जो पिछले वर्ष नवंबर के बाद विस्तार की सबसे तेज दर को दर्शाता है।

क्रय प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। मई में भारत का सेवा पीएमआई व्यावसायिक गतिविधियों में विस्तार का संकेत देता है, जिसे नए कारोबार में निरंतर वृद्धि का समर्थन मिला। भारत द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बाहरी मांग भी तेज गति से बढ़ी, जो अप्रैल की गिरावट के बाद उभरी है। कच्चे माल की लागत में कमी से मुद्रास्फीति में नरमी आई, जिससे बिक्री कीमतों पर दबाव कम हुआ। माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और आईटी जैसी सेवाओं की मजबूत मांग ने मई में नए कारोबार की वृद्धि को बढ़ावा दिया।

# सोना बेचने की खबरें गलत : आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है।

आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं। उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की। आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था। शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है। रिपोर्ट में कहा गया, बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है। इस वृद्धि की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है। आरबीआई आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है। रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे टूटकर 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक दबाव के बीच रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

# देश में नियुक्ति गतिविधियों में मई में चार प्रतिशत की गिरावट

मुंबई। देश में दफ्तर में बैठकर काम करने से जुड़े पदों के लिए नियुक्ति गतिविधियों में मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, विविधता आधारित यानी विभिन्न वर्गों के आधार पर नियुक्ति में वृद्धि हुई है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

कुल व्हाइट-कॉलर यानी कार्यालयों में बैठकर काम करने से जुड़े पदों के लिए नियुक्ति गतिविधियों में मासिक आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट आई। यह बाजार की बदलती परिस्थितियों के बीच नियोक्ताओं की निरंतर सतर्कता को दर्शाता है। हालांकि, इसी अवधि में विविधतापूर्ण नियुक्ति गतिविधियों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयात और निर्यात, लॉजिस्टिक और परिवहन, खुदरा और बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) जैसे कई क्षेत्रों में नियुक्ति की धीमी गति ने वार्षिक भर्ती रुख को प्रभावित किया। आयात और निर्यात क्षेत्र में 23 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं लॉजिस्टिक और परिवहन क्षेत्र में 18 प्रतिशत, खुदरा क्षेत्र में आठ प्रतिशत और बीएफएसआई में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, यात्रा और पर्यटन (26 प्रतिशत), वाहन (12 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा और औषधि (11 प्रतिशत) और रियल एस्टेट (11 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में मई में सालाना आधार पर नियुक्ति में मजबूत वृद्धि देखी गई। विविधतापूर्ण नियुक्ति में दहाई अंक में वृद्धि देखी गई, जो समावेशी कार्यबल रणनीतियों के प्रति नियोक्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि, कुल मिलाकर भर्ती गतिविधियां चयनात्मक बनी रही। विविधता-केंद्रित सभी भर्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही, जबकि दिव्यांगजनों का प्रतिनिधित्व दो वर्षों में तीन गुना बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया। इस दौरान, विविधता और समावेश नियुक्ति सभी विविधतापूर्ण भर्तियों का लगभग एक तिहाई हो गई है। इस श्रेणी में, एलजीबीटीक्यूआईए और न्यूरोडाइवर्स प्रतिभाएं शामिल हैं। हालांकि, कुल मिलाकर नियुक्ति अधिक चयनात्मक हो गई है, संगठन उन प्रतिभा क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखे हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### अंतिम चरण

है। अब केवल एक प्रतिशत मुद्दा बचा है, जिसे अंतिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि दोनों देशों के नेता इस पर हस्ताक्षर कर इसे औपचारिक और कानूनी रूप दे सकें। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि यह काम अगले कुछ सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इसमें वर्षों नहीं लगेंगे। हम समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं। गोर ने 11 और 12 मार्च, 2026 को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा बंधुआ मजदूरी और अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़े मुद्दों पर 60 देशों के खिलाफ धारा-301 के तहत शुरू की गई जांच पर भी प्रतिक्रिया दी।

### दुस्साहस करने

कहा कि प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल से सरकार को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं और 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए तैयार हैं। बड़े पैमाने पर हुए निवेश से लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार मिला है। एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलने से 3 करोड़ लोगों को उनके गांव-क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसका परिणाम है कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं हैं। प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को सरकारी नौकरी मिली हैं। प्रदेश में सरकारी नौकरियों में भर्ती के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। सीएम योगी ने कहा विकास, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बेहतरीन उपलब्धि तभी संभव है, जब अच्छी सरकार आती है। अच्छी सरकार तब बनती है, जब जनता अच्छे जनप्रतिनिधि चुनती है। मुख्यमंत्री ने अच्छे जनप्रतिनिधि के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता ने रविकिशन को सांसद, विपिन सिंह और प्रदीप शुक्ल जैसे नेताओं को विधायक चुना तो विकास प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी। मुख्यमंत्री ने गीडा में हो रहे औद्योगिक विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीते 9 वर्षों में गीडा बदल गया है। यहां के उद्योगों में स्टील, पाइप, अच्छे कपड़े बन रहे हैं। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेज व बिसलेरी की भी यूनिट लगी है। नए-नए उद्योग आ रहे हैं। अच्छी डिस्टिलरी लग रही है। गीता प्रेस का संस्थान भी यहां बन रहा है। उद्योग केवल उत्पादन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे रोजगार भी ला रहे हैं। गीडा के नाइलिट सेंटर से मिल रही ट्रेनिंग युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध होने की गारंटी भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीडा का विस्तार अब धुरियापार क्षेत्र तक हो रहा है। धुरियापार क्षेत्र में 7 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बन रही है। वहां सीमेंट, पेंट की फैक्ट्री आ रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस से उद्योग जगत को भी बड़ा फायदा हो रहा है। इससे गोरखपुर से लखनऊ जाने में लगने वाला समय 7-8 घंटे से कम होकर तीन-साढ़े तीन घंटे रह गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लैटेड फैक्ट्री को एमएसएमई यूनिट्स के लिए रेडी टू यूज यानी प्लग एंड प्ले का बेहतरीन मॉडल बताया। समारोह में सांसद रविकिशन ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में गीडा बड़ा इंडस्ट्रियल हब बन रहा है। लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इस बिल्डिंग को और विस्तार दिया जाए। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया और स्नेहाशीष बरसाकर उन्हें खिलौने दिए। सीएम योगी ने गीडा की विभिन्न यूनिट्स में काम करने वाले कामगारों के लिए बनाए गए एलआईजी व ईडब्ल्यूएस आवासीय परिसर का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर में बने आवासों का जायजा लेने के बाद यहां भी परिसर में पौधरोपण किया।

### दिल्ली के

रहा था। तहखाने में भी कमरे बनाए गए थे। एक व्यक्ति ने कहा उन्होंने इमारत में एक कमरा लिया था। हमें मेरे दामाद के शव के बारे में खबर मिली है, लेकिन बाकी लोगों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं है। मैक्स अस्पताल ने बताया कि लाए गए 39 लोगों में से 18 को मृत घोषित कर दिया गया जबकि 15 को आईसीयू में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही द्वार था। अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच चल रही है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से कई मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। उनके परिजनों का इलाज कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित मैक्स अस्पताल में चल रहा था, जिस वजह से वे होटल में ठहरे हुए थे। इलाके से मिले दृश्यों में संकरी गलियां, लटकते तार और तंग इमारतें बेतरतीब ढंग से एक-दूसरे से सटी हुई दिखाई दे रही हैं। इनमें हवा में उठती आग की ऊंची लपटें भी दिख रही हैं। इमारत के चारों ओर कांच बिखरा पड़ा था।

### गोद में बच्चा

महिला भी शामिल थी, जिसने अपनी गोद में एक छोटे बच्चे को ले रखा था। उनके मुताबिक, चौथी मंजिल पर फंसे एक विदेशी दंपति ने खिड़की का शीशा और एल्युमिनियम की ग्रिल तोड़ दी तथा पाइप के सहारे नीचे उतरने की कोशिश की, लेकिन दोनों गिर गए। ऊपर से गुजर रहे तारों में फंसते हुए महिला सिर के बल जमीन पर गिरी। बचाव कार्य में शामिल एक स्थानीय निवासी ने बताया, "हर तरफ अफरा-तफरी मची हुई थी। लोग खिड़कियों में फंसे हुए थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोगों ने शीशे तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की। हमने कई लोगों को अलग-अलग मंजिलों से कूदते देखा।

### गैर इरादतन

टीम होटल मालिक के घर गई। होटल मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। कई टीमें उसकी तलाश में लगी हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह भूतल पर स्थित रेस्तरां में खानसामा पहुंचा और काम शुरू करने से पहले उसने उपकरण चालू किए। कुछ ही देर बाद धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते पूरी इमारत आग की लपटों में घिर गई, जिससे ऊपरी मंजिलों पर मौजूद कई मेहमान फंस गए।

### कैबिनेट निर्णय

के निर्माण को मंजूरी मिली है। कैबिनेट बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अपर महाधिवक्ता की रीटेनरशिप को 30 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं, बहस फीस 20 हजार रुपये प्रति कार्यदिवस की जगह 40 हजार प्रति कार्यदिवस कर दी गई है। उच्चतम न्यायालय के लिए अपर महाधिवक्ता भी रीटेनरशिप 30 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 50 हजार प्रतिमाह कर दी गई है, जबकि अब हर दिन की बहस के लिए इन्हें 30 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### पांच नये

बंदी क्षमता की नई जेल 225.06 करोड़ रुपये तथा भदोही में 574 बंदी क्षमता की नई जेल 209.18 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। नए कारागारों के निर्माण से बंदियों के आवास, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुधारात्मक गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

### आधुनिक और

की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ नगरों की भूमिका भी व्यापक हुई है। आज शहर निवेश आकर्षित करने, नए उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार उपलब्ध कराने और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले केंद्र बन गए हैं। ऐसे में स्थानीय निकायों की जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के विकास के प्रमुख सूत्रधार होते हैं। वे जनता की अपेक्षाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने नगर निकाय प्रतिनिधियों से स्वच्छता, हरित विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शहरी योजनाओं ने देश के नगरों में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया है। स्वच्छ भारत अभियान से सफाई के प्रति जनजागरूकता बढ़ी है, जबकि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं ने तकनीक आधारित शहरी प्रबंधन को नई दिशा दी है। आवास और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं ने भी समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### ममता की

हासिल की। उनके अनुसार, दो अन्य विधायकों के भी उनके खेमे में शामिल होने की संभावना है, जो फिलहाल राज्य से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने विधानमंडल दल की नई संरचना को स्वीकार कर लिया है और विपक्ष के नेता का पद उनके लिए आरक्षित कर दिया गया है। बागी गुट ने विधायक दल के लिए एक नयी नेतृत्व संरचना भी पेश की। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि अखरुज्ज़मान को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ विधायक जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उप-नेता होंगे।

### शिवकुमार ने

खंड्रे, यतींद्र सिद्धरमैया, बिरथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल शामिल हैं। खादर और यतींद्र को छोड़कर अन्य सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में मंत्री रह चुके हैं। खादर अब तक कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष थे, जबकि यतींद्र, सिद्धरमैया के पुत्र हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, केरल के मुख्यमंत्री वी.डी.सतीशन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### विमान ईंधन

जिलों में सड़कों की समस्याओं, तीखे मोड़ों और शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ आदि का समाधान होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक नए तटीय राजमार्ग के निर्माण को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसकी कुल परियोजना लागत 8,300.79 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के अनुसार, रामेश्वर से पारादीप तक यह नया तटीय राजमार्ग हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर दो पैकेज में बनाया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 160.18 किलोमीटर होगी।

### गाजीपुर : विनीत

के करंडा क्षेत्र की ओर जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के पवहारी बाबा आश्रम, कुर्था के पास पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में कमलेश चौधरी गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वाट प्रभारी को भी लगी गोली मुठभेड़ के दौरान बदमाश की ओर से चलाई गई गोली स्वाट प्रभारी रोहित मिश्रा को भी लगी। हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए।




# विश्व कप में अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट : हरमनप्रीत



टॉटन। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा।

भारत महिला टी20 विश्व कप का पहला खिताब जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करने की उम्मीद से इंग्लैंड पहुंचा है लेकिन वह मेजबान इंग्लैंड से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-1 से हार गया जिससे आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले उसकी तैयारियों को झटका लगा। हरमनप्रीत ने कहा, मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने कहा, राधा तो टीम में हैं ही। उसने डब्ल्यूपीएल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और वह भी पूरी तरह से तैयार है। उसके अलावा भारती फुलमाली ने भी मध्य क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि हम अभ्यास मैचों में उन्हें पर्याप्त मौका देंगे। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के कोच श्रवण कुमार का मानना है कि तेज गेंदबाज औकिब नबी को बैक अप भूमिका तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि अगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की अंतिम एकादश का हिस्सा होना चाहिए। नबी ने इस रणजी ट्रॉफी सत्र में 60 विकेट लिए और उनके इस प्रदर्शन ने जम्मू-कश्मीर को पहली बार इस घरेलू टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां कहा, मैं औकिब की बात कर रहा हूं। अपनी टीम को रणजी चैंपियन बनाने और 60 विकेट लेने के बाद भी औकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए क्यों नहीं चुना जा रहा है? यह बैक-अप गेंदबाज वाली बात क्या है? उन्होंने कहा, आप उन्हें बैक-अप गेंदबाज के नाम पर नेट गेंदबाज बना रहे हैं। नबी को बैक-अप खिलाड़ी के नाम पर नेट गेंदबाज नहीं माना जाना चाहिए। यह देखना वाकई हैरान करने वाला है।

# प्रज्ञानानंदा ने फिर से कार्लसन को हराया, गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म



ओस्लो। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गई। वह आठ अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं।

इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है। प्रज्ञानानंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा। कार्लसन का यह अभियान अप्रत्याशित रूप से उथल-पुथल भरा रहा है, जिसमें उन्हें चार बार क्लासिकल बाजी में हार का सामना करना पड़ा। इनमें से दो बार उन्हें प्रज्ञानानंदा ने हराया।

इस तरह से वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के वर्चस्व को चुनौती देने वाले प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा ने मैच के बाद कहा, मैग्नस के खिलाफ जीत के बारे में सोचने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मुझे यह जीत हासिल करनी है। निश्चित तौर पर मैग्नस के खिलाफ जीत हासिल करना शानदार है, लेकिन मुझे लगता है कि टूर्नामेंट के इस चरण में कोई भी मैच जीतना अच्छा है। प्रज्ञानानंदा नौवें दौर में काले मोहरों से हमवतन गुकेश के खिलाफ खेलेंगे। इस बीच अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आमगिडन टाई-ब्रेक में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 14 पर पहुंचा दी है।

# भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच 6 से

## भारत के खिलाफ होगी अफगानिस्तान के कप्तान शाहिदी की सबसे बड़ी परीक्षा

एजेंसी

मुल्लांपुर। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की भारत के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में कड़ी परीक्षा होगी। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी भी इस 31 वर्षीय खिलाड़ी के इर्द गिर्द घूमेगी। अफगानिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों की उनसे काफी उम्मीद लगी होगी और यह देखना दिलचस्प होगा कि शाहिदी अपेक्षाओं के इस बोझ से कैसे निपटते हैं। अनुभवी खिलाड़ी राशिद खान और मोहम्मद नबी की अनुपस्थिति में शांत स्वभाव वाले शाहिदी पर यह साबित करने की जिम्मेदारी होगी कि अफगानिस्तान लाल गेंद की क्रिकेट में कुछ सुपरस्टार नामों पर निर्भर नहीं हैं। यह एक ऐसी भूमिका है जिस पर उनके पिता को गर्व होगा। शाहिदी के पिता भौतिकी के शिक्षक और कई पाठ्यपुस्तकों के लेखक हैं और वह शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं। कई अन्य अफगान परिवारों की तरह शाहिदी का परिवार भी अफगानिस्तान में वर्षों के संघर्ष और राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित रहा है।




उन्होंने स्वदेश लौटने से पहले पाकिस्तान में कुछ समय बिताया। अनिश्चितता के ऐसे माहौल में पले-बढ़े एक युवा लड़के के लिए क्रिकेट शायद ही सबसे सुरक्षित करियर विकल्प था। इसके बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत करके अफगानिस्तान के क्रिकेट दिग्गजों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई। अगर राशिद टीम के सुपरस्टार हैं तो शाहिदी वह खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम को नई दिशा देने का जिम्मा सौंपा गया है। इसलिए उनके लिए भारत के खिलाफ इस टेस्ट मैच का महत्व परिणाम से कहीं अधिक है। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 2018 में बेंगलुरु में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। इस मैच में उसने केवल दो सत्र में 20 विकेट गंवा दिए थे। इसी मैच में शाहिदी ने अपना पदार्पण किया था। इसके आठ साल बाद वह टीम के कप्तान है और उन्हें भारत की मजबूत टीम की चुनौती से पार पाना है जो किसी भी लिहाज से आसान नहीं होगा। लेकिन शाहिदी धैर्य से काम लेते हैं और अनुशासन में रहना पसंद करते हैं। वह बल्लेबाजी में अपना लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने 2021 में अबू धाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 200 रन बनाए थे।

इस तरह से वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले अफगानिस्तान के पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने तब 246 रन बनाए थे जो अफगानिस्तान की तरफ से सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड है। सबसे बड़ा सवाल लिया है कि क्या अफगानिस्तान इस मैच को पांच दिन तक खींच पाएगा। कम से कम भारत ऐसा कतई नहीं चाहेगा और वह मैच को जल्द से जल्द समाप्त करने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा जिससे शाहिदी के लिए चुनौती और मुश्किल बन गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को यहां भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे।

## न्यूजीलैंड में इस साल के आखिर में दो टेस्ट सहित 12 मैच खेलेगा भारत

ऑकलैंड। भारत इस वर्ष 22 अक्टूबर से एक दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह दो टेस्ट, पांच एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारूप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी। यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी जिसका पहला मैच चार नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य विपणन और वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा, जब क्रिकेट की बात आती है तो भारत का कोई सानी नहीं है। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड का यह दौरा क्रिकेट से कहीं अधिक मायने रखता है। यह भारत के साथ न्यूजीलैंड के साझा इतिहास और संस्कृति का उत्सव होगा। यह क्रिकेट के जरिए हमारी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती का भी जश्न होगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी ने कहा, भारत के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है। उनकी टीम बेहतरीन है जिसमें कई प्रतिभावान और स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

# फीफा विश्व कप में खेलेंगे भारतीय मूल के चार खिलाड़ी



**नयी दिल्ली।** भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नज़र डालते हैं।

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2019-2020 सत्र में बुंडेसलीगा का खिताब जीता था। मिडफील्डर सरप्रीत पुर्तगाल के यूनियाओ डी लीरिया और सर्बिया की सुपरलीगा टीम एफके टीएससी की तरफ से भी खेले।

इसके बाद वह फीनिक्स के लिए ए-लीग में खेले। उन्हें इस साल फरवरी में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह आठ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन अप्रैल में उन्होंने वापसी की और न्यूजीलैंड की विश्व कप की 26 सदस्यीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 24 अंतराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं। सरप्रीत ने 2017 और 2019 फीफा अंडर-20 विश्व कप में भी न्यूजीलैंड के लिए खेले थे। मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। फीफा के नियमों के अनुसार, कोई खिलाड़ी किसी राष्ट्रीय टीम के लिए तभी खेल सकता है।

## संक्षेप

### हॉकी : चीनी को हराकर भारत सेमीफाइनल में

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में नौ अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रूख अपनाया जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक (27वें, 35वें, 42वें मिनट) करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान (40वें, 44वें), सिद्धार्थ बेन (30वें, 52वें) और राहुल यादव (20वें, 54वें) ने दो-दो गोल किए। करण गौतम (सातवें), प्रेमचंद सोय (11वें), कप्तान केतन कुशवाहा (13वें) और वरिंदर सिंह (50वें) ने भी गोल किए।

### बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और ब्राजील के उनके जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर का फ्रेंच ओपन पुरुष युगल में शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से सीधे सेटों में हार के साथ खत्म हो गया। बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 4-6 से हार गई। हार के बावजूद बालाजी और डेमोलिनर की जोड़ी के लिए टूर्नामेंट में प्रदर्शन यादगार रहेगा क्योंकि वे तीसरे दौर में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुट्ज की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। बालाजी के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना उनके करियर के सबसे अच्छे ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों में से एक है।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराया



लाहौर। तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर चार विकेट लिए जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 41 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 231 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44 ओवर में 190 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान जोश इंग्लिस (51) और कैमरन ग्रीन (53) ने अर्धशतक बनाए। उनके अलावा मैथ्यू रेनशॉ ने 43 रन का योगदान दिया जबकि 19 वर्षीय ओलिवर पीक ने 32 गेंदों में 31 रन की उपयोगी पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय छह विकेट पर 78 रन था।

### विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : मंधाना

टॉटन। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त डॉट गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस सलामी बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि महिला टी20 विश्व कप में यह गलती नहीं दोहराई जाएगी। इंग्लैंड ने श्रृंखला 2-। से जीत कर भारत की विश्व कप की तैयारी को झटका दिया। मंधाना ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत की थी और उनके तीन विकेट जल्दी हासिल कर लिए थे। इसके बाद उन्होंने शानदार साझेदारी निभाई। मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत अच्छे शॉट खेले। उन्होंने कहा, हम कुछ डॉट गेंद करके उन पर दबाव बना सकते थे लेकिन हम ऐसा करने में नाकाम रहे।

# विश्व योगासन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 400 एथलीट

अहमदाबाद। पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 में 60 से ज्यादा देशों के 400 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे जो बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही है।

विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के पहले चरण में अमेरिका, घाना, कीनिया, मलेशिया, श्रीलंका और उज्बेकिस्तान समेत दुनिया भर के एथलीट हिस्सा लेंगे। यह ऐतिहासिक चैंपियनशिप योगासन के विकास में एक अहम मोड़ है जो भारत के योग को दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर बदल रहा है और साथ ही ओलंपिक मूवमेंट में पहचान दिलाने का रास्ता भी मजबूत कर रहा है।

### एरिना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में डायना श्नाइडर के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका को क्वार्टर फाइनल में श्नाइडर के खिलाफ 3-6, 7-5, 6-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सबालेंका दूसरे सेट में 4-1 से आगे थीं और जब वह 5-4 के स्कोर पर मैच जीतने के लिए सर्विस कर रहीं थी तब जीत से सिर्फ दो अंक दूर थीं। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल खेल रहीं श्नाइडर ने हालांकि इसके बाद जोरदार वापसी की और सबालेंका को कोई मौका नहीं दिया। निर्णायक सेट के छठे गेम में सबालेंका ने 0-40 से पिछड़ने के बाद दो मैच प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बाद उन्होंने शॉट को नेट पर मारकर मैच श्नाइडर की झोली में डाल दिया।

# आयुष इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुतविका गड्डे की दुनिया की 41वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने पो सुआन येंग और लिंग फेंग हू की चीनी ताइपे की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-14, 21-14 से उलटफेर भरी जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका अगले दौर में थॉम गिक्वेल और डेलफाइन डेलरुए की फ्रांस की गत चैंपियन जोड़ी से भिड़ेंगे।

**सात्विक-चिराग मैच से हटे**

# भारत ने सिंगापुर को 25-0 से हराया, पूल ए में शीर्ष पर



काकामिगाहारा (जापान)। पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए जिनमें नौशीन नाज़ सबसे आगे रहीं। उन्होंने सात गोल (आठवें मिनट, 13वें, 17वें, 18वें, 40वें, 52वें, 58वें) दागे। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल (13वें, 28वें, 47वें, 48वें, 60वें) किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजुर ने चार गोल (दूसरे, 24वें, 38वें, 45वें) का योगदान दिया। प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक (22वें, 37वें, 53वें) बनाई। उनके अलावा दीया (27वें), नैन्सी सरोहा (36वें), श्रुति कुमारी (40वें), पुष्पा मांझी (47वें), रशमीन कौर (47वें) और संदीपा कुमारी (51वें) ने भी स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना दिया था। कप्तान स्वीटी ने दूसरे ही मिनट में पहला गोल दाग दिया। नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया।

# कोहली, रोहित के साथ खेलने को हर्ष उत्साहित

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा भारतीय ऑलराउंडर हर्ष दुबे का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ वनडे ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए बड़ी उपलब्धि होगी और वह इसके साथ ही अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व शैली को समझने के लिए भी उत्सुक हैं। बाएं हाथ के स्पिनर 23 वर्षीय दुबे को टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुने जाने की जानकारी मिली तब से सब कुछ एक सपने जैसा लग रहा है। दुबे ने जिओस्टार से कहा, मैं तब हवाई अड्डे पर था जब मुझे किसी व्यक्ति का फोन आया कि वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुने जाने पर मुझे कैसा लग रहा है।

उन्होंने कहा, लाउंज में शोर और नेटवर्क की समस्या के कारण मुझे लगा कि वह श्रीलंका में भारत ए टीम की वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की बात कर रहे हैं। इसलिए मैंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपना सपना सच करने के करीब पहुंच गया हूं। दुबे ने कहा, लेकिन मैंने जैसे ही फोन बंद किया संदेश आने लग गए कि मुझे टेस्ट और वनडे दोनों टीम में चुना गया है। मैंने ऑनलाइन खबर देखी तो सच कहूं मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं सपना देख रहा हूं। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले इस खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में विदर्भ की तरफ से खेलते हुए 69 विकेट लेने के अलावा 469 रन भी बनाए थे। उन्होंने कहा, मैं अभी 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। अभी मैं जो भी मौका मिलता है उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। टेस्ट मैच के बाद होने वाले तीन वनडे मैचों के दौरान कोहली और रोहित के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर दुबे ने कहा, मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं।

जब से मैंने क्रिकेट को समझना शुरू किया है, तब से उन्हें खेलते हुए देख रहा हूं। अगर मुझे उनके साथ एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाए, तो यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा होगा। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल के साथ खेलने के बारे में दुबे ने कहा, मैं वास्तव में शुभमन गिल को एक व्यक्ति के रूप में करीब से देखना चाहता हूं क्योंकि एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में आप कभी भी पूरी तरह से यह नहीं समझ सकते कि कोई व्यक्ति कैसा है या एक कप्तान के रूप में वह कैसा है। वहीं दूसरी ओर सुपरस्टार विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा ने वैभव सूर्यवंशी की टी20 प्रारूप में दुर्लभ प्रतिभा के रूप में सराहना करते हुए उनसे अपने खेल में कोई बदलाव नहीं करने का आग्रह किया। पंद्रह वर्षीय खिलाड़ी सूर्यवंशी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का दूसरा सत्र शानदार रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 776 रन के साथ वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। इस प्रदर्शन से उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की बातें तेज हो गई हैं। शर्मा ने कहा, वह निस्संदेह एक असाधारण प्रतिभा है। वह जिस तरह से इस आईपीएल में खेला, वह उल्लेखनीय है। जिस तरह से उसने सभी प्रथम श्रेणी, अंतरराष्ट्रीय और विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है और मुझे कहना होगा कि वह एक विशेष प्रतिभा है। वैभव बहुत अच्छा खेलता है।

उन्होंने कहा, वह जिस तरह का निर्भीक क्रिकेट खेलता है, उसने जिस तरह से विश्व स्तरीय गेंदबाजों की धुनाई की है, वह सराहनीय है। जिस तरह से उसने छक्के मारे हैं, वह अविश्वसनीय है, टी20 क्रिकेट के लिए वह शानदार है। जब शर्मा से पूछा गया कि एक कोच के रूप में वह उन्हें क्या सलाह देना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, वह टी20 खेल रहा है इसलिए मैं कहूंगा कि कुछ भी मत बदलो। बस जाओ और



ऐसे ही खेलो, जैसे तुम खेल रहे हो। उन्होंने कहा, जबरदस्त क्रिकेट खेल रहे हो, गेंद को मारते रहो और लोगों का मनोरंजन करते रहो। जहां तक टेस्ट क्रिकेट खेलने की बात है तो मैंने उसे इतना नहीं देखा है कि यह बता सकूं कि वह कितना परिपक्व है, वह अपना खेल कैसे बदल सकता है, वह गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कैसे छोड़ सकता है या वह स्विंग गेंदबाजी कैसे खेल सकता है।

# कुवैत हवाई अड्डे पर ईरान का हमला

## एक भारतीय नागरिक की मौत, कई अन्य घायल


दुबई। कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह जाने गंवाने वाले व्यक्ति के शोकसंतप्त परिवार के साथ ही घटना में घायल हुए लोगों को हरसंभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कुवैती प्रशासन के साथ तालमेल कर रहा है। इसने कहा कि कुवैत हवाई अड्डे पर आज हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर कुवैत स्थित भारतीय दूतावास गहरस शोक व्यक्त करता है। इस मौत के साथ ही 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई लड़ाई के बाद से मरने वाले



भारतीयों की कुल संख्या कम से कम 10 हो गई है। आज का हमला अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले, 30 मार्च को कुवैत में एक बिजली और जल विलवणीकरण संयंत्र पर ईरानी हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी। कुवैती गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नासिर बौस्लीब ने आज कहा कि हवाई अड्डे पर यात्री टर्मिनल (टी1) पर कई ड्रोन द्वारा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि इस हमले में एक यात्री की मौत हो गई और कई मजदूर एवं यात्री घायल हो गए। बौस्लीब ने कहा कि हवाई अड्डे की सुविधाओं और परिचालन बुनियादी ढांचे को गंभीर क्षति पहुंची है। कुवैत ने बुधवार को तब हवाई यातायात निलंबित कर दिया, जब ईरान के हमलों में टर्मिनल वन को निशाना बनाया गया। इस हमले से जानमाल का नुकसान हुआ और हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हवाई यातायात निलंबित कर दिया गया है और उड़ानों को अगले आदेश तक आसपास के हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अब्दुल्ला अल-सुंद ने बताया कि हवाई अड्डे पर हुए हमले के बाद अब तक सात अस्पतालों में 63 घायलों को ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सात मामलों में आपातकालीन बड़ी सर्जरी की गई है, और कई छोटी सर्जरी भी की गई हैं। अब्दुल्ला ने बताया कि घायलों में आम नागरिक, हवाई अड्डे के कर्मचारी और यात्री शामिल हैं।

# एनईसी के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार जून को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 73वें पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पर्यटन, कृषि, बागवानी और निवेश प्रोत्साहन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

पूर्ण सत्र से पूर्व बुधवार को आयोजित बैठक में बांस, अगरवुड, अष्टलक्ष्मी दर्शन और अन्य प्रमुख पहलों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को होने वाले पूर्ण सत्र में क्षेत्रीय विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए गठित मुख्यमंत्री उच्च-स्तरीय कार्य बलों द्वारा की गई प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि पर्यटन, कृषि एवं बागवानी, निवेश प्रोत्साहन, दूध, अंडे, मछली और मांस में आत्मनिर्भरता, खेल प्रोत्साहन, आर्थिक गलियारा विकास, अवसंरचना एवं संपर्क और हथकरघा एवं हस्तशिल्प पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उम्मीद है कि इन विचार-विमर्शों से राज्यों और हितधारकों के बीच साझा विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समन्वित कार्वाई को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) की महत्वपूर्ण पहलों की भी समीक्षा की जाएगी। इनमें प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति, पूर्वोत्तर निवेश शिखर सम्मेलन एवं बैंकर सम्मेलन के परिणाम, युवाओं पर केंद्रित पहलें और क्षेत्र में पर्यटन, लॉजिस्टिक्स एवं विशिष्ट पहचान (यूएसपी) परियोजनाओं से जुड़े प्रयास शामिल हैं। पूर्ण सत्र में पूर्वोत्तर दृष्टि योजना 2047 पर आगे विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष तक पूर्वोत्तर क्षेत्र को आर्थिक विकास, संपर्क, नवाचार, स्थिरता और सांस्कृतिक समृद्धि के जीवंत केंद्र में परिवर्तित करने के लिए एक दीर्घकालिक रूपरेखा प्रदान करना है। एनईसी के सदस्य क्षेत्रीय विकास प्राथमिकताओं और अंतर-राज्यीय सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी अपने विचार साझा करेंगे।

**संक्षेप**

## यूक्रेनी ड्रोन हमले में लगी आग

कीव। यूक्रेन के लंबी दूरी के ड्रोन हमलों में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्थित एक तेल टर्मिनल में आग लग गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन 1,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके लक्ष्य तक पहुंचे। हमले के बाद शहर के बंदरगाह क्षेत्र में काले धुएं के गुबार उठते देखे गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में शहर के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी। हमले के बाद सेंट पीटर्सबर्ग के हवाई अड्डे ने कुछ समय के लिए उड़ानें रोक दीं और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बाधित रहीं। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाले वार्षिक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच की बैठक में भाग लेने वाले हैं। यह आयोजन क्रेमलिन के लिए प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है, हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते कई पश्चिमी निवेशक और अधिकारी इससे दूर रहे हैं। यूक्रेन का कहना है कि उसके हमले रूस के तेल उत्पादन को प्रभावित करने और हथियार निर्माण ढांचे को बाधित करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। इससे पहले भी सेंट पीटर्सबर्ग और आसपास के बंदरगाह क्षेत्रों में तेल सुविधाओं को निशाना बनाया गया है।

## सीएम योगी ने बदले मंत्रियों के प्रभार वाले जिले

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण जिलों का प्रभार दिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र चौधरी को आगरा के साथ कासगंज जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अजीत पाल को फतेहपुर, समेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र तथा सुरेन्द्र दलेर को बुलंदशहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्रियों में सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या और बस्ती, सुरेश कुमार खन्ना को वाराणसी और लखनऊ, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा और हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और फिरोजाबाद तथा जयवीर सिंह को झांसी और फरुर्खाबाद का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मिजार्पुर और चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राकेश सचान को रायबरेली और कन्नौज तथा अरविन्द कुमार शर्मा को जौनपुर और भदोही की जिम्मेदारी दी गई है।

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले हिमंत बिस्व सरमा

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। शर्मा ने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति को असम के विकास की वर्तमान दिशा और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने राष्ट्रपति महोदया को देश



के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में से एक के रूप में असम की प्रगति और इस विकास गति को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व साहस, धैर्य और नेतृत्व का प्रतीक है तथा उनसे मुलाकात हमेशा प्रेरणादायक रहती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महोदया के शब्द हमें जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शर्मा ने बताया कि उन्होंने राज्य में जनकल्याण और विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति से आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। गौरतलब है कि हिमंत विश्व शर्मा ने 12 मई को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# पटना में खान सर के कोचिंग में तोड़फोड़, पथराव में तीन गिरफ्तार



पटना। बिहार की राजधानी पटना में खान सर के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के कोचिंग संस्थान में कथित तोड़फोड़ और पथराव के सिलसिले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान का निदेशक भी शामिल है। पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट में मंगलवार रात कुछ असामाजिक तत्वों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ और पथराव किया था। खान ने शुरुआत में दावा किया था कि संस्थान पर गोलीबारी भी हुई थी, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। बाद में खान ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वास्तव में क्या हुआ था। पुलिस अधीक्षक (शहर) कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, मंगलवार रात लगभग 10:10 बजे कदमकुआं थाना क्षेत्र में खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट में पथराव और संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बयान के मुताबिक, शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में सामने आया है कि पटना स्थित एक अन्य कोचिंग संस्थान से जुड़े 15-20 लोग कथित तौर पर पथराव और तोड़फोड़ की घटना में शामिल थे। घटना के बाद मौके पर पहुंच खान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा था, पास के एक कोचिंग संस्थान से जुड़े कुछ असामाजिक तत्वों ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया।

# प. बंगाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू, महिलाओं को हर माह मिलेंगे तीन हजार रुपये

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना की शुरुआत की और घोषणा की कि पहले चरण में 28.25 लाख लाभार्थियों को हर महीने 3,000 रुपये की सहायता मिलेगी।

यह योजना इस साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में से एक थी। इस योजना ने पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना की जगह ली है, जिसके तहत करीब 2.42 करोड़ महिलाओं को अधिकतम 1,500 रुपये प्रति माह मिलते थे। योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पिछले तीन दिनों में 28.25 लाख महिलाओं के आवेदन का सत्यापन करके उन्हें संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया अगले तीन महीने तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जारी रहेगी और खंड विकास कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों और नामित सरकारी केंद्रों पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। शुभेंदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही



3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि नए आवेदन स्वीकार किए जाते रहेंगे और सभी पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा तथा 3,000 रुपये लाभार्थियों के खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले। नये सिरे से पंजीकरण प्रक्रिया का बचाव करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पता चला था कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची से स्थायी रूप से नाम हटाए जाने के बावजूद कई लोग लक्ष्मी भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लोगों का धन केवल पात्र भारतीय नागरिकों तक पहुंचे और किसी गैर-भारतीय को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने दिया जाएगा। हालांकि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिनके मामले न्यायाधिकरणों में अपील के अधीन हैं और जिन हिंदू शरणार्थियों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है, वे भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपर्याप्त सत्यापन तंत्र का फायदा उठाकर अपात्र लाभार्थियों ने महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। नयी आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनियमितताओं को रोकने के लिए शुरू की गई है।

**इंटरटेनमेंट...**

# 'काला हिरण' सलमान की बायोपिक नहीं है : अमित

**मुंबई**। फिल्म 'काला हिरण' को लेकर जारी विवाद के बीच फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने सलमान खान की लीगल टीम के नोटिस पर रिएक्शन दिया। ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट में पोस्ट किए वीडियो में अमित जानी ने कहा कि हमारी पूरी फिल्म सलमान खान की बायोपिक नहीं है। हमारी पूरी फिल्म सलमान खान के नजरिए से नहीं है।




अमित जानी ने वीडियो में कहा, ह्यसलमान खान की लीगल टीम की ओर से नोटिस भेजकर हम पर दबाव बनाया जा रहा है कि हम फिल्म की रिलीज रोक दें और 20 जून को टीजर जारी न करें। 'काला हिरण' बिश्नोई समाज के संघर्ष, उनकी विरासत और वन्यजीवों के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। सलमान खान फिल्म का सिर्फ एक पार्ट हैं। 'काला हिरण' को लेकर सलमान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया था। सलमान की ओर से लॉ फर्म डीएसके लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई है। नोटिस में कहा गया था कि यह फिल्म कथित तौर पर सलमान खान के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान की लीगल टीम का दावा है कि इस फिल्म से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है, चल रही लीगल प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और उनके पर्सनल राइट्स का उल्लंघन हो सकता है। सलमान की लीगल टीम का कहना है कि एक्टर ने अपने नाम, पहचान या उनसे जुड़े किसी भी कथित घटनाक्रम के इस्तेमाल की कोई अनुमति नहीं दी है। सलमान से जुड़े काला हिरण शिकार मामले पर आधारित फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर पिछले शुक्रवार को जारी किया गया था। वहीं कहा गया था कि फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा।

# जैकलीन 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट पहुंचीं



**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया और उन्हें खारिज कर दिया। कोर्ट की कार्यवाही खत्म होते ही जैकलीन सीधे परिसर से बाहर निकलकर रवाना हो गईं। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में मुख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन की भूमिका और पैसों के लेन-देन की जांच कर रहा है। कोर्ट में आरोपों को किया खारिज जैकलीन फर्नांडिस

- खुद को बेकसूर बताया, सुकेश के ठगी के पैसों से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप

बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची थीं। कोर्ट में उनके खिलाफ तय किए जा रहे आरोपों को लेकर बहस हुई। जैकलीन ने जज के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन पर लगाए गए मनी लॉन्ड्रिंग के सारे आरोप बेबुनियाद हैं।

## रणवीर पर नॉन-कोऑपरेशन का फैसला एफडब्ल्यूआईसीई ने वापस लिया

**मुंबई**। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने रणवीर सिंह के खिलाफ जारी नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का ऐलान किया है एफडब्ल्यूआईसीई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आधिकारिक बयान में कहा कि इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के हस्तक्षेप और अपील के बाद यह फैसला लिया गया है। संगठन ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में एकता, सहयोग और सौहार्द बनाए रखना सबसे जरूरी है। इसी उद्देश्य से मामले को बातचीत और आपसी समझ के जरिए सुलझाने का निर्णय लिया गया।

# 'वेलकम टू द जंगल' ट्रेलर 11 जून को होगा लॉन्च

**मुंबई**। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अक्षय कुमार और दिशा पाटनी के साथ 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' गाना रिलीज हो गया है। मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से अक्षय कुमार और दिशा पाटनी के साथ 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' गाना रिलीज हो गया है। इस फिल्म में विंदु दारा सिंह भी अहम रोल में नजर आएंगे। उन्होंने एक खास

- मजनू, उदय नहीं लेकिन फिल्म में कई नए सरप्राइज

बातचीत में इस फिल्म को लेकर रोचक जानकारियां साझा करते हुए बताया कि 'यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का महाकुंभ है। पिछले कई दशकों में शायद ही कोई ऐसी फिल्म बनी हो, जिसमें इतने बड़े कलाकार एक साथ नजर आए हों। सेट पर कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता था कि इतने सारे नामी कलाकार एक ही प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। मेरा मानना है कि फिल्म का स्केल, कलाकारों की संख्या और इसकी प्रस्तुति दर्शकों को चौंकाने वाली




है। विंदु ने फिल्म की तुलना पुराने दौर की मल्टीस्टारर फिल्मों से करते हुए कहा कि ह्यमुझे राजकुमार कोहली की 'जानी दुश्मन' याद आती है, जिसमें उस समय के कई बड़े सितारे एक साथ नजर आए थे। हालांकि आज के दौर में एक फिल्म के लिए इतने बड़े कलाकारों को एक साथ लाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इतनी बड़ी स्टारकास्ट को एक साथ मैनेज करना आसान नहीं था। विंदु बताते हैं कि 'शूटिंग शुरू होने से पहले कलाकारों के बीच भी यह चर्चा होती थी कि निर्देशक अहमद खान इतने बड़े सेटअप को कैसे संभालेंगे।

शुरूआत में सभी के मन में थोड़ी आशंका थी, लेकिन जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ी, पूरी टीम को अहमद खान की कार्यशैली पर भरोसा हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर विंदु ने साफ किया कि ह्यदर्शकों को 'वेलकम' और 'वेलकम बैक' की कहानी दिमाग से निकालकर थिएटर जाना होगा। यह फ्रेंचाइज का तीसरा भाग जरूर है, लेकिन इसकी कहानी पूरी तरह नई है। उन्होंने कहा कि फिल्म का डीएनए वही पुराना 'वेलकम' वाला रहेगा, लेकिन प्रस्तुति और पैमाना पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। अक्षय पूरी तरह फ्रंट फुट पर नजर आएंगे। इस बार एक्शन और कॉमेडी दोनों है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com